✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 133 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पीएम नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया

# भाजपा चुनाव समिति की बैठक में 110 सीटों के लिए संभावित उम्मीदवारों की सूची पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव का एलान होते ही पार्टियों में भी उम्मीदवारों के नामों का एलान करने का प्रेशर बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को बिहार की राजधानी पटना में बिहार भाजपा के नेताओं की 4 घंटे लंबी मैराथन बैठक हुई। इस बैठक में बिहार बीजेपी के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, सह प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य, बिहार बीजेपी प्रभारी विनोद तावड़े, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल और दोनों डिप्टी सीएम समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक बैठक में 110 सीटों पर संभावित उम्मीदवारों की सूची पर मंथन हुआ। अब यह सूची केंद्रीय संसदीय बोर्ड को भेजी जाएगी जहां नामों पर अंतिम मुहर लगना है। चुनाव समिति की ये बैठक चार घंटे से अधिक देर तक चली। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर किसी भी तरह की दिक्कत नहीं है। 14 नवंबर को बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। वहीं, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए पूरी तरह से मजबूत और एकजूट है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि पार्टी लगातार दूसरे दिन भी बैठक में गहन विचार-विमर्श करती रही। आज बीजेपी कार्यालय में चुनाव समिति की बैठक लगातार दूसरे दिन चली। इस बैठक में सभी सदस्यों ने सुझाव दिया कि हर विधानसभा हमारा उम्मीदवार इतना मजबूत हो कि वह हर हाल में अपनी जीतने में सफल हो। सीट शेयरिंग पर बात अंतिम चरण में है। अगले 24 से 48 घंटे में सारी बात हो जाएगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि हर पार्टी चुनाव से पहले बैठक कर गहन विचार-विमर्श करती है। वहीं बैठक में शामिल होने से पहले केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि इस चुनाव में एनडीए पूरी तरह से तैयार है। घटक दलों के सभी नेता और कार्यकर्ता दिन रात जनता की सेवा में लगे हैं। इधर, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही इस बार भी चुनाव लड़ा जा रहा है। सीट बंटवारे का फॉर्मूला भी जल्द तय हो जाएगा। मालूम हो कि भाजपा 2020 में 110 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इससे पहले भी बीजेपी चुनाव समिति की बैठक दो दिन चली थी जिसमें सीटिंग सीटों पर चर्चा हुई थी।



# कांग्रेस ने फाइनल कर ली 25 उम्मीदवारों की सूची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले विपक्षी महागठबंधन में सीट बंटवारा होने से पहले कांग्रेस ने 25 कैंडिडेट की लिस्ट फाइनल कर ली है। बुधवार को कांग्रेस चुनाव समिति की दिल्ली में बैठक में उम्मीदवारों को टिकट की पहली सूची बन गई है। सूत्रों का कहना है कि सीट शेयरिंग में देरी को देखते हुए कांग्रेस पहले चरण के लिए लिस्ट रेडी रखने की तैयारी में है ताकि सीट बंटवारे के ऐलान के बाद फटाफट सूची जारी हो सके। सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने उन 25 सीटों पर कैंडिडेट फाइनल किया है, जिन पर राजद और दूसरे सहयोगी दलों की तरफ से कोई आपत्ति या डिमांड नहीं है। दो दिन बाद 10 अक्टूबर से पहले चरण के चुनाव वाली सीटों पर नामांकन शुरू हो रहा है। कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी समेत कई नेता ऑनलाइन जुड़े जबकि कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, मदन मोहन झा, शकील अहमद खान वगैरह बैठक में मौजूद रहे। कांग्रेस पार्टी शुरुआत में तो 2020 में लड़ी 70 से भी ज्यादा सीटों की मांग कर रही थी लेकिन तेजस्वी यादव ने 2020 में हार के लिए कांग्रेस के स्ट्राइक रेट को मसला बना दिया। माना जा रहा है कि कांग्रेस को 50 से अधिक और 60 तक सीट मिल सकती है। राहुल के बिहार दौरों और यात्रा ने पार्टी का मनोबल बढ़ाया है, जिसका दबाव तेजस्वी पर है। महागठबंधन में पहले से राजद, कांग्रेस के अलावा सीपीआई-माले, सीपीआई, सीपीएम और मुकेश सहनी की वीआईपी कुल छह पार्टियां हैं। इसमें पशुपति पारस की रालोजपा और हेमंत सोरेन की झामुमो के भी आने की बात है। सारे दलों के नेता सीटों की दावेदारी बढ़ा-चढ़ाकर कर रहे हैं ताकि मोल-भाव में सीट झटकने में मदद मिले। लेफ्ट के तीनों दल 2020 से ज्यादा सीटें मांग रहे हैं। 60 सीट से बात शुरू करने वाले मुकेश सहनी अब 30 पर आ गए हैं। राजद 144 सीट लड़ी थी, इसलिए यह तय है कि पुराने और नए साथियों के लिए जगह बनाने में सबसे ज्यादा सीट उसे ही छोड़नी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस विधायक मुरारी गौतम का इस्तीफा मंजूर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस विधायक मुरारी प्रसाद गौतम का इस्तीफा विधानसभा स्पीकर ने बुधवार को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने 6 अक्टूबर को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था। मुरारी गौतम बिहार के रोहतास जिले की चेनारी सीट से बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में कांग्रेस के टिकट पर चुनकर आए थे। 2022 में महागठबंधन सरकार बनने के बाद वह कांग्रेस कोटे से मंत्री भी थे। फरवरी 2024 में जब महागठबंधन सरकार गिरी और एनडीए ने दोबारा सरकार बनाई तो फ्लोर टेस्ट के दौरान वह सत्तापक्ष, यानी के नीतीश साथ चले आए थे।

### यूनियन बैंक में निजी कर्मी ने की आत्महत्या

**लखीसराय(नबिटा ब्यूरो)।** यूनियन बैंक की शाखा में सफाई कर्मचारी ने बुधवार सुबह फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान लोदीया गांव निवासी सुरेंद्र कुमार उर्फ निक्कू के रूप में हुई है। निक्कू यूनियन बैंक में निजी कर्मचारी के तौर पर कार्यरत था। बुधवार सुबह वह बैंक की चाबी लेकर पहुंचा था। कुछ देर बाद जब अन्य कर्मचारी बैंक पहुंचे। मेन गेट अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। आशंका होने पर कर्मचारियों ने दरवाजा तोड़ा। अंदर निक्कू का शव पंखे से लटका हुआ मिला।

### पटना एयरपोर्ट के पास से संदिग्ध महिला गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को सुरक्षा जांच के दौरान एक संदिग्ध महिला को सीआईएसएफ के जवानों ने पकड़ा। बताया जा रहा है कि यह महिला बीते तीन दिनों से एयरपोर्ट परिसर के अलग-अलग हिस्सों में घूमती हुई देखी जा रही थी। उसकी गतिविधियां असामान्य लगने पर सुरक्षा बलों ने निगरानी बढ़ाई और आज उसे रोक लिया गया। तलाशी के दौरान महिला के पास से तीन मोबाइल फोन, माचिस की डिब्बी, पूजा से जुड़ी चीजें और एक छोटी गुड़िया बरामद हुई है।

### अधिवक्ता के घर से हथियार व कैश बरामद

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पिछले साल एक-47 मिलने वाले मामले के संदर्भ में एनआइए ने हाजीपुर में बुधवार को एक बार फिर छापेमारी की। बताया गया कि 2024 के दिसंबर महीने में भी एनआइए की टीम हाजीपुर के नगर थाना क्षेत्र के एसडीओ रोड पर एक अधिवक्ता के घर छापेमारी कर चुकी थी, लेकिन उस दौरान कुछ भी बरामद नहीं हुआ था। इस बार की छापेमारी में एनआइए की टीम को सरकारी हथियार, गोलियां, पिस्टल और कैश बरामद हुआ है। छापेमारी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। एनआईए की टीम दो गाड़ियों में सवार होकर पहुंची थी और स्थानीय पुलिस को भी अपने साथ लेकर आई थी।

# भाकपा माले विधायक मनोज मंजिल की उम्रकैद की सजा बरकरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने भोजपुर जिले के चर्चित अपहरण और हत्याकांड में सीपीआई (माले) के पूर्व विधायक मनोज मंजिल सहित 23 आरोपियों को बड़ी राहत देने से इंकार कर दिया है। अदालत ने सभी की ओर से दायर आपराधिक अपीलों को खारिज करते हुए आरा सिविल कोर्ट के एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा दी गई उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। साथ ही, सभी 23 दोषियों को एक सप्ताह के भीतर आरा कोर्ट में आत्मसर्पण करने का आदेश दिया है। फिलहाल जमानत पर चल रहे सभी आरोपियों की जमानत रद्द कर दी गई है। यह फैसला जस्टिस राजीव रंजन प्रसाद और जस्टिस अजीत कुमार की खंडपीठ ने सुनाया। कोर्ट ने 72 पन्नों के अपने विस्तृत आदेश में कहा कि निचली अदालत ने सबूतों और गवाहों के आधार पर सही तरीके से दोष सिद्ध किया है। मामला वर्ष 2015 के अजीमाबाद थाना कांड संख्या 51/2015 से जुड़ा है। इस कंाड में सूचक चंदन सिंह ने अपने पिता जेपी सिंह के अपहरण और हत्या का आरोप लगाया था। प्राथमिकी के अनुसार, पार्टी की आमसभा से लौटने के दौरान अभियुक्तों ने जातिगत द्वेष के कारण जेपी सिंह को पकड़ लिया और लाठी-डंडे, ईंट पत्थर से हमला कर उनकी हत्या कर दी थी। इसके बाद शव को लेकर फरार हो गए थे, जिसे बाद में पुलिस ने बरामद किया था। इस मामले में आरा सिविल कोर्ट के एमपी एमएलए कोर्ट ने गत 13 फरवरी 2024 को सभी 23 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अब हाईकोर्ट के फैसले के बाद इन सभी का जेल जाना तय माना जा रहा है।

# धनकुबेर इंजीनियर के कई ठिकानों पर छापा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के एक और धनकुबेर इंजीनियर के ठिकानों पर रेड पड़ी है। विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) ने भवन निर्माण विभाग के दरभंगा प्रमंडल में बिजली कार्यपालक अभियंता के पद पर तैनात प्रणव कुमार के ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति मामले में छापेमारी की है। यह छापेमारी भागलपुर, पटना एवं दरभंगा स्थित उनके कार्यालय एवं आवास पर हुई है। प्रणव कुमार वर्तमान में भागलपुर और मुजफ्फरपुर के विद्युत कार्यपालक अभियंता के अतिरिक्त प्रभार में भी हैं। इन्होंने वर्ष 2014 में नौकरी प्रारंभ की थी। प्रथम दृष्टया जांच के क्रम में इनके विरुद्ध 1.59 करोड़ का अप्रत्यानुपिक संपत्ति (डीए) अर्जित करने का साक्ष्य पाया गया है। इनके विरुद्ध विशेष निगरानी इकाई थाना कांड संख्या 22 /25 दर्जकी गई है। आरोपी भवन निर्माण विभाग से जुड़े इंजीनियर हैं। भवन निर्माण विभाग की विद्युत इकाई में कार्यरत कार्यपालक अभियंता प्रणव कुमार के दरभंगा में स्थित एक ठिकाने पर भी छापेमारी हुई है। यहां लहेरियासराय थाने की हाउसिंग कॉलोनी स्थित किराए के मकान पर बुधवार की सुबह विशेष विजिलेंस इकाई की टीम ने धावा बोल दिया। सूत्रों के अनुसार टीम को कुछ दस्तावेज सहित नकदी और कई अहम सामग्री मिलने की बात कही जा रही है। टीम कार्यपालक अभियंता से सघन पूछताछ कर रही है। छापेमारी कर रही टीम विभाग के दो अन्य कर्मियों से भी पूछताछ कर रही है। विजिलेंस विभाग के सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर की गई है। विजिलेंस अधिकारी ने जांच पूरी होने के बाद जानकारी देने की बात कही है। बताया जाता है कि प्रणव कुमार दरभंगा सहित कई जिलों के प्रभार में हैं। उनके खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में विशेष निगरानी इकाई में शिकायत की गई थी। जांच करने आये अधिकारी ने बताया कि विशेष निगरानी इकाई की ओर से छापेमारी की जा रही है। विभाग के अभियंता प्रणव कुमार से पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद पूरी जानकारी दी जाएगी।



# रफीगंज प्रखंड प्रमुख स्नेहा सिंह पद से बर्खास्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग ने औरंगाबाद जिले के रफीगंज की प्रखंड प्रमुख स्नेहा सिंह को पद से बर्खास्त कर दिया है। विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि स्नेहा सिंह ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए भ्रष्ट आचरण अपनाया। बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 44(4) के तहत की गई कार्रवाई में उन्हें न केवल प्रमुख पद से पदमुक्त किया गया है, बल्कि आगामी पांच वर्षों तक किसी भी पंचायत निकाय के चुनाव में उम्मीदवार बनने की पात्रता से भी वंचित कर दिया गया है। यह कार्रवाई लोक प्रहरी-सह-प्रमंडलीय आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया की अनुशंसा पर की गई है। मामला लोक प्रहरी वाद संख्या-13/2024, ईश्वर कुमार एवं अन्य बनाम स्नेहा सिंह, प्रमुख रफीगंज, औरंगाबाद से संबंधित है। आयुक्त ने

## पांच वर्षों तक चुनाव लड़ने पर रोक

विस्तृत जांच और सुनवाई के बाद पाया कि स्नेहा सिंह ने योजनाओं से जुड़ी सरकारी राशि के दुरुपयोग में सक्रिय भूमिका निभाई। आदेश में उल्लेख है कि 15वीं वित्त आयोग मद से प्राप्त राशि के क्रियान्वयन में दिशा-निर्देशों की अवहेलना करते हुए मजदूरी मद की राशि सीधे मजदूरों के बैंक खातों में नहीं भेजी गई, बल्कि योजना अभिकर्ताओं और अन्य व्यक्तियों के खातों में अंतरित की गई। जांच में यह भी पाया गया कि कुछ योजनाओं में बिना कार्य कराए धनराशि की निकासी की गई। जिला पंचायत राज पदाधिकारी, औरंगाबाद की रिपोर्ट और अभिकर्ताओं के लिखित बयानों में यह तथ्य सामने आया कि कई योजना अभिकर्ताओं द्वारा बड़ी धनराशि स्नेहा सिंह के निजी बैंक खाते में ट्रांसफर की गई। रिपोर्ट में इस बात की भी पुष्टि हुई कि उनके पति अमित कुमार सिंह की भी इस लेन-देन में सहभागिता रही। साथ ही, प्रखंड प्रमुख द्वारा पंचायत समिति की नियमित बैठकों का आयोजन नहीं किया गया, जो बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 46(1) और कार्य संचालन नियमावली, 2015 के प्रावधानों का उल्लंघन है। सभी पक्षों की दलीलों, साक्ष्यों और लोक प्रहरी की अनुशंसा पर विचार के बाद आयुक्त ने माना कि यह मामला सुनियोजित वित्तीय अनियमितता और पदीय आचरण के उल्लंघन का है। इसके आलोक में पंचायती राज विभाग ने स्नेहा सिंह को पद से हटाने और पांच वर्षों के लिए अयोग्य घोषित करने का आदेश जारी किया। आदेश पर राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त है।

# 20 हजार रुपये घूस लेते विपत्र लिपिक गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के विश्वेश्वरैया भवन सचिवालय कोषागार में विपत्र लिपिक के रूप में कार्यरत डाटा इंट्री ऑपरेटर मनोज कुमार को 20 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया गया है। निगरानी की टीम ने बुधवार को विपत्र लिपिक को उसके कार्यालय से पकड़ा है। निगरानी ब्यूरो के मुताबिक विपत्र लिपिक के खिलाफ रामकृष्णानगर निवासी सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता योधन चौधरी ने निगरानी में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि बकाया पेंशन राशि के भुगतान के एवज में आरोपित रिश्वत मांग रहा था। अधीक्षण अभियंता की शिकायत का सत्यापन कराया गया। इसके बाद विपत्र लिपिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की गई। आरोपित को उसके कार्यालय कक्ष से 20 हजार रुपये घूस लेते पकड़ा गया है। उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के गायघाट प्रखंड के बेनीबाद थाना क्षेत्र में देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा एनएच-27 पर पिरौंधा गांव के पास हुआ। बताया जा रहा है कि एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान मो. हुसैन (35 वर्ष) और उनके बेटे मो. रेहान (13 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों बेनीबाद से अपने घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें रौंद दिया और चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुजफ्फरपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक मो. हुसैन की बेनीबाद में टेलरिंग की दुकान थी। वह देर रात दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दरभंगा जिले के रहने वाले थे और कई वर्षों से मुजफ्फरपुर के बेनीबाद थाना क्षेत्र में रह रहे थे। इस पूरे मामले पर बेनीबाद थाना प्रभारी साकेत सार्दुल ने बताया कि देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मारी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। मृतक आपस में पिता और पुत्र थे।

# भोजपुरी फिल्म अभिनंता पवन सिंह को वाई श्रेणी सुरक्षा

**नई दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह को 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। खुफिया रिपोर्टों में उन्हें संभावित खतरों का हवाला दिया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा शाखा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्रीय सुरक्षा सूची के तहत वीआईपी सुरक्षा कवर उच्चतम जेड-प्लस (एएसएल) से शुरू होकर जेड-प्लस, जेड, वाई, वाई-प्लस और एक्स तक होता है। 39 वर्षीय सिंह को केंद्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर उच्च स्तरीय सुरक्षा प्रदान की गई है। मंत्रालय ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले उनको संभावित खतरों से संबंधित खुफिया रिपोर्ट को संज्ञान में लिया था। बिहार में उनके आवागमन के दौरान लगभग चार सशस्त्र कमांडो उनकी सुरक्षा करेंगे, जहां 6 नवंबर और 11 नवंबर को दो चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पवन सिंह बीजेपी में वापस आ गए हैं। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी के लिए यह खबर राहत भरी है। पवन सिंह ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर बता दिया कि पह बिहार के विकास के लिए पुराने दल में लौट आए हैं। कयास लगाये जा रहे हैं कि वो शाहबाद इलाके से चुनाव लड़ सकते हैं।

# हर दिन चार चुनावी सभा करेंगे सीएम नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही सभी राजनीतिक दलों ने ताबड़तोड़ चुनावी सभा करने की तैयारी कर ली है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और इंडिया गठबंधन अपने अपने स्टार प्रचारकों की सभाओं पर पूरा फोकस कर रहा है। इस बार पहले चरण में सबसे अधिक चुनावी सभा भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं की होगी। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की 25-25 चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 से अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। खास बात यह है कि पीएम मोदी की चुनावी सभा में सीएम नीतीश कुमार भी अपना संबोधन देंगे। पीएम मोदी की हर तीन में एक सभा उस क्षेत्र में होगी, जहां एनडीए के घटक दलों के उम्मीदवार हैं। वहीं दो सभा भाजपा के उम्मीदवारों के क्षेत्र में होगी। प्रधानमंत्री की सभाओं में मंच पर एनडीए के उम्मीदवारों को भी जगह मिलेगी। जनता दल यूनाईटेड की ओर से सीएम नीतीश कुमार 10 अक्टूबर से अपने चुनावी अभियान पर निकलेंगे। इस दौरान वह हर दिन चार चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वह हेलीकॉप्टर से अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभा करेंगे। कई जगहों पर वह रोड शो भी कर सकते हैं। इधर इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी भी 10 से अधिक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की छह से अधिक चुनावी सभी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की पांच चुनावी सभा होने वाली है। तेजस्वी यादव की चुनावी सभा की घोषणा अब तक नहीं की गई है। संभावना है कि सीट शेयरिंग पर खुलासा होने के बाद अपनी चुनावी सभा की भी घोषणा कर देंगे। बता दें कि पहले चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर, बक्सर जिला में विधानसभा चुनाव होना है।





# नदौल चेकिंग प्वाइंट पर 1.86 करोड़ का गांजा जब्त

## ट्रक में छिपा कर ले जाया जा रहा था गांजा, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर पटना जिला के सीमा समेत कई जगहों पर चेकिंग पॉइंट बनाए गए हैं और लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है, ऐसे में बुधवार की तड़के सुबह तकरीबन 9:30 बजे नदौल चेकिंग पॉइंट पर एक सूखा हुआ नारियल से भरे हुए ट्रक की जांच की गई जहां पर 12 बोरे में भरे हुए 372.190 किलो गांजा को जब्त किया गया है। सघन तलाशी के दौरान जांच पड़ताल में देखा गया कि सूखे हुए नारियल के निचे में गांजा को छुपा कर ले जाया जा रहा था। मौके पर ट्रक को जब्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार युवकों में लक्ष्मण कुमार पिता धर्मनाथ राय, बाबू भरोसी राय टोला अथमलगोला पटना एवं दूसरा गुड्डू कुमार पिता रविंद्र राय लहरिया टोला अथमलगोला का रहने वाला है, बताया जाता है कि कोलकाता से यह ट्रक पटना डिलीवरी करने जाना था। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने स्थानीय थाना को सूचना देते हुए पूरी कार्रवाई में जुट गये है। सूचना मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, थानाध्यक्ष अनिल कुमार भी मौके पर पहुंच कर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गये हैं। जब्त गांजे की कीमत तकरीबन एक करोड़ 86 लाख बताई जा रहे हैं। दरअसल बाजार में 50 हजार किलो कीमत इसकी बताई जा रही है। ऐसे में 12 बोरे में जब्त 372.190 किलो गांजा जब्त की गई है। चुनाव के दौरान यह एक बड़ी कार्रवाई और पुलिस के लिए एक बडी सफलता हाथ लगी है। इसके पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है।

## महिला शिक्षक का एटीएम कार्ड बदलकर 75000 की निकासी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एटीएम से अगर पैसा निकासी करने जा रहे हैं तो सावधान रहिए क्योंकि कई लोगमदद करने के नाम पर एटीएम बदलकर पैसा निकासी कर ले रहे हैं। ऐसा ही मामला मसौढी मेन रोड स्थित यूको बैंक के एटीएम से पैसा निकासी करने गये शिक्षिका कंचन कुमारी पिता भगवान प्रसाद सिरी पर के साथ घटी है जहां एटीएम से पैसा निकालने के दौरान एटीएम फंस गया था और उसी दौरान मदद करने के लिए दो युवक आए और उसी में एटीएम बदल दिए हैं। उसके बाद मसौढी के विभिन्न एटीएम मे जाकर 75000 की निकासी कर ली। जब महिला को ठगी का अहसास हुआ तो मसौढी थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। वहीं बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा के नेत्री आशा किरण सिंह, शोभा देवी समेत महिलाओं ने प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिसिया कार्रवाई नहीं होते देखा कार्रवाई तेज करने की मांग की है।

# मसौढ़ी एवं धनरूआ में केंद्रीय पुलिस बलों ने किया एरिया डोमिनेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को भय मुक्त माहौल में शांति एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने को लेकर लगातार विभिन्न थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ पुलिस फोर्स और स्थानीय थाना फोर्स के संयुक्त कार्रवाई से एरिया डोमिनेशन व फ्लैग मार्च किया जा रहा है। बुधवार को मसौढी थाना में एएसपी कोमल मीणा एवं थानाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में और धनरूआ में थानाध्यक्ष आलोक कुमार के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर केंद्रीय पुलिस फोर्स और स्थानीय थाना की पुलिस के द्वारा एरिया डोमिनेशन करते हुए स्थानीय मतदाताओं को भय मुक्त माहौल में वोटिंग करने की अपील की गई है। इसके साथ ही उन्होंने मतदाताओं से भी अपील की है की शांतिपूर्वक लोकतंत्र के इस महापर्व चुनाव में अपने मत का प्रयोग करें, किसी के बहकावे में ना आए और ना ही किसी के दबाव में आकर डरे। अगर कोई वोट डालने में किसी भी तरह की कोई परेशानी कर रहा हो एवं भय का माहौल बना रहा हो तो स्थानीय पुलिस प्रशासन से सूचित करें, और सहयोग लें और गुप्त रूप से सूचना भी दें ताकि समय रहते उसे पर कार्रवाई की जा सके। एरिया डोमिनेशन के दौरान असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी गई कि अगर कोई असामाजिक तत्व चुनाव के माहौल बिगड़ने की कोशिश की तो उसको बख्शा नहीं जाएगा, कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मसौढ़ी में एरिया डोमिनेशन के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने कई मोहल्ले में मतदाताओं से भयमुक्त माहौल में वोटिंग करने की अपील की, थाना से निकलकर रजिस्ट्री ऑफिस रोड, गांधी मैदान रहमतगंज, स्टेशन रोड, मेंन रोड मालिकाना, संगत पर, कर्पूरी चौक आदि जगहों पर एरिया डोमिनेशन किया गया।

# अनुमंडल कार्यालय में होगा नामांकन, तैयारी में जुटा प्रशासन

## सिंगल विंडो सिस्टम एवं नामांकन हेल्प डेस्क शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** आगामी 10 अक्टूबर से विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन की शुरुआत होनी है जिसको लेकर मसौढी अनुमंडल कार्यालय मे नामंकन कक्ष बनाया गया है। जहां नामांकन की तैयारी में प्रशासन जुटा है। ऐसे में अनुमंडल कार्यालय के बाहर बेरीकेडिंग कराई जा रही है। शुक्रवार यानी 10 अक्टूबर से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जो 17 अक्टूबर तक सुबह 11:00 से 3:00 तक होगा। वही 18 अक्टूबर को संवीक्षा, 20 अक्टूबर को नाम वापसी और 6 नवंबर को मतदान की तिथि निर्धारित कर दी गई है। नामांकन के दौरान सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रहेगी। एसडीएम ने बताया कि चुनाव में उम्मीदवारों की सहूलियत के लिए अनुमंडल कार्यालय में सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था की गई है। सिंगल विंडो व्यवस्था में एक ही काउंटर से सभा, वाहन सहित चुनाव के संबंधित अन्य कार्यों के लिए आवेदन लिये जाएंगे। अनुमंडल कार्यालय में बने नामांकन हेल्प डेस्क के नोडल पदाधिकारी सीडीपीओ एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को बनाया गया है, जबकि सिंगल विंडो सिस्टम के नोडल पदाधिकारी सहायक जिला पूर्ति पदाधिकारी रंजीत कुमार राणा को बनाया गया है।

# निर्वाचन कार्य को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बक्सर।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. विद्यानंद सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक बक्सर, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रत्येक कोषांग की जिम्मेदारियों और अब तक की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी कोषांग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए निर्वाचन को सुव्यवस्थित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में ठोस प्रयास करें।बैठक में जिन कोषांगों की समीक्षा की गई, उनमें प्रमुख रूप से आदर्श आचार संहिता कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, मतदाता जागरूकता कोषांग, कानून-व्यवस्था एवं संवेदनशील क्षेत्र चिह्नांकन कोषांग, सुरक्षा कोषांग, आई.टी. एवं संचार कोषांग, परिवहन कोषांग, सामग्री वितरण एवं संकलन कोषांग, मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी कोषांग शामिल थे। डॉ. विद्यानंद सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्य एक संवैधानिक जिम्मेदारी है। मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्यों को समयसीमा के भीतर एवं गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन की जानकारी दी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं उप निर्वाचन पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराते हुए कोषांगों से अपेक्षित सहयोग पर बल दिया।

अंत में, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि जिले में चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# अपराध की योजना बना रहे दो युवकों को पुलिस ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही पुलिस अलर्ट मोड में है और लगातार अपराधियों के विरुद्ध छापेमारी कर रही है, वहीं चुनाव को शांति और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने को लेकर ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां भी की जा रही है। ऐसे में बुधवार की दोपहर में भगवानगंज थाना क्षेत्र के देवरिया मोड़ के पास चेकिंग अभियान के दौरान स्कूटी पर सवार दो युवकों को दो देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस के साथ दबोचा गया है। गिरफ्तार युवकों में कुणाल कुमार पिता गौतम कुमार खनपुरा, दूसरा यीशु कुमार पिता राजेश राम खैनिया को देवरिया मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों के पास दो देसी कट्टा और दो कारतूस को जप्त किया गया है। इस पूरे मामले में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिक शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते हुए कहा है कि चुनाव के मद्देनजर सभी थाना के पुलिस के द्वारा तबातोड़ छापेमारी की जा रही है। जहां फरार चल रहे वारंटी एवं जेल से हाल ही में छूटे हुए अपराधियों पर नजर रखी जा रही है। इसी दौरान भगवानगंज पुलिस के द्वारा अपराध की योजना बना रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। इसके आपराधिक इतिहास को खंगाल जा रहा है, इसके साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि इसके पास देसी कट्टा कारतूस कहां से आया और यह कौन सा योजना बना रहे थे, प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्वी सिटी एसपी परिचय कुमार, भगवाननाथ थानाध्यक्ष सुजीत कुमार एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# सेक्टर मजिस्ट्रेटों को बूथों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता मे बुधवार को मसौढ़ी अनुमंडल कार्यालय मे मसौढी विधानसभा के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ अहम बैठक की गई। बैठक में चुनाव संबंधी आवश्यक जानकारियां दी तथा उन्हें कई टास्क भी दिए। जानकारी के अनुसार एसडीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को सभी बूथों का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। एसडीएम ने कहा कि बूथों पर बिजली, शौचालय, पेयजल, पहुंच पथ, रैंप आदि की जांच कर इसका रिपोर्ट देना है। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने अपने क्षेत्र के गांवों में जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। इस दौरान कमजोर, दलित व गरीब तबके के बीच सबसे अधिक जागरूकता फैलाने का निर्देश एसडीएम ने दिया। एसडीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर नजर बनाने को कहा तथा कहा कि जहां भी लगे कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है उसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों तथा पुलिस को दे। इसके अलावे सेक्टर मजिस्ट्रेटों को इस बार वैसे लोगों को भी चिन्हित करना है जो चुनाव में गड़बड़ी कर सकते है या अशांति फैला सकते है। इसके लिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को बैठक में विशेष निर्देश दिया गया। इसके अलावे भी बैठक में कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा प्रगति रिपोर्ट जिला में भेजने को कहा गया है। मौके पर अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार,बीडीओ प्रभाकर कुमार, सीडीपीओ अनिता कुमारी समेत सभी सेक्टर पदाधिकारी शामिल रहे।

# वोट जैसा कुछ नहीं वोट डालेंगे हम, नारों के साथ किया गया लोगों को जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** पहले मतदान फिर जलपान, वोट जैसा कुछ नहीं वोट डालेंगे हम आदि नारों के साथ बाल विकास परियोजना मसौढ़ी के द्वारा गांव-गांव में स्वीप के जरिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को वोट के प्रति उन्हें जागरूक किया जा रहा है और वोट डालने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। दरअसल विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर मसौढ़ी में लगातार मतदाताओं के बीच गांव-गांव जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया की मसौढ़ी के कई क्षेत्रों में लगातार विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र पर रंगोली चित्रकला मेहंदी बैनर पोस्टर पंपलेट आदि के जरिए उन सबों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्र पर चलाए जा रहे विभिन्न गतिविधियों के दौरान भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया कि भगवानगंज क्षेत्र के कई केदो पर भी यह जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है।

# विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** प्रखंड क्षेत्र मे बुधवार को विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस द्वारा असपुरा नहर लख पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की सघन जांच अभियान चलाई गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर वरीय पुलिस निरीक्षक के निर्देश पर एन एच 139 खोरैठा गोलंबर, असपुरा लख सहित विभिन्न स्थानों पर एसआई गुड़िया कुमारी सहित पुलिस बल के द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया है।

## अवैध बालू घाटों से वाहन जब्त

**बिक्रम।** रानीतालाब एवं बिक्रम थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 2 पंकज कुमार एवं जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में अवैध बालू खनन के विरुद्ध अभियान चलाया गया। रानी तालाब एवं बिक्रम थाना के विभिन्न बालू घाटों से बालू की धुलाई कर रहे पांच ट्रैक्टर एवं एक हाइवा जब्त किए गए हैं। खनन विभाग द्वारा गाड़ी मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीएसपी 2 ने बताया कि अवैध बालू खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# मन की बात : दैनिक मानसिक फिटनेस के लिए मार्गदर्शन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारीशरीफ।** जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटना में बुधवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर एक विशेष स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया गया. ल्मन की बातः दैनिक मानसिक फिटनेस के लिए आपका मार्गदर्शन शीर्षक से आयोजित इस सत्र का उद्देश्य लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और रोजमर्रा की मानसिक तंदुरुस्ती बनाए रखने के तरीकों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन अस्पताल के भूतल स्थित स्वास्थ्य कियोस्क पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में चिकित्सकों, पैरामेडिकल कर्मियों और आम नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर डा. रवि शंकर सिंह, चिकित्सा निदेशक, जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने कहा कि आज की तेज़ जीवनशैली में मानसिक संतुलन बनाए रखना शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही आवश्यक है। तनाव, चिंता या अवसाद जैसी स्थितियों को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए, बल्कि समय रहते उनकी पहचान और उचित प्रबंधन जरूरी है। वहीं डा. रविकांत कुमार ने प्रतिभागियों को मानसिक तंदुरुस्ती से जुड़े व्यवहारिक सुझाव दिए और कहा कि दिन में कुछ समय अपने लिए निकालना, पर्याप्त नींद लेना, ध्यान लगाना और सकारात्मक सोच बनाए रखना मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम में श्री नीरज (पीपीपी कार्यक्रम) और प्रदीप खेतान (लायंस क्लब) ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और मेदांता की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अस्पताल प्रबंधन ने भविष्य में भी इस प्रकार के संवादात्मक सत्र नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया, ताकि लोग मानसिक और भावनात्मक रूप से अधिक सशक्त बन सकें।

# जागरूकता : मम्मी-पापा वोट जरुर डालना ....

## उ0 मध्य विद्यालय भदौरा में बच्चों ने मम्मी-पापा के नाम लिखा पत्र

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** लोकतंत्र के महापर्व चुनाव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। प्रथम चरण में मसौढ़ी विधानसभा में 6 नवंबर को मतदान होना है, ऐसे में एक तरफ जहां प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर चल रही है, वहीं जगह-जगह पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में मसौढ़ी उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदौरा में स्कूल के बच्चे अपनी मम्मी पापा के नाम पर पत्र लिख रहे हैं और मम्मी पापा को वोट डालने के प्रति प्रेरित कर रहे हैं। सरकारी स्कूल के बच्चे अपने पापा के लिए पत्र में लिख रहे हैं कि मेरे प्यारे पापा मतदान के दिन सारे काम छोड़कर वोट जरूर डालने जाईयेगा.. आपकी प्यारी बेटी, इस तरह का पत्र लिखकर मतदाताओं को प्रेरित करने का कार्यक्रम किया जा रहा है। प्रधानाध्यापक मंजर शादाब ने बताया स्वीप कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को रंगोली प्रतियोगिता, बैनर पोस्टर के जरिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ सके बढ़-चढ़कर के लोग लोकतंत्र के महापर्व में वोटिंग कर सकें उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदौरा के आठवीं कक्षा की मंचल कुमारी, गुड़िया कुमारी, सातवीं कक्षा के सुप्रिया कुमारी, रीना कुमारी, छठी कक्षा के रुपाली कुमारी कोमल कुमारी एवं अनिश राज ने अपनी मम्मी पापा के नाम पर पत्र लिख रहे है। बहरहाल प्रधानाध्यापक मोहम्मद मंजर शादाब ने कहा कि पत्र लिखकर अपने मम्मी पापा को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है यह पहल से पूरे गांव के लोगों में आकर्षित कर रहा है। गौरतलब है की मसौढ़ी विधानसभा में 443 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां पर 3,25464 मतदाता वोट करेंगे। मौके पर स्कूल शिक्षक शहनाज बानो समेत सभी शिक्षक शामिल रहे।

# लहसुना पुलिस ने 30 लीटर देसी शराब व 2000 लीटर जावा महुआ किया नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान होते ही ताबड़तोड़ सभी थानों की पुलिस सबसे पहले शराब भट्ठियों को ध्वस्त करने में जुट गई है, ताकि चुनाव से पहले शांति व्यवस्था कायम की जा सके। ऐसे में बुधवार को लहसुना थाना क्षेत्र के नियामतपुर गांव में लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातुन के नेतृत्व में कई जगहों पर ऑपरेशन देसी शराब का अभियान चलाकर दर्जनों भठ्ठीयां तोड़ी गई है। इस दौरान 30 लीटर देसी शराब एवं 2000 जावा महुआ को नष्ट किया गया है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि चुनाव तक यह अभियान निरंतर चलते रहेगा, इसके अलावा केद्रीय पुलिस फोर्स के द्वारा फरार अपराधियों के घर पर छापेमारी भी की जा रही है। वाहन चेकिंग चलाए जा रहे हैं इसके अलावा लगातार गश्ती को बढ़ा दी गई है। कई जगहों पर चेकिंग प्वाइंट से जांच अभियान चलाई जा रही है। ऑपरेशन देसी शराब को लेकर शराब माफियाओं के बीच हड़कंप मची है।

# महागठबंधन की सरकार बनने पर सबसे पहले बेरोजगारी को दूर किया जाएगा : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने पर सबसे पहले बेरोजगारी को दूर किया जाएगा और हर एक व्यक्ति को नौकरी एवं रोजगार दी जाएगी।




उन्होंने बुधवार को जिले के गोराडीह में महागठबंधन की ओर से आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में डबल इंजन की एनडीए सरकार का खात्मा होगा और महागठबंधन की सरकार बनेगी। प्रदेश की जनता निर्णय ले चुकी है। हमारी सरकार बनने के बाद बेरोजगारी खत्म हो जाएगी। हर घर में एक व्यक्ति को नौकरी और रोजगार दी जाएगी। श्री यादव ने कहा कि जब मैं 17 महीने नीतीश सरकार में था तो 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का काम किया। उस समय जब मैं 10 लाख रोजगार की बात करता था तो मुख्यमंत्री पालटू चाचा यह कहते थे कि 10 लाख लोगों को तेजस्वी यादव पैसा अपने बाप के घर से देगा, लेकिन नीतीश चाचा के साथ रहते हुए मैंने उनके हाथों से लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिलवाया। प्रतिपक्ष के नेता ने कहा कि अब बिहार में दवाई, सिंचाई, पढ़ाई और कार्रवाई वाली सरकार बनेगी। भ्रष्टाचार, अपराध और अधिकारियों की मनमानी खत्म होगी। प्रदेश की जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। प्रदेश से पलायन को रोकने के लिए उधोग धंधे और रोजगार के संसाधन स्थापित किये जाएंगे।

उन्होंने भागलपुर के बहुचर्चित सृजन घोटाले की चर्चा करते हुए कहा कि इस घोटाले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दोषी अधिकारी और नेता छुट्टे घुम रहे हैं। इसके अलावा बिहार में 70 हजार करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया है। यह बात मैं नहीं, कैग की रिपोर्ट कह रही है, लेकिन राज्य सरकार इस मामले में चुप्पी साधे हुए है। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में हर तरफ भ्रष्टाचार, हत्या, अपराध और अपहरण का बोलबाला है। पुलिस अपराधियों को छोड़कर शराब के पीछे पड़ी हुई है। शराब के मामले में बड़ी संख्या में निर्धन और निचले तबके के लोग जेल में बंद हैं, लेकिन मंत्री और बड़े लोग पुलिस की पकड़ से बाहर हैं क्योंकि उन लोगों को सरकार की ओर से संरक्षण मिला हुआ है। प्रतिपक्ष के नेता ने कहा कि प्रदेश में चुनाव का बिगुल बज चुका है। अब सीबीआई और ईडी खुलकर मैदान में आएगी। प्रधानमंत्री बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। बिहार के बेरोजगार युवाओं को लेकर उनके मुंह से कुछ नहीं निकलता है। वोट बिहारियों का लेते हैं और सारे उधोग धंधे गुजरात में लगाए जा रहे हैं। बिहार के लोग गुजरात के कारखानों में मजदूरी करने जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव के बाद समय बदलने वाला है। बिहार के युवाओं को अपने घर में ही रोजगार मिलेगा और अन्यत्र भटकने नहीं दिया जाएगा। वहीं महिलाओं के लिए माय बहन योजना लागू कर एकमुश्त तीस हजार रुपए उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी। सभा को झारखंड सरकार के मंत्री संजय यादव, विधायक भूदेव चौधरी, राजद के राष्ट्रीय परिषद सदस्य बासुकीनाथ यादव, नीतेश यादव, वरिष्ठ राजद नेता अरुण साह, संभावित गठबंधन प्रत्याशी रजनीश यादव, गौतम बनर्जी आदि ने भी संबोधित किया।

# भाजपा कार्यालय में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

### महर्षि वाल्मीकि के संदेश युगों-युगों तक समाज को मार्गदर्शन देता रहेगा : डॉ. दिलीप जायसवाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल भी शामिल हुए। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपने अमर ग्रंथ रामायण के माध्यम से मानवता, समानता और धर्म के आदर्शों का ऐसा प्रकाश फैलाया जो युगों-युगों तक समाज को मार्गदर्शन देता रहेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनी लेखनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के लिए रामायण की रचना की। इस महाग्रन्थ में उन्होंने न केवल समाज में समानता, मानवता और धर्म को प्रस्तुत किया बल्कि आदर्श परिवार के मानदंडों को भी उद्धृत किया।

इस कार्यक्रम में एडवोकेट जी एस प्रसाद, राजेश रमैया, सहित वाल्मीकि समाज के प्रबुद्ध और गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बी.डी. कॉलेज में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचारों पर विशेष व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना में बुधवार को प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी विचारक लोकनायक जयप्रकाश नारायण के सामाजिक एवं राजनीतिक क्रांति संबंधी विचारों पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज के सभागार में संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों और आमंत्रित अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और लोकनायक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य वक्ता के रूप में पटना विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. रमेंद्र ने जयप्रकाश नारायण के विचारों की




समकालीन प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति केवल राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण की पुकार थी। जातिवाद के उन्मूलन, अंतरजातीय विवाह के प्रोत्साहन और स्त्रीशक्ति के उत्थान जैसे मुद्दों को उन्होंने अपने आंदोलन का मूल आधार बनाया। वक्ता किरण नाथ ने 'महिला चर्खा समिति' के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समिति महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, हस्तकला प्रशिक्षण, ग्राम स्तरीय नेतृत्व विकास और सामाजिक चेतना के प्रसार की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने अपने संबोधन में गांधी दर्शन के जयप्रकाश नारायण पर पड़े गहरे प्रभाव की चर्चा की। उन्होंने कहा कि गांधी की अहिंसा, सत्य और ग्राम स्वराज की अवधारणाओं ने जयप्रकाश के जीवन को दिशा दी। संपूर्ण क्रांति की नींव गांधीवादी विचारधारा पर ही आधारित थी, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रमोद ने जयप्रकाश नारायण को 'एक जीवंत चेतना' बताया जो आज भी युवाओं को सामाजिक न्याय, नैतिक नेतृत्व और जनभागीदारी की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता और सक्रियता का संगम ही संपूर्ण क्रांति की आत्मा है। कार्यक्रम का संचालन दर्शनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार मीणा ने किया, जिन्होंने वक्ताओं के विचारों का सार प्रस्तुत किया और छात्रों को संवाद के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन इतिहास विभाग के डॉ. सिकंदर जमील ने किया।

# राजेश राज बने मगही मगध संघ के राजधानी पटना के संयोजक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मगही मगध नागरिक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस कुमार सिंह ने संघ का विस्तार करते हुये आज खाजेकलॉ पटना में एक बैठक कर युवा समाजसेवी राजेश राज को राजधानी पटना का संयोजक नियुक्त किया है। बैठक को संबोधित करते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा हमलोगों को अपनी मातृभाषा 'मगही' को कभी भी नहीं भुलना चाहिये उपरोक्त संघ अपने स्थापना काल से ही मातृभूमि 'मगध' और मातृभाषा 'मगही' के विकास के लिये देश के पुरानी राजधानी कोलकाता से मुहिम की शुरूआत करते हुये आज बिहार में विस्तार कर रही है इसी क्रम में नई पीढ़ी के युवा सामाजिक कार्यकर्ता राजेश राज जी को मगही भाषियों को संगठित करने के उद्देश्य से



पटना का संयोजक नियुक्ति कर मै बहुत ही खुश हूं कि इनके नेतृत्व में संघ अपने उद्देश्य में जरूर सफल होगा। संघ का मानना है कि नई पीढ़ी के बच्चों में अपनी मात्रभाषा मगही के प्रति रुचि कम है वे लोग इस भाषा को बोलने में शरमाते हैं जबकि ये गलत है अपनी भाषा और संस्कृति को कभी भी नहीं भूलना चाहिए। मौके पर नव नियुक्त सयोजक राजेश राज ने कहा मैं संघ के कार्यो से अवगत हूं। राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस सिंह के नेतृत्व में बहुत ही सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। आज मैं संघ का हिस्सा बनकर बहुत ही गौरवान्वित हूं और जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है उसे निर्वहन करने का तन मन धन से सहयोग करुंगा। इस मौके कर राजु कर्न, बिजय सिंह, उज्ज्वल राज, बिनय सिंह, रितेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# शिक्षिका नीतू शाही को झांसी में मिला 'द बेस्ट टीचर अवॉर्ड-2025'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारी शरीफ।** फुलवारी शरीफ की जानी-मानी शिक्षिका नीतू शाही को झांसी में आयोजित 'द बेस्ट टीचर अवॉर्ड-2025' समारोह में सम्मानित किया गया। झांसी के राजकीय संग्रहालय में 7 अक्टूबर को महेंद्र तिवारी फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस समारोह में देश भर से चुने गए 51 श्रेष्ठ नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक राजू राणा ने नीतू शाही को पुरस्कार प्रदान किया और बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं हाल ही में बिहार गया था और वहां शिक्षा व्यवस्था में हो रहे उल्लेखनीय सुधार को देखकर प्रभावित हुआ हूं। सम्मान मिलने के बाद शिक्षिका नीतू शाही ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे अत्यंत गर्व है कि वीरांगना झांसी की रानी की कर्मभूमि पर यह सम्मान प्राप्त करने का सौभाग्य मिला।

# सीजेआई पर हुए हमले पर नीतीश कुमार, चिराग पासवान और जीतन राम मांझी मौन क्यों : सांसद तनुज पुनिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में लोकसभा सांसद तनुज पूनिया ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। सांसद तनुज पूनिया ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें कलम की ताकत दी थी, आज जब एक दलित उस ताकत का इस्तेमाल कर के देश की सर्वोच्च न्यायिक कुर्सी पर बैठा है तो ये हमें जूते से डरा रहे हैं। आरएसएस-भाजपा मानसिकता से प्रेरित लोग लगातार मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। हम इसकी कठोर निंदा करते हैं। यह जूता भारत की संवैधानिक अस्मिता पर फेंका गया है, बाबा साहेब के



आदर्शों पर मारा गया है और देश के दलितों के आत्मसम्मान पर मारा गया है। शर्मनाक है कि नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी और चिराग पासवान जैसे नेता जो दलितों के वोट से राजनीति में पहुंचे। आज जब एक दलित और वंचित समाज के सर्वोच्च प्रतिनिधि का अपमान हो रहा है। तब ये सब चुप हैं। उनकी यह चुप्पी राजनीतिक नहीं, नैतिक दिवालियापन की निशानी है। सांसद तनुज पूनिया ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से बाबा साहब के विचारधारा कलम के साथ रही है और भाजपा आरएसएस से प्राप्त जूते वाली विचारधारा से संचालित होती रही है। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, ज्ञान रंजन सहित नदीम अख्तर अंसारी, निखिल कुमार मौजूद रहे।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ , अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 9 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए।

# जेपी आंदोलन की विरासत को लेकर बिहार में नई सियासी हलचल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर पटना के होटल बुद्धा इंटरनेशनल में 'सम्पूर्ण क्रांति मंच' ने एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर बिहार डेवलपमेंट अलायंस ने 2025 के विधानसभा चुनाव के लिए अपना रणनीतिक रोडमैप पेश किया। सभा में राजनीतिक दिग्गज, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद और पत्रकार मौजूद रहे। 'सम्पूर्ण क्रांति मंच' के अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह ने कहा कि गठबंधन एनडीए के साथ है, लेकिन जेपी आंदोलन से जुड़े नेताओं को विधानसभा चुनाव में उचित हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें अनसुनी रही तो स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का विकल्प भी खुलेगा। जेपी सेना के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल ने जेपी आंदोलन के आदर्शों–न्याय, पारदर्शिता और जनता के




हित में शासन–को पुनर्जीवित करने का आह्वान किया। जनहित दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशुमन जोशी ने बीडीए की प्राथमिकताओं में रोजगार, औद्योगिक विकास, शिक्षा सुधार, महिलाओं की सुरक्षा और भ्रष्टाचार के खिलाफ नीतियों पर जोर दिया। 'सम्पूर्ण क्रांति मंच' के वरिष्ठ सलाहकार प्रो. देवेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार के युवाओं को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना चाहिए और राज्य में विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज और उद्योग स्थापित कर प्रतिभा को रोका जा सकता है। बीडीए में वर्तमान में जनहित दल, जेपी सेना और सम्पूर्ण क्रांति मंच शामिल हैं। अन्य क्षेत्रीय दलों से बातचीत जारी है। इस दौरान कुछ प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की सूची भी जारी की गई। विश्लेषकों के अनुसार यह आयोजन बिहार की सियासत में नई हलचल का संकेत देता है और अब यह देखना होगा कि बीडीए का रोडमैप मतदाताओं को कितना प्रभावित करता है।

# रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा 44वां इंटर स्कूल लोक नृत्य प्रतियोगिता 11 अक्टूबर को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा आयोजित 44वां इंटर स्कूल लोक नृत्य प्रतियोगिता आगामी रविवार, 11 अक्टूबर को बापू सभागार, पटना में अपार उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित की जाएगी। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संजय भरतिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी भारतीय पौराणिक कथाओं से प्रेरित रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.विजय लक्ष्मी, भा.प्र.से. तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मृत्युंजय तिवारी सीईओ, अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल और नटराज स्टोन के ए.के.पी. सिन्हा एवं रेनु सिन्हा उपस्थित रहेंगे। क्लब सेक्रेटरी रीता अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता तीन श्रेणियों – जूनियर फोक डांस, सीनियर फोक डांस और थीमैटिक डांस में आयोजित की जाएगी। पटना के लगभग 18 विद्यालयों के करीब 800 छात्र-छात्राएं भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपराओं को नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित करेंगे। रोटेरियन वीणा जैन ने कहा कि यह प्रतियोगिता युवा प्रतिभाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति की जीवंतता और रोटरी के आदर्श वाक्य – सेवा से संस्कार की सशक्त अभिव्यक्ति होगी।

### आश्रित परिवार को 4-4 लाख रुपये की दी गयी अनुग्रह अनुदान की राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा विभिन्न अंचल क्षेत्र में आपदा से घटित घटनाओं से मृत व्यक्तियों के उनके निकटतम आश्रित परिवार को अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान संबंधित अंचल अधिकारी के माध्यम से की गई है। कुल तीन (03) आश्रित परिवार को 4-4 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान की राशि भेजी जा रही है जिसमें मानपुर अंचल क्षेत्र के रूपसपुर गांव निवासी मंजू देवी की मृत्यु लू लगने से हुई थी, उनके निकटतम परिजन को 400000 का अनुग्रह अनुदान राशि भुगतान की जा रही है। वजीरगंज अंचल क्षेत्र के भिंडस निवासी निवासी सुरेंद्र मांझी की मृत्यु वज्रपात से हुई थी, उनके निकटतम परिजन को ?400000 का अनुग्रह अनुदान राशि भुगतान की जा रही है।

# जहां होगा अधिकारों का हनन, वहां खड़ा मिलेगा 'द अधिकार फाउंडेशन'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना में बुधवार को एक नए सामाजिक संगठन 'द अधिकार फाउंडेशन' का शुभारंभ किया गया। संगठन का उद्देश्य समाज में अधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय की स्थापना और हर उस व्यक्ति के साथ खड़ा रहना है जिसके अधिकारों का हनन हो रहा है। फाउंडेशन के सूत्रधार मुकुंद कुमार सिंह एवं सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों शिक्षा, समाजसेवा, पत्रकारिता, संस्कृति और युवा संगठनों से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने विचार रखे। दोनों ने कहा कि जहां होगा अधिकारों का हनन, वहां खड़ा मिलेगा द अधिकार फाउंडेशन। बिहार श्रमजीवी




पत्रकार यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने संस्कृत भाषा के पुनर्जीवन पर बल देते हुए कहा कि सरकार को सभी स्कूल और कॉलेजों में संस्कृत की शिक्षा अनिवार्य करनी चाहिए साथ ही नाबालिग बच्चों से जान बूझकर काम करवाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। इस मौके पर अधिवक्ता शिवानन्द गिरी एवं गांधीवादी प्रेम कुमार ने कई अहम सामाजिक और नीतिगत मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। समाजसेवी विनोद कुमार एवं प्रीति पाठक ने कार्यक्रम में रखे गए मुख्य प्रस्तावों में कहा गया कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भाग लेने वाले सभी उम्मीदवार जनता के बीच आकर अपना परिचय दें और जीतने के बाद अपने क्षेत्र के विकास की ठोस योजना साझा करें। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को अश्लीलता मुक्त करने की मांग की गई ताकि समाज में स्वस्थ संवाद का वातावरण बने। डॉ पुरुषोत्तम कुमार एवं डॉ तनवीर अख्तर ने यह भी कहा कि देश में पुरुष अधिकार कानून की सख्त जरूरत है ताकि पुरुषों को भी न्याय मिल सके। इसके अलावा शराबबंदी नीति की सफलता पर सरकार को एक पारदर्शी सर्वे कराना चाहिए और जनता की राय लेकर इसका वास्तविक मूल्यांकन करना चाहिए। प्रिया सिंह एवं आर्यन राज ने यह भी मांग की कि भोजपुरी एल्बम, फिल्मों और कंटेंट क्रिएटरों के लिए सेंसर बोर्ड की व्यवस्था हो ताकि अशोभनीय सामग्री पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही युवाओं के रोजगार से जुड़ी समस्या पर भी जोर देते हुए कहा गया कि सरकार नौकरी के नाम पर युवाओं का शोषण करने वाली बिचौलिया कंपनियों को समाप्त करे और सीधी भर्ती की व्यवस्था सुनिश्चित करे। रणजीत कुमार, राजेश कुमार सोनू,राजेश तिवारी एवं राजू तिवारी ने कहा कि यह संगठन बिना किसी राजनीतिक स्वार्थ के समाज में जागरूकता फैलाने और हर व्यक्ति के अधिकार की रक्षा के लिए समर्पित रहेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे समाज में न्याय, समानता और पारदर्शिता के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे।

# स्वदेशी एवं आर्गेनिक जीवनशैली विषयक व्याख्यान के साथ सीयूएसबी में अहिंसा सप्ताह का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित अहिंसा सप्ताह का समापन स्वदेशी जीवनशैली विषयक पर आधारित विशेष व्याख्यान के साथ बुधवार को हुआ। कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय ने गांधी अनुसंधान फाउंडेशन के आह्वान के अनुसरण में अहिंसा सप्ताह का आयोजन किया जिसका औपचारिक शुभारंभ 29 सितम्बर 2025 को किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने स्वदेशी 2.0 और आत्मनिर्भर भारत विषय पर विचार रखते हुए कहा कि जैसा कि हम जानते हैं, गांधीजी की स्वदेशी की अवधारणा स्वतंत्र भारत के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण थी, वर्तमान परिदृश्य में हमें इसे साकार करने की आवश्यकता है। सीयूएसबी के ध्येय 'कैंपस टू कम्युनिटी' के माध्यम से सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमियों (एमएसएमई) के लिए विभिन्न अवसर खोलने का प्रयास किया है जो आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की आधारशिला हैं। छात्रों के उत्साह और सृजनशीलता की सराहना करते हुए कुलपति ने कहा कि ऐसे आयोजन विश्वविद्यालय में गांधीवादी आदर्शों को जीवंत बनाए रखते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय कुमार, स्वदेशी जागरण मंच से, ने स्वदेशी एवं आर्गेनिक जीवन विषय पर अत्यंत प्रेरक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बैरिस्टर मोहनदास करमचंद गांधी से महात्मा गांधी बनने की यात्रा का विस्तार से वर्णन किया और बताया कि कैसे गांधीजी ने स्वदेशी, खादी और ऑर्गेनिक जीवनशैली को स्वतंत्रता आंदोलन का केंद्र बनाया। श्री अजय ने कहा कि गांधीजी का स्वदेशी विचार केवल आर्थिक स्वावलंबन तक सीमित नहीं था, बल्कि यह आत्मिक स्वतंत्रता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समानता का भी प्रतीक था। उन्होंने यह भी बताया कि आज जब भारत आत्मनिर्भरता और सतत विकास की दिशा में अग्रसर है, तब गांधीजी के ये विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं उप प्रॉक्टर डॉ. मंगलेश कुमार मंगलम के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने अहिंसा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विविध प्रतियोगिताओं और गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। समन्वयक डॉ. विकल कुमार सिंह, सहायक डीएसडब्ल्यू ने बताया कि 29 सितम्बर 2025 को ऑनलाइन नारा लेखन प्रतियोगिता तथा ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, 30 सितम्बर 2025 को अहिंसा एवं विश्व के महान नेताओं पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जबकि 2 अक्टूबर 2025 को विश्व अहिंसा दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में शांति मार्च एवं शांति प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी सम्मिलित हुए।समारोह में अहिंसा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को माननीय कुलपति एवं मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# गांजा और स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारी शरीफ।** नशीले पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस की लगातार चल रही कार्रवाई के तहत मंगलवार की रात फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों से गांजा और स्मैक के साथ चार लोगों को पकड़ा गया है। इनमें दो आरोपी वयस्क हैं जबकि दो नाबालिग लड़कों को निरुद्ध किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के निर्देश पर चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान पहली कार्रवाई छप्पन भोग के सामने की गई। यहां पुलिस ने मो. नौशाद (उम्र 21 वर्ष), पिता मो. सिराज, निवासी माली गली, यादव टोली, थाना फुलवारीशरीफ को 35 पुड़िया (करीब 150 ग्राम) गांजा, 700 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया। उसके साथ मौजूद एक नाबालिग लड़के को भी निरुद्ध किया गया। इस मामले में फुलवारीशरीफ थाना कांड संख्या 1645/25, दिनांक 07.10.2025, धारा 8(सी)/21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दूसरी कार्रवाई एम्स गोलंबर के पास पावर ग्रीड के समीप की गई।

## विधानसभा चुनाव को लेकर डीएम-एसपी ने बिहारशरीफ मंडल कारा में की छापेमारी

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क, दो घंटे तक चला तलाशी अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार की रात बिहारशरीफ स्थित मंडल कारा में सघन औचक छापेमारी अभियान चलाया। इस छापेमारी का नेतृत्व खुद डीएम कुंदन कुमार और एसपी भारत सोनी ने किया। लगभग दो घंटे तक चले अभियान में जेल के सभी 24 वार्डों, अस्पताल, किचेन, चूल्हा, महिला वार्ड और उच्च सुरक्षा कक्ष सहित पूरे कारा परिसर की बारीकी से तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान प्रत्येक बैरक में बंद कैदियों से पूछताछ की गई। बिस्तर, अलमारी, दीवारों और अन्य संभावित जगहों की सघन जांच की गई। इस दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या प्रतिबंधित वस्तु बरामद नहीं हुई, जिसे अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज़ से संतोषजनक बताया। छापेमारी टीम में अनुमंडल पदाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, दो पुलिस उपाधीक्षक, 20 इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर और लगभग 115 पुलिस बल शामिल थे। सभी अधिकारियों ने जेल के विभिन्न हिस्सों में व्यापक तलाशी अभियान को अंजाम दिया। निरीक्षण के बाद डीएम कुंदन कुमार ने मंडल कारा परिसर में स्थित विदेशी महिला अस्थायी संसीमन केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस केंद्र में वर्तमान में 6 बांग्लादेशी महिलाएं रखी गई हैं। डीएम ने उनके आवास, भोजन, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन विदेशी नागरिकों के स्वदेश निर्वासन की प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण की जाए। डीएम कुंदन कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी संस्थानों और संवेदनशील स्थलों पर सतत निगरानी रखी जाएगी ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बनी रहे। वहीं, एसपी भारत सोनी ने बताया कि इस तरह की औचक छापेमारी आगे भी जारी रहेगी, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधियों पर समय रहते रोक लगाई जा सके।

## युवक के साथ मारपीट, मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों का हंगामा व सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। थाना क्षेत्र के छबैल पंचायत अंतर्गत कुतुबचक गांव के एक युवक की मौत के बाद बुधवार की शाम आक्रोशित ग्रामीणों ने कौआकोल–पकरीबरावां मुख्य मार्ग को कदहर मोड़ के पास जाम कर जमकर हंगामा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्गापूजा विजयादशमी के अगले दिन 3 अक्टूबर को प्रखंड के खड़सारी गांव में प्रतिमा विसर्जन के दौरान कुतुबचक निवासी विजय महतो के 20 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी थी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने तत्काल उसे सदर अस्पताल, नवादा में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एक निजी क्लिनिक में ले जाया गया। उपचार के बाद स्थिति में सुधार होने पर परिजन उसे गांव ले आए। हालांकि बुधवार को अचानक उसकी तबीयत फिर बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर फैलते ही ग्रामीण उग्र हो उठे और शव को कदहर मोड़ पर रखकर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की।

## भाई की पिटाई से आहत होकर छोटे भाई ने फांसी लगाई, मौत

### पारिवारिक विवाद में बिगड़े हालात, पुलिस ने बड़े भाई को लिया हिरासत में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। एकंगरसराय थाना क्षेत्र के जगाई गांव में पारिवारिक विवाद के दौरान दो सगे भाइयों के बीच हुई मारपीट के बाद छोटे भाई ने गुस्से में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना मंगलवार देर रात की है। मृतक की पहचान दीनानाथ कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, पारिवारिक विवाद को लेकर दीनानाथ कुमार और उनके बड़े भाई विनोद चौधरी के बीच कहा-सुनी हो गई थी। विवाद के दौरान बड़े भाई ने छोटे भाई दीनानाथ की पिटाई कर दी। इससे आहत होकर दीनानाथ ने देर रात घर में ही फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। बुधवार की सुबह जब परिजनों को घटना की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत एकंगरसराय थाना को सूचित किया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद डीएसपी कुमार ऋषिराज भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की बारीकी से छानबीन की। मृतक के पिता उपेंद्र चौधरी ने बताया कि वे व्यवसाय के सिलसिले में नई बाजार कुड़वापर में रहते हैं। मृतक की पत्नी और बेटा भी वहीं थे, जिसके कारण दीनानाथ घर में अकेले थे। इसी दौरान यह दुखद घटना घटित हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि जिले से फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल का मुआयना कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी। वहीं, बड़े भाई विनोद चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### धमौल पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**पकरीबरावां**। धमौल पुलिस ने धमौल बाजार में छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने बताया कि धमौल बाजार के बीरेंद्र प्रसाद के पुत्र कर्ण कुमार गुप्ता उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया गया है। वह मारपीट के एक मामले में आरोपित है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साथ ही इस मामले के अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### नाबालिग को किया गया विधि विरुद्ध

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के उकौड़ा से एक नाबालिग को पुलिस ने विधि विरुद्ध किया है। बताया गया कि नाबालिग के विरुद्ध पकरीबरावां थाना में एक मामला दर्ज है।

## एनसीसी कैडेटों ने किया राजगीर की सांस्कृतिक धरोहरों का भ्रमण

### नालंदा विश्वविद्यालय भग्नावशेष, विश्व शांति स्तूप घोड़ा कटोरा व म्यूजियम में इतिहास से हुए रूबरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। जवाहर नवोदय विद्यालय, राजगीर में चल रहे ऑल इंडिया ट्रेक कैंप 2025 के तहत देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 510 एनसीसी कैडेटों ने मंगलवार को राजगीर और नालंदा की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य कैडेटों को इतिहास, संस्कृति और धरोहरों के महत्व से अवगत कराना था। कैडेटों को दो समूहों में विभाजित कर भ्रमण कार्यक्रम संचालित किया गया। प्रथम समूह ने घोड़ा कटोरा और विश्व शांति स्तूप के प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन किया, जबकि द्वितीय समूह ने वे सॉन्ग म्यूजियम और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय भग्नावशेष का दौरा किया। भ्रमण के दौरान एनसीसी पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों की सहायता से इन ऐतिहासिक स्थलों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश बाहरी के निर्देशन में आयोजित यह कार्यक्रम कैडेटों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। उन्होंने बताया कि यह ट्रेक न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि कैडेटों को देश की गौरवशाली विरासत से जोड़ने का एक अनूठा प्रयास भी है। उन्होंने कहा कि राजगीर, जो कभी मगध की राजधानी रहा है, अपनी स्वर्णिम इतिहास की कहानियाँ आज भी इन धरोहरों में समेटे हुए है, और कैडेट इनसे रूबरू होकर एक नई दृष्टि प्राप्त कर रहे हैं। भ्रमण के साथ ही कैंप में विभिन्न राज्यों से आए कैडेटों के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत भी की गई। आगे कैंप के दौरान रस्साकसी, पेंटिंग और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कैंप को सफल बनाने में सूबेदार मेजर लालिंद्र, टीका सूबेदार रूपेश, गुरु सत्येंद्र सिंह, राजकुमार सहित एनसीसी पदाधिकारी मधुकांत एवं विभिन्न राज्यों से आए 15 सीसी पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप अभियान पर कोर कमेटी की बैठक

### 290 कम मतदान वाले केंद्रों पर घर-घर चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिहारशरीफ**। आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के मद्देनज़र जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप अभियान को लेकर मंगलवार को कोर कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्वीप कोर कमेटी के अध्यक्ष सह उप विकास आयुक्त नालंदा श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर ने की। बैठक में उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन 290 मतदान केंद्रों पर पिछले चुनावों में 40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था, वहाँ व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए। इसके लिए आईसीडीएस, शिक्षा विभाग एवं जीविका दीदियों की मदद से घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की रणनीति तय की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी सरकारी व निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए। विशेष रूप से नए मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ-साथ विद्यार्थियों से संकल्प पत्र भरवाकर उनके अभिभावकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की योजना पर बल दिया गया। अभियान के तहत साइकिल रैली, मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली, मानव श्रृंखला, प्रभात फेरी और चौपाल जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण को निर्देश दिया गया कि वे दिव्यांग मतदाताओं की रैली निकालें, उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें और वयोवृद्ध मतदाताओं का सम्मान करें। कम मतदान वाले बूथों पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सेविका, सहायिका और जीविका दीदियां 'हर घर दस्तक' कार्यक्रम के तहत मतदाताओं से संपर्क कर मतदान के लिए प्रेरित करेंगी। साथ ही एनसीसी, स्काउट-गाइड और एनएसएस के छात्र-छात्राओं को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा ताकि जागरूकता का प्रभाव अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके। बैठक में नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग तथा जीविका प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## घरेलू विवाद में ममेरा भाई दोस्त संग देशी कट्टा लेकर पहुंचा गांव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। थाना क्षेत्र के चौथा गांव में मंगलवार को घरेलू विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जब एक युवक ने अपने ममेरे भाई से बदला लेने के इरादे से अपने दोस्त के साथ गांव में देशी कट्टा लेकर पहुंचा। सतर्क ग्रामीणों ने दोनों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मौके से एक देशी कट्टा बरामद किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान चौथा गांव निवासी प्रकाश साह के पुत्र अमित कुमार और मंझला गांव निवासी बुंदेल राजवंशी के पुत्र अमरजीत कुमार उर्फ सोनू कुमार के रूप में हुई है। पीड़ित संतोष कुमार (निवासी – चौथा गांव, पिता स्व. मौजी साव) ने बताया कि उसका ममेरा भाई अमित कुमार घर से चावल चुराकर बेच दिया था। इसी बात को लेकर अमित की मां और उसके बीच झगड़ा हो रहा था। संतोष ने बड़े भाई की हैसियत से उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन अमित गालियां देने लगा। इस पर संतोष ने उसे एक थप्पड़ मार दिया। इस अपमान से खफा अमित ने मंझला गांव निवासी अपने दोस्त सोनू कुमार को घटना बताई। दोनों ने शराब पीकर संतोष को फोन पर धमकियां दीं। उस वक्त संतोष भुसड़ी गांव में अपनी दुकान बंद कर घर लौटा और परिजनों को पूरी घटना बताई। इसी बीच अमित अपने दोस्त सोनू के साथ चौथा गांव पहुंचा। ग्रामीणों ने दोनों को संदिग्ध हालत में पकड़ लिया। सोनू की कमर से एक देशी कट्टा भी बरामद हुआ। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने बताया कि अमित की मां दिव्यांग हैं और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती हैं। अमित के पिता का निधन 14 वर्ष पूर्व हो चुका है। तब से संतोष और उसके परिवार ने ही अमित की परवरिश और शादी-ब्याह में मदद की है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित संतोष कुमार के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दोनों आरोपितों अमित कुमार और सोनू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही एक देशी कट्टा भी जब्त किया गया है।

## नवादा डाकमण्डल ने आयोजित की पत्र लेखन प्रतियोगिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**नवादा**। भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित 'ढाई आखर पत्र लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन डाक मंडल नवादा के तत्वाधान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में न्यू एरा अकेडमी नवादा में बालक-बालिकाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतियोगिता प्रतिभागियों को चॉकलेट एवं पेन आदि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवादा मंडल नवादा नीरज कुमार चौधरी, कार्यालय अधीक्षक सुभाष कुमार, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव जितेंद्र कुमार, कार्यालय सहायक सोनू कुमार सिन्हा एवं सौरव सुमन एवं कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी श्रवण कुमार बरनवाल आदि उपस्थित रहे। डाक अधीक्षक नीरज कुमार चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए ताकि यह प्रतियोगिता पत्र के महत्व को बताया और पत्र लिखने की कला विकसित करने के लिए प्रेरित किया विद्यालय के प्रिंसिपल अभय कुमार प्रमोद कुमार आदि सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## विद्यालय में बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के कन्या मध्य विद्यालय कौआकोल में पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच प्रभारी प्रधानाध्यापक अवध कुमार पासवान की देखरेख में बैग का वितरण किया गया। बैग मिलने के बाद सभी बच्चे खुशी मनाते दिखे। सभी बच्चों ने बैग पाकर शिक्षा विभाग के प्रति आभार जताया। बैग मिलने पर बच्चों को अपनी शिक्षा सामग्री लाने में सुविधा होगी और किताब कॉपी,पेंसिल आदि सुरक्षित रहेगा। मौके पर शिक्षक रणवीर कुमार,प्रिया पूनम, प्रीति कुमारी,सुभद्रा कुमारी पासवान,राफिया शाहीन आदि मौजूद थे।

## थानाध्यक्ष समेत अधिकारियों ने किया बूथ सत्यापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखण्ड के पदाधिकारियों द्वारा इन दिनों लगातार विभिन्न मतदान केंद्रों का चुनाव आयोग द्वारा दिए गए गाइडलाइन के अनुसार बूथ का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। थानाध्यक्ष उमाशंकर कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत तरौन, भंवरकोल आदि बुथों पर जाकर सभी बिन्दुओं पर जानकारी लिया गया। इस दरम्यान बूथ का नाम,बूथ तक पहुंचाने वाला सभी रास्तों की स्थिति, बूथ की क्षमता,कितने मतदाता एक साथ पहुंच कर मतदान कर सकते हैं,बूथ पर शौचालय, पेयजल, यूरिनल की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, स्वच्छता की स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने बताया कि बूथ पर महिला और पुरुष सिपाहियों के रहने की व्यवस्था, वोटर की स्थिति,मतदान केंद्र पर चुनाव के समय यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी उत्पन्न होती है तो जिला, अनुमंडल और प्रखंड प्रशासन के पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों के वाहनों के रखरखाव, भीड़ नियंत्रण करने के लिए जगह है या नहीं आदि बिंदुओं पर सत्यापन किया गया। इधर दूसरी ओर सीओ मनीष कुमार, बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार एवं राजस्व अधिकारी अनीश कुमार ने भी अपने अपने अधीनस्थ बूथों का भौतिक सत्यापन किया।

### चुनाव को लेकर चलाया जा रहा वाहन चेकिंग अभियान

**कौआकोल**। बिहार विधानसभा चुनाव की डुगडुगी बजते ही कौआकोल में प्रशासनिक गतिविधि तेज हो गई है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कौआकोल थानाध्यक्ष उमाशंकर कुमार ने बताया कि नवादा जिला में दूसरे चरण के तहत 11 नवम्बर को वोटिंग होंगे। जिसमें कौआकोल थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कौआकोल के महुलिया टाँड़ चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन जांच की जा ही है।

## सोखोदेवरा जेपी आश्रम में लोकनायक की पुण्यतिथि मनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल**। प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में बुधवार को ग्राम निर्माण मण्डल के संस्थापक व संरक्षक भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में ग्राम निर्माण मण्डल एवं कृषि विज्ञान केंद्र सोखोदेवरा,नवादा के कर्मियों ने लोकनायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित कर की गई। वहीं पुण्यतिथि को लेकर आश्रम परिसर एवं जेपी निवास की सामूहिक साफ सफाई भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण समतामूलक समाज के निर्माता थे। उनके पदचिन्हों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण समर्पित जननायक और मानवतावादी चिंतक के साथ ही अत्यंत शालीन और मर्यादित जीवन जीने वाले व्यक्ति थे।

## नदी में डूबने से एक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा**। थाना क्षेत्र के सिरपतिया गांव के निकट पंचाने नदी में डूबने से एक बालिका की मौत हो गई। मृतका की पहचान सिरपतिया निवासी धुरबुज यादव की 12 वर्षीय पुत्री पूनम कुमारी के रुप में की गई। घटना की सूचना मिलते ही घर परिवार के साथ शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। लोगों को रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। ग्रामीण सह समाजसेवी रामवरण यादव ने बताया मंगलवार कि शाम में पूनम कुमारी गांव से कुछ दूरी पर नदी के किनारे अपना मवेशी को चरा रही थी। उसके साथ कुछ बच्चे भी अपना अपना मवेशियों को खेत में चरा रहे थे। यह नदी के किनारे में थी, तभी उसका अचानक पैर फिसल गया, और नदी में गिर पड़ी। उक्त स्थल पर काफी गहरी खाई थी। घटना होते देख वहां रहे बच्चों ने शोर मचाया तो काफी संख्या में लोग इकट्ठे हुए और नदी में अथक परिश्रम के बाद उसे निकला गया,तबतक पूनम की मौत हो चुकी थी।

## शराब परिवहन में संलिप्त तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली**। थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग की टीम ने एक बाइक सवार युवक को 12 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। बुधवार को गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि जांच चौकी पर उत्पाद बलों की मदद से झारखंड की ओर से आने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इस अभियान का नेतृत्व उत्पाद निरीक्षक अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। टीम आसपास के इलाकों में गश्त कर शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री और सेवन पर भी निगरानी रख रही है। इसी क्रम में उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जांच के दौरान एक बाइक की डिक्की से उजले प्लास्टिक के कंटेनर में रखे कुल 12 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई। शराब जब्त करने के साथ ही बाइक को भी सीज कर लिया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव निवासी छोटन मांझी के पुत्र सागर कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने शराब को बेचने के उद्देश्य से ले जाने की बात स्वीकार की। उसके खिलाफ बिहार उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। स्वास्थ्य जांच के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उत्पाद बल के सिपाही एवं गृहरक्षक के जवान भी शामिल थे।

## जीविका दीदियों ने ली मतदान की शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली**। आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित मतदाता जागरूकता अभियान ने रजौली में रफ्तार पकड़ ली है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। बुधवार को अभियान के तहत घसियाडीह स्थित पंचांग जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीविका दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सभी ने मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ स्वयं मतदान करने की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद जीविका दीदियों ने एक भव्य रैली भी निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। रैली के माध्यम से उन्होंने ग्रामीणों को आगामी चुनाव में निर्भय होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बीपीएम मनीष कुमार, सामुदायिक समन्वयक चंदन कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने जीविका दीदियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें लोकतंत्र को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होंगी। स्थानीय स्तर पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## चुनाव को लेकर हिलसा में पुलिस और सीआइएसएफ ने निकाला फलैग मार्च

### संवेदनशील इलाकों में दिखी सुरक्षाबलों की मौजूदगी, मतदाताओं से भयमुक्त मतदान की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हिलसा (नालंदा)**। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार की शाम हिलसा शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में पुलिस और सीआईएसएफ (CISF) के जवानों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च हिलसा थाना परिसर से शुरू होकर सिनेमा मोड़, बिहारी रोड, दरगाह रोड, दक्षिण कोयरी टोला, उत्तरी कोयरी टोला, गबरापर, बरुण तल, काली स्थान, रामबाबू हाई स्कूल, विद्यापुरी, स्टेशन रोड और योगीपुर रोड होते हुए पुनः थाना लौटा। इस अभियान का नेतृत्व थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने किया, जबकि यह मार्च अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) शैलजा के निर्देश पर आयोजित किया गया। सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रभानु ने बताया कि आदर्श आचार संहिता को प्रभावी रूप से लागू करने और मतदाताओं में विश्वास का माहौल बनाने के उद्देश्य से यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। इसका मकसद भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराना है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने चौक-चौराहों और बाजारों में रुककर लोगों से 6 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उपद्रवी और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी तरह की अवांछित गतिविधियों पर समय रहते रोक लगाई जा सके। इस मौके पर थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार, दारोगा सिद्धार्थ आनंद सहित सीआईएसएफ के दर्जनों जवान और पुलिस बल के अधिकारी मौजूद रहे।

## धमौल में 95 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां**। विधानसभा चुनाव को लेकर धमौल पुलिस सक्रिय हो गई है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने क्षेत्र में 95 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने बताया कि चिन्हित असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि चुनावी माहौल शांतिपूर्ण बना रहे। पुलिस लगातार गश्त कर रही है और लोगों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या गलत सूचना पर ध्यान न दें। प्रशासन को सहयोग करें। चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

## बजरंग दल ने मनाया स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। बुधवार को राजशिवाला मंदिर के प्रांगण में बजरंग दल के प्रखंड संयोजक पिंटू वर्मा के नेतृत्व में संगठन का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री विशेष चितरंजन कुमार जिला मंत्री सुबोध लाल के साथ कार्यकर्ता सुनील कुमार मौजूद थे। इस अवसर पर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई और जय घोष के साथ संगठन की एकजुटता प्रदर्शित की गई। स्थापना दिवस के मौके पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भविष्य के कार्यक्रमों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। संयोजक पिंटू वर्मा ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने 30 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच एक रक्तदान दिवस मनाने का संकल्प लिया है। इसके अलावा एक दिसंबर को गीता जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर त्रिशूल दीक्षा समारोह भी मनाया जाएगा।संगठन ने समाज में आए दिन हो रहे धर्म परिवर्तन (धर्मांतरण) के मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की। इस खतरे को रोकने के लिए, बजरंग दल ने व्यापक पैमाने पर लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया है। इस जागरूकता अभियान के साथ ही, इस मुद्दे पर अपनी बात रखने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की जाएगी।पिंटू वर्मा ने संगठन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि जिस प्रकार हनुमान जी प्रभु श्रीराम के कार्यों के लिए सदा उपस्थित रहे हैं, उसी प्रकार बजरंग दल की यह टोली आज के युग में प्रभु श्रीराम के कार्य को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बजरंग दल का संगठन किसी के विरोध में नहीं है, बल्कि इसका निर्माण हिंदुओं को चुनौती देने वाले असामाजिक तत्वों से रक्षा करने के लिए किया गया है। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड उपाध्यक्ष मनीष सिंह, मीडिया प्रभारी संतोष वर्मा, बजरंग दल के प्रखंड सह संयोजक संदीप वर्मा, सुरक्षा प्रमुख राजा सिंह, छोटू वर्मा, गौतम तांती, निशांत कुमार और सुमन कुमार प्रमुख थे।

# आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर की जाएगी कार्रवाई : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** डीएम ने बताया कि विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न प्रकार के सूचनाओं के आदान-प्रदान करने एवं प्राप्त शिकायतो, सुझावों के त्वरित निष्पादन हेतु जिला संपर्क केंद्र-सह- वोटर हेल्पलाइन कार्यरत है जिसका टोल फ्री नंबर 1950 है । उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निमित्त आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को कहा कि बिना लिखित अनुमति के कही भी कोई बैनर पोस्टर नही लगाया जाए। निजी भवन पर यदि कही बैनर लगाना है तो उसके लिये मकान मालिक से लिखित अनुमति जरूर ले। रैली/ सभा/ जुलूस के लिये अनिवार्य रूप से लिखित अनुमति लेनी होगी। यदि किसी राजनीतिक दल को सभा/ रैली में यदि हैलीकॉप्टर का प्रयोग करना चाहते हैं तो जिला निर्वाचन पदाधिकारी से लिखित अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनैतिक दल अपने वाहनों में कोई पोस्टर बैनर (आगे या पीछे) नहीं लगाये।

**विवरणी के साथ लिखित अनुमति लेनी होगी:एसएसपी**

इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दलों को अगर कोई बैठक करनी है तो संबंधित स्थल, बैठक में शामिल होने वाले अनुमानित व्यक्तियों की संख्या इत्यादि सहित विवरणी के साथ लिखित अनुमति लेनी होगी। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव सम्पन्न करवाने के लिये सभी आवश्यक तैयारियां की गई है। इसके पश्चात व्यय अनुश्रवण कोषांग के पदाधिकारियों ने चुनाव में किस सामग्री पर कितना खर्च कर सकेंगे इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी सभी राजनीतिक दलों को बताया गया। मौके पर डीडीसी, अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

## सीएसपी संचालक से चार लाख रूपए की लूट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी सुधीर कुमार पिता विजय यादव सीएसपी संचालक से बाइक सवार अपराधियों ने चार लाख रूपए की छिनतई कर लिया। गौरतलब है कि संचालक सुधीर कुमार पिता विजय यादव जो असनी गांव का निवासी है और पीरमां मोड़ पर पीएनबी बैंक का सीएसपी शाखा संचालक है, मंगलवार की शाम सीएसपी बंद कर अपना गांव जा रहा था कि असनी गांव नहर के समीप दो बाइक पर सवार चार युवकों ने बाइक को रूकवाकर चार लाख रूपए छीन लिया। इस संबंध में पीड़ित द्वारा गुरारू थाना में आवेदन दिया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

## मगध विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में 'मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह 2025' के तहत स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग और परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा 'मनोवैज्ञानिक प्राथमिक सहायता' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का समन्वय डा. रेनु रानी, डॉ. प्रगति चतुर्वेदी और डॉ. प्रभात रंजन ने किया, जिनके निर्देशन में प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। निर्णायक मंडल में प्रो. एस.एन.पी. यादव (जंतु विज्ञान विभाग) और प्रो. निभा सिंह (अंग्रेजी विभाग) शामिल थे। प्रतियोगिता में छात्रों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विविध पहलुओं को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार- सिमरन श्रेया (भौतिक चिकित्सा विभाग), द्वितीय पुरस्कार- सुमित कुमार (अंग्रेजी विभाग), तृतीय पुरस्कार- शुभम कुमार (शिक्षा विभाग) को मिला तथा प्रोत्साहन पुरस्कार- नीलम, अनुपमा, अनन्या, सुजीत, सृष्टि अनु और पूजा को मिला। विजेता पोस्टरों को विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा तथा विभागीय डिजिटल मंचों पर भी साझा किया जाएगा। ताकि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवाद और जागरूकता को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहन मिल सके। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने, सहायता के लिए आगे आने और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। आगामी दिनों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन और नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज के बीच मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समझ, संवेदना और जागरूकता को सशक्त बनाना है।

## कोंच में आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन सख्त, बैनर-पोस्टर हटाने की कार्रवाई शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** आदर्श आचार संहिता लागू होते ही कोंच प्रखंड प्रशासन सक्रिय हो गया है। सोमवार की शाम से ही क्षेत्र में राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार की दोपहर कोंच अंचलाधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने ददरेजी बाजार व आसपास के क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद थे। टीम ने मुख्य सड़कों, बाजारों, सरकारी परिसरों और सार्वजनिक स्थलों से प्रचार सामग्री हटाई और कुछ को जब्त भी किया। अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि कार्रवाई निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार की जा रही है। किसी भी सरकारी भवन, सार्वजनिक स्थल या निजी संपत्ति पर बिना अनुमति लगाए गए बैनर या पोस्टर आचार संहिता का उल्लंघन माने जाएंगे जिसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना है। साथ ही ददरेजी बाजार के दुकानदारों को सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटाने का निर्देश दिया गया है।

## भारत रत्न जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** शहर के जयप्रकाश नगर में भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभातफेरी के साथ सर्वधर्म प्रार्थना एवं उत्साहित होकर सामूहिक साफ-सफाई की गई। वहीं उपस्थित सदस्यों द्वारा उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर अपने-अपने विचार रखे। संस्था के अंकेक्षक परामर्शी अखिलेश कुमार ने कहा कि ग्राम निर्माण मंडल की स्थापना उनके द्वारा 1954 में की गई। संस्था का मुख्य उद्देश्य जीवन के मूल्यों में ऐसा परिवर्तन लाने का प्रयत्न करना है। इस मौके पर खादी समिति के मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति अब नारा है भावी इतिहास हमारा है के सपनों को पूरा करने के लिए हम सभी संस्था के कार्यकर्ता निरंतर प्रयत्नशील हैं। इस मौके पर समिति के कार्यकर्ता रामप्रवेश प्रसाद, राजेश कुमार सिन्हा, हरि सिंह, सुनीता देवी, सुरेश सिंह, कुलदीप महतो, रत्नाकर प्रसाद सिंह, रामजी सिंह सहित मौजूद रहे।

## अपने पराक्रम से भारत का सिर गर्व से ऊंचा करते हैं भारतीय जवान : डॉ मनीष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** भारतीय वायुसेना दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने देश के सभी वायुसेना के अधिकारी, कर्मचारी एवं सैनिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना हमारे देश की शान, सम्मान और सुरक्षा की सबसे सशक्त दीवार है। आज भारत की वायुसेना आधुनिक तकनीकी, अनुशासन और अदम्य साहस के बल पर विश्व की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से एक बन चुकी है। डॉ. मिश्रा ने गयाजी की पावन धरती से देश के सभी सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि हमारे जवान कठिन परिस्थितियों में रहकर देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं और अपने पराक्रम से भारत का सिर गर्व से ऊंचा करते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत के पास अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली और रडार तकनीक है जो किसी भी देश पर अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने में सक्षम है। यह सब हमारे वैज्ञानिकों और वीर सैनिकों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय वायुसेना केवल युद्ध में ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं और राहत कार्यों में भी हमेशा अग्रणी भूमिका निभाती है। देश के नागरिकों की सुरक्षा और सेवा में वायुसेना का योगदान अतुलनीय है। अपने वायुसेना के वीर जवानों का उनके त्याग व पराक्रम को सदैव स्मरण करें।

## चुनाव कार्य को सम्पन्न करवाने की तैयारियों को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अवसर पर विभिन्न कोषांग बनाये गए हैं।बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर द्वारा व्यय अनुश्रवण कोषांग, परिवहन कोषांग, सिंगल विंडो कोषांग, सि- विजिल एप्प्स से मोनिटरिंग संबंधित कोषांगों द्वारा चुनाव कार्य को सम्पन्न करवाने के लिये किये जा रहे तैयारियां के संबंध में बैठक की गई। डीएम ने निर्देश दिया है कि एफएसटी एक्टिवेट हो गया है। एफएसटी टीम के साथ पुलिस बल भी उपलब्ध करवाए गए हैं। सभी एफएसटी टीम को अलग अलग क्षेत्र यथा डोभी चेकपोस्ट, विभिन्न नाका, टोल एरिया, संवेदनशील क्षेत्र, चौक चैराहा पर जांच अभियान प्रभावी रूप से संचालित करवाये। साथ ही हर दिन जप्ती सूची (सीजर लिस्ट) डीएम के पास उपलब्ध करवाए। डीएम ने व्यय अनुश्रवण कोषांग के वरीय पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि व्यय अनुश्रवण संबंधित कंट्रोल रूम एक्टिवेट करवाये। इस कंट्रोल रूम में एफएसटी एसएसटी के वाहनों की मॉनिटरिंग, सीविज़िल एप्प्स में प्राप्त शिकायतों का निवारण की निगरानी, एकाउंटिंग टीम, वीडियो सर्विलांस टीम इत्यादि सभी उसी कंट्रोल रूम में कार्य संपादन हो। सभी पोलिटिकल पार्टी को चुनाव प्रचार के लिये निर्धारित किये गए रेट चार्ट को उपलब्ध करवाए। व्यय लेखा चार्ट को सही से अंकित करवाये। डीएम ने कहा कि सभी निवार्ची पदाधिकारी के स्तर पर चलने वाले सिंगल विंडो सेल के साथ व्यय अनुश्रवण कोषांग समन्वय रखें। ताकि कही कोई रैली या सभा होने से व्यय अनुश्रवण कोषांग के अधीन जो भी कार्य किये जाने हैं, वह करवाया जा सके। सभी एफएसटी वाहनों में जीपीएस लगा रहे, इसकी भी मोनिटरिंग की व्यवस्था रखे। वाहन कोषांग की समीक्षा में डीएम ने डीटीओ को निर्देश दिए हैं कि वाहनों का आकलन तेजी से करवाये। एफएसटी की टीम एवं कैप्स टीम को पहले से ही वाहनो को टैग किया गया है। उनके टैग वाहनो में वाहन ईंधन के लिये व्यवस्था सुनिश्चित करवाये। इसके अलावा निर्देश दिए हैं कि 7 स्थानों पर डिस्पैच सेन्टर बनाये जाएंगे, उन सभी सेंटरों पर वाहन कोषांग को संचालित करवाना होगा। चालकों के लिये टॉयलेट, पेयजल, रौशनी, शेड, लॉ बुक खोलने की व्यवस्था, वाहन में ईंधन आपूर्ति की व्यवस्था का आकलन करवा लें। डीएम अपने स्तर से भी सभी डिस्पैच सेंटरों पर कर्मियों/ परिवहन विभाग के पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करवाये। चुनाव में प्रयोग में आने वाले वाहनों के लिये वाहन संचालकों/ वाहन मालिकों को नोटिस तामिला करवाये ताकि वे अपनी वाहनो को हर हाल में 7 नवंबर को निर्धारित स्थानों पर वाहन को भेज सके। सिंगल विंडो कोषांग की समीक्षा में डीएम ने निर्देश दिए हैं कि सभी निर्वाची पदाधिकारी अपने सिंगल विंडो काउंटर कहां पर संचालित करेंगे, से संबंधित जानकारी प्रसारित करवाये। बैठक में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, वाणिज्य कर पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित कोषांगों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सरकारी पिस्टल-वर्दी में महिला की तस्वीर वायरल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में एक महिला की सरकारी पिस्टल और खाकी वर्दी में तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई है। इन तस्वीरों में महिला हथियार के साथ अलग-अलग पोज देती दिख रही है।मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।वायरल तस्वीरों में महिला के हाथ में कोई खिलौना नहीं, बल्कि एक पुलिस अधिकारी की सरकारी पिस्टल है।महिला की पहचान फतेहपुर थाना क्षेत्र के सिवाना पर गांव निवासी ललिता देवी के रूप में हुई है।वह किसी सरकारी विभाग या पुलिस से जुड़ी नहीं है।एक अन्य तस्वीर में यही महिला खाकी वर्दी में एक्साइज इंस्पेक्टर रामप्रीति के साथ भी नजर आ रही है।एक्साइज इंस्पेक्टर रामप्रीति वर्तमान में डोभी चेकपोस्ट पर तैनात हैं।डोभी चेक पोस्ट पर पदस्थापित एक्साइज इंस्पेक्टर राम प्रीति का कहना है कि महिला वर्दी में नहीं है।न बैच और न स्टार है।महिला के पिता को हमने शराब के साथ पकड़ा था, इसके बाद से उस महिला से परिचय हुआ।हमारे साथ में है, लेकिन वह वर्दी में नहीं है।मामला कुछ नहीं है लेकिन हमें फसाने की साजिश की जा रही है।वहीं, इंस्पेक्ट ने ये कबूल किया है कि पिस्टल उन्हीं की है।गया जिला पुलिस प्रशासन ने इस पूरे मामले पर संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है।जिले के उत्पाद एक्साइस विभाग के सहायक आयुक्त जनार्दन प्रसाद ने बताया कि डोभी चेक पोस्ट पर तैनात रामप्रीति का एक महिला के साथ वर्दी में और पिस्टल के साथ फोटो का मामला सामने आया है।जांच कराई जा रही है। यदि दोषी पाए जाते हैं तो निश्चित तौर पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

## तीन दिनों में पुरा गांव दूसरी चोरी, 2 लाख का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** वजीरगंज नगर पंचायत से सटे पुरा गांव में तीन दिनों में चोरों ने दूसरी चोरी को अंजाम दिया है। इस बार चोरों ने एक विधवा महिला के यहां धावा बोला तथा बेटी की शादी के लिये बक्सा में रखे दो लाख रुपए चोरी करके चंपत हो गये। स्व0 शैलेश सिंह की पत्नी निभा देवी ने बताया कि मैंने खेत बेचकर दो लाख रूपया सामान खरीदने के लिये रखे थे, जो चोरी हो गया। चोर छत के सहारे घर में घुसे और कमरे का ताला तोड़कर चोरी कर ली। ग्रामीणों और पीड़िता के अनुसार घटना शनिवार देर रात को लगभग दो बजे की बतायी जा रही है।

## चोरी मामले में फरार चल रहे वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** रेलवे सुरक्षा बल ने 32 साल पहले हुई चोरी के मामले में फरार चल रहे लाल वारंटी को दबोच लिया है। घटना 3 अगस्त 1993 की है।गिरफ्तार अपराधी रेलवे की संपत्ति की चोरी कर तब से फरार चल रहा था।गया आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त महेंद्र पासी उर्फ नन्हका कोतवाली थाना क्षेत्र के मुरली हिल मोहल्ले का रहने वाला है।जो कांड दर्ज किए जाने के बाद से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था।इसके साथ ही वह छद्म वेश धारण कर अपने पुराने निवास स्थान को बदल कर चाकन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत देसिन बिगहा गांव में रह रहा था।उन्होंने बताया कि लम्बे समय से रेलवे न्यायालय गया में उपस्थित नही होने के कारण अभियुक्त के विरुद्व परमानेन्ट वारंट (लाल वारंट) जारी किया गया था।श्री यादव ने बताया कि मामले के गम्भीरता के मद्देनजर उनके नेतृत्व में उनि जावेद एकबाल, आरक्षी आलोक सक्सेना, प्र.आ. सन्तोष कुमार सिंह, मुकेश कुमार, विकास कुमार के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया।सुचना व खुफिया श्रोत से संकलन करते हुए 32 वर्ष से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।इंस्पेक्टर श्री यादव ने बताया न्यायालय के आदेश के बाद वारंटी को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया है।श्री यादव ने बताया कि इसके अलावा गया जंक्शन से लावारिश हालात में विदेशी शराब बरामद किया गया है।

## डीएम-एसएसपी ने किया जेलप्रेस स्थित इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अवसर पर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम एवं एसएसपी द्वारा जेलप्रेस स्थित इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। विदित हो कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अवसर पर चुनाव कार्य सम्पन्न करवाने में लगे कर्मियों को बीयू, सीयू एवं विवि पैट का प्रशिक्षण करवाया जाना है। आज मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में में जेलप्रेस स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया।डीएम ने सुरक्षा प्रभारी पदाधिकारी से विभिन्न रजिस्टर संधारण की जानकारी लिया।डीएम ने कहा कि ईवीएम वेयर हाउस में आने के पहले गेट पर सही से फ्रिस्किंग हो, कोई भी कर्मिगण या राजनीतिक दल मोबाइल के साथ अंदर प्रवेश नही हो, इसे सुनिश्चित करवाये। ईवीएम वेयर हाउस में आने वाले सभी का रजिस्टर में नाम, मोबाइल नंबर, आने का उद्देश्य, तारिक समय एवं आने जाने वक़्त दोनों का समय इत्यादि की जानकारी संधारित करवाये।दोनों अधिकारियों द्वारा सीसीटीवी का अवलोकन लिया। जानकारी लेते हुए कहा कि कोई भी डार्क स्पॉट नही छुटे, सभी एरिया सीसीटीवी से कवर रहे। इस अवसर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण, उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला भूअर्जन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लॉयन्स क्लब, एनएसएस एवं एनसीसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य पर संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में 10 अक्टूबर को मनाये जाने वाले विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के तहत लॉयन्स क्लब ऑफ गया जी की पहल पर कॉलेज की एनएसएस इकाई एवं एनसीसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में प्राकृतिक आपदाओं के दरम्यान मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल के नेतृत्व में मंचासीन गणमान्य अतिथियों एवं उपस्थित प्रोफेसरों ने दीप प्रज्वलन कर-के किया। तत्पश्चात प्रधानाचार्या ने संगोष्ठी के मुख्य अतिथि, लायन्स क्लब के चेयरपर्सन प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ विजय कुमार करण, मुख्य वक्ता जानी-मानी मनोचिकित्सक एमबीबीएस डॉ. दीपशिखा काव्या, मनोचिकित्सक डॉ श्वेता, क्लब के प्रेसीडेंट एडवोकेट विनय वर्मा, जोनल चेयरपर्सन ऐडवोकेट एस. एस. जावेद यूसूफ एवं संजय कुमार का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान करके किया। कार्यक्रम की संचालन कर रहीं कॉलेज की एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने स्वागत वक्तव्य के उपरांत संगोष्ठी के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को विपरीत परिस्थितियों एवं चुनौतियों के समय मन को संतुलित तथा नियंत्रण में रखने की कला अवश्य आनी चाहिए। एडवोकेट विनय वर्मा ने प्रतिभागियों को लायन्स क्लब द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। कहा कि लायंस क्लब एक अंतरराष्ट्रीय सेवा संगठन है जो 200 से अधिक देशों में फैला हुआ है। क्लब द्वारा स्थानीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ दीप शिखा काव्या ने प्राकृतिक आपदाओं एवं आकस्मिक घटनाओं में परिवर्तित मानसिक स्वास्थ्य की पहचान एवं उपचार' विषय पर सारगर्भित विचार रखे। डॉ दीपशिखा ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं एवं विभिन्न कारणों से होने वाले मानसिक तनाव की स्थिति में मदद लेना कमजोरी नहीं, अपितु साहस का कार्य है।

## भोजपुरी फिल्म 'गैंगस्टर इन बिहार' का ट्रेलर जारी

### कोंच के राम शर्मा निर्देशित, 90 के दशक के बिहार पर आधारित है फिल्म




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के गौरी बिगहा निवासी राम शर्मा द्वारा निर्देशित भोजपुरी फिल्म 'गैंगस्टर इन बिहार' का ट्रेलर बुधवार सुबह 8 बजे जारी किया गया। यह फिल्म 90 के दशक में बिहार में हुई घटनाओं पर आधारित है जिसमें रणवीर सेना और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के बीच संघर्ष को दर्शाया गया है। निदेशक श्रीराम शर्मा ने बताया कि फिल्म की खासियत यह है कि इसमें अधिकांश कलाकार बिहार के ही हैं। गया, औरंगाबाद, रोहतास सहित राज्य के कई जिलों के कलाकारों ने इसमें अभिनय किया है। फिल्म में प्रवेश लाल यादव, प्रमोद प्रेमी, रानी चटर्जी, श्रेया मिश्रा, संजय पांडेय, अजय श्रीवास्तव, मंटू सिंह और स्वयं राम शर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। श्री शर्मा ने जानकारी दी कि फिल्म का निर्माण दो वर्ष पूर्व ही पूरा हो गया था। सेंसर बोर्ड से अनुमति मिलने के बाद अब इसे रिलीज किया जा रहा है। फिल्म का निर्माण स्वयं श्री राम शर्मा ने किया है जबकि निर्देशन की जिम्मेदारी दिलआवेज खान ने संभाली है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म में वर्चस्व की लड़ाई और उस दौर के सामाजिक संघर्षों को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करती है जो दर्शकों को बिहार के इतिहास से परिचित कराएगी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)/पूर्व मध्य रेल/ समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई. आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर खुली ई–निविदा के रुप में आमंत्रित करती है:–

**क्र०सं०:** 1, **निविदा सूचना सं०:** टी.सी.–209–2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम :** समस्तीपुर मंडल में (1) सगौली–रक्सौल खण्ड में किमी० 15/5–6 पर स्थित पुल सं० 13 (2x30.50m)G का (2x30.50m) ओपन वेब गर्डर एवं स्थाई डाईवर्जन के द्वारा पुनर्निर्माण। (2) सगौली–रक्सौल खण्ड में किमी० 20/5–6 पर स्थित पुल सं० 21(2x30.50m)G का (2x30.50m) ओपन वेब गर्डर एवं स्थाई डाईवर्जन के द्वारा पुनर्निर्माण। (3) बैरगेनिया–कुंडवाचैनपुर स्टेशन के बीच किमी० 139/1–2 पर (1x30.50m) कम्पोजिट गर्डर एवं स्थाई डाईवर्जन के द्वारा नये पुल का निर्माण। (4) बैरगेनिया–कुंडवाचैनपुर स्टेशन के बीच किमी० 140/5–6 पर (1x30.50m) कम्पोजिट गर्डर एवं स्थाई डाईवर्जन के द्वारा नये पुल का निर्माण। **निविदा लागत (रुपये में) :** 345611097.06, **बयाने की राशि :** 1878100.00, **कार्य की समाप्ति अवधि :** 24 माह

**(1) आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रुप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय :–** 04/11/2025 को 12:00 बजे तक। **(2) ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय :–** 04/11/2025 को 12:00 बजे के बाद। **(3) वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :–** वेबसाईट **www.ireps.gov.in** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/ परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय**
**पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर**
**पीआर/1116/एसपीजे/इंजी०/टी/25–26/48**



**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना संख्या : ECR_VSS_OT-01_25-26 दिनांक – 06.10.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरीय मंडल विद्युत अभियंता/मेमू, झाझा, पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर, मेमू कार शेड, झाझा, निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए फॉर्म/एजेंसी/ठेकेदार जिन्हें किसी भी राज्य/केंद्र सरकार के पास से वैद्य लाइसेंस तथा पर्याप्त अनुभव एवं वित्तिय क्षमता है, से ऑनलाइन (ई टेंडरिंग) खुली निविदा आमंत्रित की जाती है –

**1. कार्य का नाम एवं कार्यस्थल :** आरडीएसओ के विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/ 106/2025 संस्करण 3.1 या नवीनतम के अनुसार एमईएमयू कोचों में आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, 3 वर्ष की वारंटी अवधि की समाप्ति के बाद 5 वर्ष की सीएएमसी के साथ। **2. कार्य अवधि की पूर्णता अवधि :** 12 महीने।, **3. कार्य का अनुमानित लागत :** रु. 427208419.46 (रुपये बयालीस करोड़ बहत्तर लाख आठ हजार चार सौ उन्नीस एवं छियालीस पैसे मात्र, **4. अग्रधन राशि :** रु. 22,86,100/– (बाईस लाख छियासी हजार एक सौ मात्र), **5. निविदा जमा करने एवं खुलने की तिथि व समय :** निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 28.10.2025 को 15:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 15:30 बजे निविदा खोली जाएगी। **6. वेबसाइट विवरण और सूचना, बोर्ड का स्थान, जहां पूरा टेंडर नोटिस का विवरण मिले :** विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज **CRIS's** वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in/** से देखा जा सकता है। नोटिस का पूरा विवरण वरीय मंडल विद्युत अभियंता/मेमू, झाझा, मेमू कार शेड झाझा पूर्व मध्य रेवले, दानापुर के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। सभी शुद्धि (corrigendum) इसी वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी यदि आवश्यक हो।

**वरीय मंडल विद्युत अभियंता/मेमू, झाझा**
**मेमू कार शेड झाझा**
**पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर**
**पीआर/1111/एमसीएस/जेएजे/विद्युत/टी/25–26/52**

संपादकीय

# गाजा प्लान, संशय अभी बाकी

इजराइल और हमास के बीच दो साल से जारी युद्ध के गाजा युद्धविराम प्लान के बाद समाप्त होने की उम्मीदें अभी भी संशय के घेरे में हैं। मंगलवार को मिस्र में हमास और इजराइली प्रतिनिधियों के बीच बातचीत के पहले सोमवार को इजराइल ने गाजा के अल बसरा इलाके पर हवाई हमले किए, जिसमें 15 लोगों के मारे जाने की खबर है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल को तुरंत हमले रोकने के लिए कहा है। उधर हमास ने राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में गाजा प्लान को मंजूरी तो दे दी है, लेकिन हथियार डालने से मना कर दिया है। ऐसे में क्या गाजा प्लान गाजा में सचमुच शांति ला पाएगा, इस पर प्रश्नचिन्ह अभी भी लगा हुआ है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अभी भी पूरी तरह आशावान है। इसका एक कारण यह भी है कि दुनिया के लगभग सभी देशों ने गाजा में शांति स्थापित करने की इस पहल का स्वागत किया है, जिसमे भारत भी शामिल है। ट्रंप की योजना के तहत हमास तीन दिनों में 48 बचे हुए बंधकों को छोड़ देगा, जिनमें से करीब 20 जिंदा माने जाते हैं। इसके अलावा, हमास को सत्ता छोड़नी होगी और हथियार डालने होंगे। बदले में इस्राइल अपनी सैन्य कार्रवाई बंद करेगा, कई क्षेत्रों से पीछे हटेगा, सैकड़ों कैदियों को रिहा करेगा और मानवीय मदद तथा पुनर्निर्माण की अनुमति देगा। इस योजना के तहत ग़ज़ा में एक स्थानीय, तकनीकी प्रशासन स्थापित किया जाएगा जो रोज़मर्रा की सेवाएं चलाएगा, और इसका संचालन मिस्र स्थित 'बोर्ड ऑफ़ पीस' करेगा। हमास के वे सदस्य जो 'शांतिपूर्ण तरीक़े से साथ रहने' और हथियार छोड़ने के लिए तैयार होंगे, उन्हें माफ़ी मिलेगी और अन्य सदस्यों को निर्वासित किया जाएगा। अमेरिका और अरब देशों द्वारा बनाई गई अंतरराष्ट्रीय सेना ग़ज़ा में सुरक्षा संभालेगी और फिलिस्तीनी सशस्त्र समूहों के हथियार छोड़ने को सुनिश्चित करेगी। वैसे हमास के पास यह योजना स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इजराइल ने उसे पहले ही बहुत कमजोर कर दिया है। बाकी अरब देशों का दबाव भी उस पर है। उधर इजराइल की प्राथमिकता किसी तरह अपने बंधकों को हमास के कब्जे से छुड़ाने की है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यहूदी पर्व सुक्कोत (जो सोमवार शाम से शुरू होकर एक सप्ताह चलेगा) के दौरान बंधकों की रिहाई हो सकती है। इस्राइल के बंधक मामलों के समन्वयक ने कहा कि देश 'पूरी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प' के साथ सभी बंधकों को छुड़ाने की कोशिश करेगा। गाजा में अब इस्राइल केवल रक्षात्मक स्थिति में रहेगा और सक्रिय हमले नहीं करेगा, लेकिन सैनिकों को हटाया नहीं गया है। ट्रंप ने नेतन्याहू पहले ही कह दिया था कि अगर हमास इस प्रस्ताव को नहीं मानता है तो अमेरिका उसे 'पूरी तरह समर्थन देगा ताकि आप जो करना चाहते हैं, कर सकें।' उधर ट्रंप के प्लान को लेकर पाकिस्तान उलझन में पड़ गया है। पहले समर्थन के बाद पाकिस्तान ने अब पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा है कि मसौदे के सभी पहलुओं से वह खुश नहीं हैं। क्योंकि उनकी मांगों को ड्राफ्ट में नहीं रखा गया है। वहां लोग पूछ रहे हैं कि आखिर अमेरिका और इजरायल कैसे बैठकर फिलिस्तीनियों का भविष्य तय कर सकते हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा है कि गाजा के लिए अमेरिकी शांति योजना उनको स्वीकार्य नहीं होगी, अगर इसमें आठ मुस्लिम देशों के संयुक्त रूप से प्रस्तावित संशोधनों को शामिल नहीं किया जाता। हालांकि पाकिस्तान के ऐतराज को ट्रंप और नेतन्याहू कोई तवज्जो देंगे, इसकी संभावना कम ही है। अहम बात यह है कि शांति स्थापित हो।

# केवल लाभ का साधन न बने दवा उद्योग

**भारत में हाल ही में मध्य प्रदेश और राजस्थान में खांसी की दवा कोल्ड्रिफ के सेवन से 12 मासूम बच्चों की मौत की खबर ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। यह घटना केवल एक दवा की गुणवत्ता का मामला नहीं, बल्कि उस पूरे नियामक तंत्र की पोल खोलती है जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया था। सवाल यह नहीं कि ये मौतें कैसे हुईं, बल्कि यह है कि आखिर क्यों हर कुछ सालों में ऐसी घटनाएं दोहराई जाती हैं? क्यों अब तक दवा निर्माण और परीक्षण की प्रक्रिया में सुधार नहीं हो पाया? और क्यों बच्चों की जान जाने के बाद ही सिस्टम जागता है?**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**



तमिलनाडु की श्रीसन फार्मास्युटिकल्स द्वारा निर्मित इस कफ सिरप के नमूनों में 48.6त्न डाई एथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) पाया गया, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार इसकी मात्रा 0.10त्न से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह रसायन अत्यंत खतरनाक इंडस्ट्रियल सॉल्वेंट है, जिसका उपयोग आम तौर पर ब्रेक फ्लूइड, एंटीफ्रीज़ या औद्योगिक उपयोगों में किया जाता है, मानव शरीर में नहीं। डीईजी शरीर में पहुंचने पर किडनी फेलियर, लकवा और अंततः मृत्यु का कारण बन सकता है। दुखद यह है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। भारत में 1990 के दशक से अब तक डीईजी से जुड़ी कई त्रासदियां हो चुकी हैं- हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, और अब मध्य प्रदेश व राजस्थान। हर बार कुछ दर्जन मासूमों की जान जाती है, कुछ दिन तक जांच चलती है, रिपोर्टें बनती हैं, और फिर धीरे-धीरे सब कुछ पहले जैसा हो जाता है। यही चक्र हर कुछ वर्षों में फिर घूम जाता है।

सन् 2022 में गाम्बिया में भारतीय कफ सिरप से 70 से अधिक बच्चों की मौत ने भारत की वैश्विक साख पर गहरी चोट पहुंचाई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी जारी की थी कि भारतीय दवाओं की गुणवत्ता को लेकर गंभीर खतरा है। ठीक उसके बाद उज़्बेकिस्तान में भी ऐसी ही घटनाएं सामने आईं। परंतु क्या इन घटनाओं के बाद भारत ने अपनी निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ किया? जवाब है- नहीं। आज भी छोटे-मंझोले स्तर पर काम करने वाली अधिकांश दवा कंपनियां बिना पर्याप्त गुणवत्ता परीक्षण के उत्पाद बाजार में उतार देती हैं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की 2024 की रिपोर्ट बताती है कि 68 प्रतिशत एमएसएमई फार्मा कंपनियां गुणवत्ता की कसौटी पर फेल हुईं। वर्ष 2023 की जांच में यह आंकड़ा 65 प्रतिशत था। यानी स्थिति सुधरने के बजाय और बिगड़ रही है। यह तथ्य अपने आप में चौंकाने वाला है कि जिस देश को 'विश्व की फार्मेसी' कहा जाता है, वहीं अपनी दवाओं की विश्वसनीयता पर सबसे अधिक संदेह है।

इन घटनाओं की जड़ में सबसे बड़ा कारण है सरकारी निगरानी तंत्र की नाकामी। हमारे यहां दवाओं की गुणवत्ता जांचने वाली संस्थाएं मौजूद तो हैं, लेकिन उनका काम प्रायः कागज़ी औपचारिकता बनकर रह जाता है। गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है और परीक्षण रिपोर्टों में गड़बड़ियों के अनगिनत उदाहरण सामने आते हैं। कई बार दोषी कंपनियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने में सालों लग जाते हैं, और जब तक न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ती है, कंपनी फिर से काम शुरू कर देती है।

भ्रष्टाचार इस व्यवस्था की जड़ में समाया हुआ है। रिश्वतखोरी और राजनीतिक संरक्षण के चलते कई बार गुणवत्ता से समझौता कर लिया जाता है। कंपनियां सस्ते और निम्नस्तरीय कच्चे माल का उपयोग करती हैं, जिससे लागत घटती है और मुनाफा बढ़ता है, किंतु कीमत चुकाते हैं उपभोक्ता कभी जान से, कभी विश्वास से। डाई एथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) जैसी सामग्री दवाओं में इसलिए मिल जाती है क्योंकि यह ग्लिसरीन या प्रोपाइलीन ग्लाइकॉल से सस्ती होती है। ये पदार्थ आमतौर पर दवाओं को गाढ़ापन देने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। लेकिन डीईजी जैसे रसायन रंगहीन, गंधहीन और मीठे होते हैं यानी पहचानना मुश्किल होता है। परिणामस्वरूप, यदि परीक्षण में लापरवाही हो तो यह आसानी से दवा में शामिल होकर ज़हर का रूप ले लेता है। कानून के अनुसार, हर फार्मा कंपनी को किसी भी तरह के ग्लाइकॉल या सॉल्वेंट के उपयोग से पहले उसकी शुद्धता का प्रमाण प्रस्तुत करना चाहिए। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अधिकांश छोटे निर्माता ये परीक्षण या तो करते नहीं, या कागजों में दिखा देते हैं। इसी लापरवाही का परिणाम हैं वे मासूम ज़िंदगियाँ जो कफ सीरप की कुछ चम्मचों से बुझ जाती हैं।

जब भी कोई ऐसी घटना होती है, तब सरकारें जांच समितियां गठित करती हैं, एडवाइजरी जारी करती हैं, और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन देती हैं। परंतु कुछ सप्ताह बीतते ही सब कुछ सामान्य हो जाता है। इस बार भी यही हुआ, केंद्र ने दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप न देने की सलाह जारी की। सवाल यह है कि क्या इस चेतावनी के लिए 12 बच्चों की मौत का इंतजार जरूरी था? अगर पहले से ही नियमों का कठोर अनुपालन होता, तो शायद आज ये बच्चे जीवित होते।

भारत की दवा उद्योग विश्व में तीसरे स्थान पर है। 200 से अधिक देशों में भारत की जेनेरिक दवाएं निर्यात होती हैं और दुनिया के कई गरीब देशों के लिए भारतीय दवाएं जीवनरेखा हैं। परंतु जब भारत में बनी दवाओं से विदेशों में मौतें होती हैं, तो केवल किसी कंपनी की नहीं, बल्कि पूरे देश की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। गाम्बिया और उज़्बेकिस्तान की घटनाओं के बाद कई अफ्रीकी देशों ने भारतीय फार्मा कंपनियों के साथ अपने करारों पर पुनर्विचार शुरू कर दिया था। ऐसी स्थिति हमारे लिए आर्थिक ही नहीं, नैतिक और मानवीय संकट भी है।दवा उद्योग केवल व्यापार नहीं, बल्कि मानवता की सेवा है। लेकिन आज यह उद्योग प्रतिस्पर्धा और मुनाफे की होड़ में अपने नैतिक दायित्व को भूल गया है। जब तक इस क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक मूल्यों का समावेश नहीं होगा, तब तक किसी भी सुधार का स्थायी प्रभाव नहीं पड़ेगा। दवा निर्माण के हर चरण, कच्चे माल की खरीद से लेकर पैकेजिंग और वितरण तक सख्त निगरानी की आवश्यकता है।

भारत के पास दवा निर्माण की क्षमता, संसाधन और प्रतिभा की कोई कमी नहीं। जरूरत है, तो केवल नियामक तंत्र को मजबूत बनाने और उसे भ्रष्टाचार से मुक्त करने की। दवा परीक्षण के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना, फार्मा उद्योग में डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग, और दोषी कंपनियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई- ये कदम अनिवार्य हैं। इसके साथ ही, आम जनता में भी जागरूकता बढ़ानी होगी ताकि उपभोक्ता बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाओं का प्रयोग न करें और संदिग्ध उत्पादों की सूचना दें। हर बार जब किसी मासूम की जान जाती है, तो केवल एक परिवार नहीं, पूरी व्यवस्था असफल साबित होती है। बच्चों की ये मौतें हमें यह याद दिलाती हैं कि स्वास्थ्य सुरक्षा केवल सरकारी दस्तावेज़ों या एडवाइजरी का विषय नहीं, बल्कि जीवन का प्रश्न है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि यदि हम अपने नागरिकों के लिए सुरक्षित दवाओं की गारंटी नहीं दे सकते, तो हमारी तकनीकी प्रगति और आर्थिक उपलब्धियाँ अर्थहीन हैं।

यह समय आत्ममंथन का है सरकार, उद्योग और समाज, तीनों के लिए। हमें तय करना होगा कि दवा उद्योग को केवल लाभ का साधन बनाना है या जीवन रक्षक व्यवस्था के रूप में पुनर्स्थापित करना है। यदि नियंत्रण, नैतिकता और पारदर्शिता की तीन मजबूत दीवारें खड़ी नहीं की गईं, तो हर कुछ वर्षों में यही खबरें लौटकर आएँगी 'कफ सीरप से बच्चों की मौत।' मानवता का तकाजा यही है कि हम इस त्रासदी से सबक लें, ताकि भविष्य में कोई माता-पिता अपने बच्चे को खांसी की दवा देने से पहले भयभीत न हों। दवा को ज़िंदगी का पर्याय बने रहना चाहिए मौत का नहीं।

अध्यात्म

## दुख देने वाली बातों को भूलकर अच्छे अनुभव पर ध्यान देना चाहिए

एक शिष्य बहुत उदास रहता था, एक दिन गुरु ने उसे नींबू शरबत में ज्यादा नमक डालकर पीने के लिए दिया, शिष्य ने कहा, 'इसमें शकर डाल देंगे तो ये पीने योग्य हो जाएगा' जाने-अनजाने में हुई गलतियों को भूलकर हमें आगे बढ़ना चाहिए। अगर दुख देने वाली बातों पर ही टिके रहेंगे तो जीवन का दुख कभी भी दूर नहीं हो पाएगा। इसीलिए बुरी बातों पर नहीं अच्छी बातों पर ध्यान देना चाहिए। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है।

कथा के अनुसार पुराने समय में किसी गुरुकुल में एक शिष्य बहुत उदास रहता था। उसके गुरु उसे रोज देखते, लेकिन सोचते कि कुछ दिनों में इसका मन ठीक हो जाएगा। काफी दिन बीत जाने के बाद भी शिष्य आश्रम में दुखी ही रहता था। एक दिन गुरु ने उससे कहा कि आज शाम को तुम मेरे पास आना, मुझे कुछ बात करनी है। शाम को पढ़ाई पूरी होने के बाद शिष्य गुरु के पास पहुंचा तो गुरु ने उससे कहा कि तुम इतना उदास क्यों रहते हो? शिष्य बोला, 'गुरुजी बीते समय में मेरे परिवार में बहुत परेशानियां एक साथ आ गई थीं। पुरानी बातों को याद करके मेरा पूरा परिवार बहुत दुखी रहने लगा है। उन्हें याद करके मैं यहां दुखी रहता हूं। मेरा मन पढ़ाई में भी नहीं लग पाता है।' गुरु ने कहा, 'क्या तुम नींबू शरबत पियोगे? उससे तुम्हें अच्छा महसूस होगा।' शरबत के लिए शिष्य मान गया। गुरु ने नींबू शरबत बनाया और जानबूझकर उसमें नमक ज्यादा डाल दिया।

शिष्य ने जैसे ही थोड़ा सा शरबत पिया तो ज्यादा नमक की वजह से उसका मुंह बिगड़ गया। उसने गुरु से कहा, 'गुरुजी इसमें नमक बहुत ज्यादा हो गया है।' गुरु बोले, 'अच्छा, शायद गलती से ज्यादा नमक डल गया है। मैं इसे फेंक देता हूं। फिर दूसरा शरबत बना लेते हैं।' शिष्य बोला, 'गुरुजी इसे फेंकने की जरूरत नहीं है, इसमें थोड़ी शकर डाल देंगे तो मिठास से शरबत का खारापन कम हो जाएगा और हम इसे पी सकेंगे।' गुरु बोले, 'बिल्कुल सही बात है। ठीक इसी तरह जब हमारे जीवन में बुरा समय आता है तो हमें भी दुख देने वाली बातों को भूलकर जीवन के अच्छे अनुभवों पर ध्यान लगाना चाहिए। ऐसा करने से बुरे समय में भी हमारी सोच सकारात्मक रहती है। अगर हम बीते समय की दुख देने वाली बातों पर ही टिके रहेंगे तो जीवन का दुख कभी खत्म ही नहीं हो पाएगा। इसीलिए सिर्फ अच्छी बातों पर ध्यान लगाना चाहिए।'

# नर्मदा महोत्सव का उल्लास और दम तोड़ती नर्मदा


**नर्मदा नदी के किनारे बसे कई शहर और नगर आज नदी प्रदूषण के प्रमुख स्रोत बन चुके हैं। यह प्रदूषण मुख्यतः घरेलू सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक कचरा और धार्मिक अवशेषों के कारण बढ़ा है। परिणामस्वरूप नर्मदा का पानी पीने योग्य नहीं रह गया है और कई जगह जैव-ऑक्सीजन मांग (बीओडी) मानक से ऊपर पाई जाती है। होशंगाबाद और जबलपुर के पास फेकल कोलिफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा खतरनाक स्तर पर पाई गई है। यह न केवल पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरा है। नर्मदा बेसिन में सम्मिलित जिलों की आबादी सन् 1901 में लगभग 78 लाख थी जो 2001 में 3.31 करोड़ हो गई। अनुमान है कि 2026 आते- आते आबादी 4.81 करोड़ हो जाएगा तब नर्मदा घाटी के प्राकृतिक संसाधनों पर भारी दबाव होगा। इसलिए नर्मदा महोत्सव को मनाते हुए दम तोड़ती नर्मदा के सवालों पर चिंतन किया जाना भी जरूरी है।**

**राज कुमार सिन्हा**

प्रत्येक वर्ष शरद पूर्णिमा के दिन भेड़ाघाट में सरकार द्वारा नर्मदा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाता है। परन्तु इसी नर्मदा नदी में जबलपुर से प्रतिदिन लगभग 136 एमएलडी प्रतिदिन सीवेज (नाले-नालियों का गंदा पानी) सीधे नर्मदा में जा रहा था।अब जबलपुर में लगभग 58.7 एमएलडी सीवेज का ट्रिटमेंट हो पा रहा है, जबकि लगभग 115 एमएलडी सीवेज बिना ट्रीटमेंट के नर्मदा में अब भी जा रहा है। नर्मदा नदी मध्य भारत की जीवनरेखा है, जो लाखों लोगों को पेयजल, सिंचाई और आजीविका प्रदान करती है। परन्तु नर्मदा नदी की सहायक नदियों से कटते जंगलों का नर्मदा पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ा है।जिसका असर पारिस्थितिक तंत्र, जल विज्ञान और सामाजिक स्तरों पर हो रहा है। नर्मदा की छोटी बडी कुल 41 सहायक नदियां है, जिसमें से 19 नदियां ऐसी है जिसकी लम्बाई 54 किलोमीटर से भी अधिक है। ये सहायक नदियां ही सतपुड़ा, विंध्य और मैकल पर्वतों से बूंद- बूंद पानी लाकर नर्मदा को सदा नीरा बनाती है।लेकिन इनमें से कई नदियां सूखने के कगार पर है या फिर शहरों के आसपास नालों में तब्दील हो रही है।

नर्मदा किनारे अतिक्रमण,जलग्रहण क्षेत्र में पेड़ कटने और अवैध रेत खनन इस नदी की आत्मा को छलनी कर दिया है। नर्मदा की प्रमुख सहायक नदियां जैसे तवा, बनास, शेर, बेतुल की दूधी, हिर्दा, ओरस, गोई, शक्कर, बंजर, हालोन, बुढनेर आदि घने वनों से निकलती है। इन क्षेत्रों में जंगल कटने से वर्षा जल का भूगर्भ में रिसाव घटा है। जिससे झरनों और छोटी धाराओं का जल प्रवाह घटा है, सहायक नदियां मौसमी होती जा रही हैं और नर्मदा का वार्षिक जलप्रवाह घटकर असंतुलित हो गया है। पहले घने जंगल बारिश के पानी को रोककर धीरे-धीरे नदी में छोड़ते थे, जिससे नर्मदा साल भर बहती रहती थी। अब बरसात में अचानक बाढ़ जैसी स्थिति बनती है और गर्मी में नदी का जलस्तर तेजी से घटता है। इससे नर्मदा बेसिन के हाइड्रोलॉजिकल चक्र में बड़ा असंतुलन आ गया है। जंगलों के कटने के कारण मिट्टी का कटाव बढ़ा है। इससे सहायक नदियों में गाद जमने लगी है और नर्मदा के जलाशयों (जैसे तवा, बरगी, सरदार सरोवर) में सिल्टेशन (गाद) दर बढ़ी है, जिससे उनकी जलधारण क्षमता कम होती जा रही है।

जंगल कटने से वन्यजीवों के प्राकृतिक गलियारे टूटे, नदी तट की जैव विविधता घटी और नदी की स्वयं शुद्धिकरण क्षमता भी प्रभावित हुई है। नर्मदा घाटी के हजारों गांव जो खेती, मछली पालन और पेयजल के लिए इन नदियों पर निर्भर थे, अब जल संकट और आजीविका संकट का सामना कर रहे हैं। भूमिगत जलस्तर घटने से कुएं और बोरवेल सूखने लगे हैं। नर्मदा नदी पर बने बरगी, इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर और सरदार सरोवर बांधों में लगभग 60 हजार हेक्टेयर वन भूमि और जंगल डूब में आया है। प्रस्तावित मोरांड -गंजाल और बसनिया बांध से लगभग 5 हजार हेक्टेयर



घना जंगल डूब में आने वाला है। अगर नर्मदा की सहायक नदियों के जंगलों की पुर्नस्थापना नहीं की गई तो नर्मदा का प्रवाह क्रमशः घटेगा,नदी का 'परिणामी बहाव क्षेत्र घटेगा और मध्य भारत के जल-संतुलन पर स्थायी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नर्मदा की सहायक नदियों के जलागम क्षेत्रों में वनों की बहाली मृदा संरक्षण, वर्षा जल संचयन, और समुदाय-आधारित नदी पुनर्जीवन अभियान आवश्यक हैं।'

दूसरी ओर हाल के वर्षों में नर्मदा में अत्यधिक और अवैध रेत खनन ने इसके प्राकृतिक स्वरूप और संतुलन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। रेत केवल निर्माण सामग्री नहीं, बल्कि नदी के पारिस्थितिकी तंत्र की नींव होती है।रेत खनन से नर्मदा का तल गहराता जा रहा है, जिससे किनारों का कटाव बढ़ा और नदी का प्राकृतिक प्रवाह मार्ग अस्थिर हुआ है। कई स्थानों पर नदी का आकार और दिशा दोनों बदलने लगा है। रेत जल को छानने और नीचे पहुंचाने का काम करती है। इसके हट जाने से भूजल पुनर्भरण घटा है और नर्मदा घाटी के कई क्षेत्रों में कुएं और बोरवेल सूखने लगा है। रेत हटने से बरसात में तेज़ बाढ़ और गर्मियों में सूखापन बढ़ गया है। मछलियां, कछुए और अन्य जलीय जीव अपने प्राकृतिक आवास खो रहे हैं। नदी की स्वयं-शुद्धिकरण क्षमता भी कम हो गई है। अवैध रेत खनन से स्थानीय किसानों, मछुआरों और नाविकों की आजीविका प्रभावित हुई है। कई जगहों पर अपराध और सामाजिक तनाव भी बढ़े हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने नर्मदा में अवैध खनन पर कई बार रोक लगाई है। परंतु प्रशासनिक नियंत्रण के अभाव में समस्या बनी हुई है। वैज्ञानिक पद्धति से सीमित खनन और स्थानीय ग्राम सभाओं की भागीदारी से ही संतुलन संभव है।

तीसरा महत्वपूर्ण बात है कि नर्मदा नदी के किनारे बसे कई शहर और नगर आज नदी प्रदूषण के प्रमुख स्रोत बन चुके हैं। यह प्रदूषण मुख्यतः घरेलू सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक कचरा और धार्मिक अवशेषों के कारण बढ़ा है। परिणामस्वरूप नर्मदा का पानी पीने योग्य नहीं रह गया है और कई जगह जैव-ऑक्सीजन मांग (बीओडी) मानक से ऊपर पाई जाती है। होशंगाबाद और जबलपुर के पास फेकल कोलिफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा खतरनाक स्तर पर पाई गई है। यह न केवल पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरा है। नर्मदा बेसिन में सम्मिलित जिलों की आबादी सन् 1901 में लगभग 78 लाख थी जो 2001 में 3.31 करोड़ हो गई।अनुमान है कि 2026 आते- आते आबादी 4.81 करोड़ हो जाएगा तब नर्मदा घाटी के प्राकृतिक संसाधनों पर भारी दबाव होगा। इसलिए नर्मदा महोत्सव को मनाते हुए दम तोड़ती नर्मदा के सवालों पर चिंतन किया जाना भी जरूरी है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
घर का वातावरण बहुत ही शान्त रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई पर अत्यधिक ध्यान देंगे। बच्चों से शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृषभ**
भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वभाव में चंचलता का भाव रहेगा। कारोबार में बढ़ोत्तरी होने के योग बन रहे हैं। शुभ कार्यों में अत्यधिक धन खर्च कर सकते हैं।

**मिथुन**
जीवनसाथी के साथ बेहतरीन पलों का आनन्द उठायेंगे। बॉस प्रमोशन को लेकर चर्चा कर सकते हैं। जॉब में अचानक स्थानान्तरण होने की सम्भावना बन रही है।

**कर्क**
सहकर्मियों के साथ व्यवहार खराब न करें। किसी पारिवारिक सदस्य से झगड़ा हो सकता है। अनैतिक कार्यों से धन कमाने का प्रयास न करें।

**सिंह**
जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। मेहनत का लाभ मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अधिकारियों के साथ सम्बन्ध अच्छे रखें।

**कन्या**
कारोबार में बड़े समझौते कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। एकान्त में आपको समय अवश्य बिताना चाहिये।

**तुला**
ऑफिस का वातावरण बहुत ही शान्त और सहयोगात्मक रहेगा। किसी दूसरे व्यक्ति की सलाह को अधिक महत्व न दें। लेकिन लोग आपकी सलाह से लाभान्वित होंगे।

**वृश्चिक**
काम को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है। मन में उलझनों का अम्बार रहेगा। क्रोध में आकर प्रतिक्रिया देने से बचें। परिजनों के साथ डिनर पर जा सकते हैं।

**धनु**
सरकारी अधिकारियों को प्रमोशन मिल सकता है। बेरोजगार लोग यदि प्रयास करें तो जॉब मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा। परिवार में एकता का वातावरण रहेगा।

**मकर**
सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। गैस और कब्जियत की शिकायत हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उपलब्धियों पर अधिक अहंकार न करें।

**कुंभ**
व्यापार की परेशानियों का निवारण होगा। अनुभवी लोगों से आपको मार्गदर्शन मिलेगा। प्रियजनों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बितायेंगे।

**मीन**
आज आपको किसी से झूठ नहीं बोलना चाहिये। पैरों में सूजन और दर्द की शिकायत हो सकती है। छोटी-मोटी बातों को नजरअन्दाज न करें।

# चुनाव : नामांकन की तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक

## जिले के सात विधानसभा में कुल 21,29,452 हैं मतदाता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला प्रशासन द्वारा बिहार विधान सभा की तैयारियां चरम पर है। जिले के सभी सात विधानसभा सीटों के लिए 10 अक्टूबर से नामांकन प्रारंभ होगा। इसके लिए सभी निर्वाची पदाधिकारी द्वारा नामांकन की तैयारी की जा रही है। सभी निर्वाची पदाधिकारी द्वारा नामांकन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नामांकन 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक ली जायेगी। नामांकन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 18 अक्टूबर को होगी और नाम वापसी की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा सभी निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी के साथ बैठक कर नामांकन की तैयारी की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी निर्वाची पदाधिकारी को नामांकन को लेकर विडियोग्राफी, सीसीटीवी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। ताकि नामांकन की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से हो। इसके साथ ही उन्होंने नामांकन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया है। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 1200 मतदाताओं पर मतदान केन्द्र बनाया गया है। जिले में कुल 2537 मतदान केन्द्र बनाये गये है। जिला प्रशासन द्वारा सभी बूथों का भौतिक सत्यापन और बुनियादी सुविधाओं उपलब्ध कराई जा रही है। 85 वर्ष से अधिक मतदाताओं एवं पीडब्लूडी मतदाताओं के लिए व्हील चेयर एवं वोलेटियर्स की विशेष व्यवस्था उपलब्ध की जा रही है। इसके साथ ही इस बार मतदान केन्द्र पर निर्वाचकों की सुविधा को देखते हुए मोबाइल फोन जमा करने की भी व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप के माध्यम से लगातार प्रचार-प्रसार किया रहा है।



## विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क, निकाला गया फ्लैग मार्च

### लोगों से की गई निर्भीक होकर मतदान करने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित होते ही हथौड़ी थाना क्षेत्र में प्रशासनिक तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में बुधवार दोपहर को हथौड़ी पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर फ्लैग मार्च निकाला गया। इसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना और लोगों में निर्भीक होकर मतदान करने का माहौल तैयार करना था फ्लैग मार्च का नेतृत्व हथौड़ी थानाध्यक्ष मौसम ने किया। यह मार्च थाना परिसर से आरंभ होकर रहटौली गंलगंल चौक बल्लीपुर से परशुराम बंघार मुख्य सड़क मार्ग, सहित कई ग्रामीण इलाकों से होकर गुजरा। इस दौरान लोगों को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव में सहयोग करने की अपील की गई फ्लैग मार्च में स्थानीय पुलिस बल के साथ अर्धसैनिक बल (पैरा मिलिट्री फोर्स) के जवान भी शामिल थे। बलों ने पूरे क्षेत्र में पैदल गश्ती कर कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया थानाध्यक्ष मौसम ने बताया कि चुनाव को लेकर किसी भी प्रकार की असामाजिक या अफवाह फैलाने वाली गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है उन्होंने कहा कि सीमांचल और ग्रामीण इलाकों में सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत स्थानीय थाने को दें, ताकि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बना रहे । मौक पर पु अ नि मुखराम सिंह, सहित कई पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।



## निर्वाचन के निमित्त मॉक ड्रिल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के निमित्त सभी सेक्टर पदाधिकारी का प्रशिक्षण आयोजन किया गया। साथ ही मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया। सभी सेक्टर पदाधिकारी को 7 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक तक जिले के बीपी प्लस टू स्कूल बेगूसराय एवं एमआरजेडी कॉलेज बेगूसराय में प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रथम प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन पदाधिकारी, मतदान दल -1 एवं सेक्टर पदाधिकारी के साथ मक ड्रिल का भी आयोजन भी किया गया। बिहार विधान सभा आम चुनाव 2025 की सफल एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न स्तरों पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। राज्य निर्वाचन विभाग के अनुसार यह प्रशिक्षण चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें सटीक जानकारी प्रदान करने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा- निर्देशों एवं नवीनतम संशोधनों से अवगत कराया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं विश्वसनीय रूप से सम्पन्न कराने हेतु प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। आयोग का उद्देश्य है कि प्रत्येक स्तर पर कार्यरत कर्मियों को पूर्ण रूप से प्रशिक्षित कर चुनाव प्रक्रिया को त्रुटिरहित एवं व्यवस्थित बनाया जा सके।

## लग्जरी कार से छह लाख की शराब बरामद, एक गिरफ्तार

### यूपी से भोजपुर लाई जा रही थी शराब, शराब संबंधित मामलों के लिए विभाग ने जारी किया मो0 नंबर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए डीएम के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा भोजपुर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जहां लगातार सफलता मिल रही है। बुधवार सुबह धोबहा थाना क्षेत्र के बेहरा मोड़ से सुजुकी ब्रेजा कार से 396.480 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। चालक मुफस्सिल थाना क्षेत्र निवासी चिटकुंडी चकिया निवासी स्व गुटूर यादव के पुत्र दिनेश कुमार को गिरफ्तार गिरफ्तार कर जेल भेजा। बुधवार सुबह मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली कि एक कार द्वारा भारी मात्रा में विदेशी शराब उत्तर प्रदेश से भोजपुर ले जाया जा रहा है। निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम बनायी गई। टीम बेहरा मोड के पास पहुचीं। शक के आधार पर एक मारुति सुजुकी ब्रेजा कार को रोका गया। तलाशी करने पर वाहन के अंदर से 180 एमएल के 1536 पीस टेट्रापैक और 500 एमएल के 240 पीस बियर बरामद हुआ। जिसका बाजार मुल्य 6 लाख रुपये आंका जा रहा है। जब्त शराब को उत्तर प्रदेश से भोजपुर लायी जा रही थी। टीम में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सोनाली कुमारी, मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। इस उपलब्धि को देखते हुए विभाग ने एक मोबाइल नम्बर 9473400703 जारी किया है। बताया जा रहा कि इस मोबाइल नम्बर से कॉल या वाट्सएप के द्वारा अवैध शराब, परिवहन, भंडारण, बिक्री व सेवन की सूचना दी जाएगी। सूचना देने वाले का नाम पता व मोबाइल नम्बर गुप्त रखा जाएगा। आपके शिकायत पर विभाग त्वरित कार्यवाई करेगा।



## एक नजर

### मतदाता जागरूकता अभियान में बेल पैक्स अध्यक्ष निभा रहे हैं अहम भूमिका

**ओबरा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ओबरा प्रखंड के बेल पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सुबोश कुमार इन दिनों मतदाता जागरूकता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका के लिए सुर्खियों में हैं। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया है। आचार संहिता लागू होने से पहले ही वे गांव-गांव घूमकर लोगों को लोकतंत्र में अपने मत की अहमियत समझा रहे हैं। श्री कुमार का कहना है कि ध्शत-प्रतिशत मतदान से ही एक ईमानदार और जनहितैषी जनप्रतिनिधि का चयन संभव है। लोकतंत्र की असली ताकत वोट में निहित है, और इसे सजाने-संवारने की जिम्मेदारी हर मतदाता की है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत वे न केवल पुरुष मतदाताओं को, बल्कि महिलाओं को भी मतदान के प्रति प्रेरित कर रहे हैं। सुबोश कुमार गांवों और मोहल्लों में जाकर महिलाओं को मतदान प्रक्रिया और उसके महत्व के बारे में जानकारी दे रहे हैं। उनका मानना है कि अब महिलाएं भी मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं, और इस प्रवृत्ति को और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। आचार संहिता लागू होने के बाद सुभाष कुमार की सक्रियता और बढ़ गई है। वे विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को मतदान के दिन घर से बाहर निकलकर मतदान करने का आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सहभागिता का एक पवित्र अवसर है।

### पुरूष नसबंदी पर एक दिवसीय कार्यशाला

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आज पटना के ऊर्जा अडिटोरियम में पुरुष नसबंदी विषय पर एक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बिहार के विभिन्न ब्लॉकों से आए काउंसलर, डॉक्टर तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई तथा अब तक की उपलब्धियों पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर प्रत्येक ब्लक के काउंसलर को अपने सर्वश्रेष्ठ कार्य को प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। प्रतिभागियों ने पीपीटी का मौखिक प्रस्तुति के साथ-साथ पोस्टर प्रदर्शन भी किया। इस प्रतियोगिता में पीएचसी भगवानपुर की काउंसलर नीयति मिश्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार हासिल किया। राज्यस्तरीय टीम ने उनकी प्रस्तुति, आत्मविश्वास और संवाद कौशल की सराहना की तथा उन्हें इसी आत्मविश्वास के साथ आगे भी कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। नीयति मिश्रा की इस उपलब्धि पर बेगूसराय टीम के सभी सदस्य गर्वित और प्रसन्न दिखाई दिए।

### वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के समसा से एक एनबीडब्लू वारंटी को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी समसा के फौदार महतो का पुत्र रौशन महतो है। वह न्यायालय में लंबे समय से अपनी उपस्थिति नहीं दे रहे थे। लगातार अनुपस्थित रहने से न्यायालय ने इनके विरुद्ध गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसमें एसएचओ राजीव कुमार रंजन, एस आई विश्व जीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### कन्या पूजन एवं ब्रह्म जयनोर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय पंचायत नावकोठी के चांदनी चौक पर अवस्थित नवयुवक वैष्णवी दुर्गा मंदिर में दशहरा के उपरांत कन्या पूजन एवं ब्रह्म जयनोर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम माता भगवती की दैनिक आरती की गई। इसके उपरांत 51 कन्याओं का पंडित दर्शन पाठक ने विधिपूर्वक पूजा अर्चना कराई। इसमें क्षेत्र के कन्याओं को निमंत्रण दिया गया। निमंत्रित कन्याओं का पूजन के उपरांत खीर, पूरी का भोजन कराया गया। इसके उपरांत ब्राह्मणों को भी भोजन कराया गया। इसके उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद लेने हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार शर्मा, सचिव विजय सहनी, महासचिव बीरेंद्र चौधरी, सह सचिव संजीत कुमार महतो, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, पूजारी विकास कुमार, समिति के सदस्य मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने अपनी एक पोस्ट में कहा कि रामविलास पासवान ने समाज के वंचितों, शोषितों और पिछड़े वर्ग के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया। छात्र जीवन से ही उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और वंचितों के अधिकार की आवाज उठाई। रामविलास जी का सहृदय व्यक्तित्व और जनसेवा का संकल्प हम सभी की स्मृतियों में सदैव जीवित रहेगा। रामविलास पासवान जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करता हूँ।

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बूढ़ी गंडक नदी से अवैध रूप से सफेद बालू कटाई मामले में नौला पिकेट प्रभारी अकरम खान ने सफेद बालू लदे ट्रैक्टर को भीठ गांव से बरामद किया। गाडी छोड़ कर ड्राइवर फरार हो गया। उक्त बिना नंबर की ट्रैक्टर भीठ निवासी केदार पासवान के पुत्र धूपलाल पासवान की बताई जाती है। पिकेट प्रभारी ने बताया कि अवैध खनन का मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## सिमरिया कल्पवास मेला का उद्घाटन

### 7 अक्टूबर से 17 नवंबर तक आयोजित कल्पवास मेले में पहुंचेंगे कई संत महात्मा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले के सिमरिया गंगा तट पर कार्तिक माह तक चलने वाला राजकीय कल्पवास मेला मंगलवार से शुरू हो गया है। मेला का उद्घाटन जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला एवं पुलिस अधीक्षक मनीष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर मेला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि सिमरिया सिर्फ बेगूसराय ही नहीं देश का धरोहर है एवं आदिकाल से ही सिमरिया धाम का अपना पौराणिक धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व रहा है। जिला प्रशासन 7 अक्टूबर से 17 नवंबर तक आयोजित कल्पवास मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं साधु-संतों की सेवा के लिए तैयार और तत्पर है। उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण के लिए पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों आदि की प्रतिनियुक्ति विभिन्न क्षेत्रों में की गई है। विशेष अवसरों पर आयोजित प्रथम परिक्रमा, द्वितीय परिक्रमा एवं तृतीय परिक्रमा के साथ-साथ दीपावली, नहाय खाय, खरना, प्रथम अर्घ्य, द्वितीय अर्घ्य तथा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भीड़ प्रबंधन एवं समुचित विधि-व्यवस्था संधारण के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं साधु-संत उपस्थित थे।



## पंप चालक को नहीं मिलता मानदेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नल जल योजना द्वारा संचालित जलापूर्ति योजना के तहत कार्यरत पंप संचालक विगत छह वर्षों से मानदेय के लिए टपला खा रहे हैं। मामला डफरपुर पंचायत के वार्ड संख्या 3 के वृंदावन का है। पंप संचालक श्रीराम सिंह ने बताया कि सात निश्चय के तहत ग्रामीण क्षेत्र में हर घर नलजल योजना के तहत थाना संख्या 202 खाता संख्या 84 खेसरा संख्या 422,426 पर पंप छह वर्ष पूर्व लगाया गया था। स्थापना काल से ही उन्हें बतौर पंप संचालक के रूप तैनात किया गया था। स्थापना काल से आज तक एक भी रुपया मानदेय के रूप में भुगतान नहीं किया गया है। मानदेय भुगतान हेतु प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा जिलाधिकारी के कार्यालय में लिखित आवेदन दिया। कई बार मौखिक भी गुहार लगायी, पर पदाधिकारियों के द्वारा केवल आश्वासन ही मिला। मानदेय भुगतान नहीं होने से परिवार अब भूखमरी के कगार पर पहुँच गया है। मानदेय भुगतान नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई तथा परिवार के बीमार सदस्यों के इलाज में भी कठिनाई हो रही है। उन्होंने वरीय पदाधिकारी से अविलंब मानदेय भुगतान कराने की गुहार लगाई है।

## गिट्टी लदे ट्रक से अंग्रेजी शराब बरामद

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंसूरचक थानाध्यक्ष गोविंद कुमार पांडे ने ओरियामा पेट्रोल पंप के निकट मंसूरचक की ओर से दलसिंहसराय जा रही गिट्टी लदे ट्रक को रोक जांच पड़ताल किया। थानाध्यक्ष श्री पांडे बताया कि जांच पड़ताल में ट्रक से रयल स्टैग का 750 एमएल का पांच कार्टून 60 बोतल व किंगफिशर स्ट्रन्ग प्रीमियम बियर का 500 एमएल का 50 कार्टून बरामद किया गया। तथा उक्त ट्रक के साथ लाइनिंग कर रहे हरे रंग की क्रेटा गाड़ी को रोककर पूछताछ करने पर थाना क्षेत्र के छबीलापुर गांव निवासी राम बहादुर पासवान का पुत्र अमरजीत कुमार उर्फ पसेरिया तथा सीमावर्ती समस्तीपुर जिला के खानपुर थाना क्षेत्र के खानपुर निवासी दिनेश चौधरी का पुत्र धरंजय कुमार एवं क्रेटा कार व टाटा 18 चक्का ट्रक संख्या बीआर 03जीए 6149 को जब्त कर लिया। उक्त छपेमारी में अवर निरीक्षक देवेंद्र कुमार, अनिल कुमार सिंह, दलबल के साथ शामिल थे।

## एनडीए जीतेगा दरभंगा की सभी दस विधानसभा सीटें : सांसद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी के निमित्त भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बुलंदशहर के सांसद सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री भोला सिंह तथा लोकसभा प्रभारी सह उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी सम्मिलित हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रो0 आदित्य नारायण मन्ना ने की। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने अपने संबोधन में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सक्रियता तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया। भोला सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के मार्ग पर अग्रसर है। बिहार में भाजपा संगठन मजबूत और सक्रिय है, और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रचंड बहुमत से विजय प्राप्त करेगी। वहीं, लोकसभा प्रभारी उपेंद्र तिवारी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा की शक्ति का आधार है। उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब हर कार्यकर्ता अपने बूथ को सशक्त बनाए और जनता से सीधे जुड़कर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दे। बैठक में जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, डा. प्रेममोहन मिश्रा, मीना झा, अमरनाथ झा, डॉ मृदुल शुक्ला, जिला के पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के संयोजक सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विजय चौधरी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मीना झा ने किया।



## दो पालियों में होगा वर्ग संचालन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के उत्क्रमित स्कूल सैदपुर विष्णुपुर अब दो पालियों में संचालित होगा। इस संबंध में डीईओ बेगूसराय ने पत्रांक 2641, 6.10.25 पत्र जारी कर यह आदेश दिया गया है। मध्य विद्यालय स्तर तक के स्कूली छात्र, छात्राओं का वर्ग संचालन प्रातः कालीन 6.30 बजे से 11 बजे तक तथा उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र, छात्राओं के लिए वर्ग संचालन पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 4.30 बजे तक होगा। विदित हो कि इस स्कूल का अपग्रेडेशन कर कक्षा बारहवीं तक की पढ़ाई हेतु शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी। मध्य विद्यालय स्तर तक 591 बच्चें तथा माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर तक 650 बच्चें नामांकित हैं। इस स्कूल में मध्य विद्यालय स्तर तक के लिए 7 कमरे तथा उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर तक मात्र 3 टीन शेड वाले कमरे उपलब्ध हैं। सिर्फ 10 कमरे में 1241 बच्चें को एक साथ पठन पाठन कराने में काफी असुविधा होती थी। प्रधानाध्यापक ने इसके लिए प्रखंड से जिला के कार्यालय में दस्तक दिया। इधर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने पठन पाठन में हो रही कठिनाई के मद्देनजर डीईओ को दो पालियों में पठन पाठन कराने की अनुशंसा की। डीईओ ने विधायक के अनुशंसा को त्वरित संज्ञान में लेते हुए कमरे की उपलब्धता तक दो पालियों में विद्यालय संचालन करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के जारी होने पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। दूसरी और ग्रामीण चंद्रमणी भारती, चंद्र भूषण चौधरी, अमरेश पोद्दार, चंदन कुमार , सुरेश पासवान, सुरेंद्र आदि ने खुशी जाहिर की है।

## प्रारंभिक विद्यालयों में भाषा मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** सभी प्रारंभिक विद्यालयों में हर तीन माह पर भाषा, गणित और विज्ञान विषयक मेला लगेगा। इसमें तमाम बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार गतिविधियां करायी जाएंगी और प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने दिशा-निर्देश जारी किया है। इसके अनुसार यह त्रैमासिक मेला महीने के दूसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी। पहली से पांचवीं कक्षा के भाषा एवं गणित विषयों के पाठ्यपुस्तकों में दिए गए पाठ के आधार पर स्थानीय सामग्रियों से शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) का निर्माण कराया जाएगा। निपुण कार्यक्रम-3.0 के तहत इस मेले का आयोजन अनिवार्य किया गया है। हिंदी भाषा में कक्षा एक के बच्चे अक्षरों को उनके ध्वनि के साथ मिलान करेंगे। कक्षा दो-तीन के बच्चे अक्षरों से बने सरल शब्दों को पढ़ना और लिखना सीखेंगे। कक्षा चार पांच के बच्चे शब्दों वाले वाक्य को पढ़ना और इससे संबंधित चर्चा करेंगे। एक मिनट में 35 से 54 शब्द पढ़ना और इससे संबंधित सवाल का उत्तर देना और दो से तीन शब्दों वाले सरल वाक्य लिखना-यह सब बच्चों की गतिविधियों में शामिल होगा। कक्षा छह से आठ तक के बच्चों के लिए गणित और विज्ञान मेला होगा। बच्चों के लिए विज्ञान और गणित का मॉडल बनाने में यह ध्यान रखेंगे कि विज्ञान प्रदर्श समाज के लिए उपयोगी हो। दैनिक जीवन में इसका उपयोग किए जाने वाले साधन, उपकरणों और यंत्रों से उन्नत और नवाचारी हो। गणित का प्रदर्शन मनोरंजक हो।

## संक्षिप्त समाचार

### आम चुनाव के मद्देनजर एसएसबी टीम की ब्रीफिंग

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण के द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न करने को लेकर नथुनी दुर्गा उच्च विद्यालय पुरन्दरा, भेलाही रक्सौल में सीमा सुरक्षा बल की टीम को अवांछित गतिविधि, सीमा पार आवाजाही एवं गैर कानूनी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । भेलाही में सीमा सुरक्षा बल की एक कंपनी मौजूद है । जिन्हें जिला प्रशासन की तरफ से सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है ।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी वाहनों की जांच की जाए। छापामारी अभियान में और तेजी लाई जाए एवं जो भी अवैध सामग्री यथा नारकोटिक्स,शराब आदि मिल रहा है तो उसे जब्त किया जाए। अगर अवैध धनराशि का आवागमन हो रहा है तो उसकी सूचना संबंधित वरीय पदाधिकारी को देते हुए उसे नियमानुसार जप्त कर लिया जाए।



### धूमधाम से मनी रामविलास पासवान की पुण्य-तिथि

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड लोजपा आर कार्यालय में धूम धाम से स्वर्गीय रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पर कार्यकताओं ने उनके तस्वीर पर फुल माला पहनाया, प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से सैकड़ों कार्यकताओं ने पहुंच कर उनके विचार धारा को सुना, प्रखंड अध्यक्ष बद्री पासवान ने कहा कि स्वर्गीय रामविलास पासवान जी सामाजिक न्याय के पुरोधा, जनसेवा, दलितों वंचितों के आवाज थे जिन्होंने अपने राजनीतिक विरोधियों के बीच हमेशा चर्चा में रहे,यह दिन केवल श्रद्धांजलि का नहीं वल्कि संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं, उसने समानता, सम्मान और विकास को राजनीति का आधार बनाया आज हमारे कार्यकर्ता संकल्प लेते हैं कि बिहार और बिहारियों को प्रथम पंक्ति के साथ हर कार्यकर्ता जनसेवा के साथ विकास के रण में पुरे समर्पण के साथ उतरेगा, लोजपा आर के कार्यकताओं ने बारी बारी से पार्टी के हित में बातें की ,इस अवसर पर शिव गोविंद पासवान, राजकुमार कुशवाहा, संजय कुशवाहा, रामचंद्र पासवान, रंजन पासवान,सदिक मियां, सुनील कुमार पाण्डेय,खेदू पटेल,विजय पासवान, पन्ना लाल साह, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### अनुमंडलीय अस्पताल में बड़ी कामयाबी जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने एक बार फिर मिसाल पेश की है। सामान्य प्रसव में जटिलता आने के बाद डॉ. स्वाति सपन की देखरेख में किया गया सिजेरियन ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा। जानकारी के मुताबिक, ग्राम कोईरिया टोला, रक्सौल निवासी श्रीमती स्वीटी कुमारी पति अर्जुन कुमार कुशवाहा को 28 सितंबर 2025 को अस्पताल में भर्ती किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि सामान्य प्रसव संभव नहीं है। तत्काल निर्णय लेते हुए डॉ. स्वाति सपन ने सर्जन डॉ. विजय कुमार को ऑपरेशन से प्रसव कराने का निर्देश दिया। डॉक्टरों की तत्परता और टीमवर्क की बदौलत ऑपरेशन सफल रहा और जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। 07 अक्टूबर 2025 को डॉ. स्वाति सपन ने स्वीटी कुमारी को छुट्टी प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर सर्जन डॉ. विजय कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक श्री आशीष कुमार, लेखा प्रबंधक शिल्पी कुमारी, जयप्रकाश कुमार, बीएमएम गगनदेव, एवं ओटी स्टाफ मौजूद रहे। डॉक्टरों की सूझबूझ और टीमवर्क से फिर गूंजा रक्सौल अस्पताल- 'सेवा ही धर्म' की मिसाल कायम की ।

### चार वारंटी गिरफ्तार, जेल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने अलग अलग मामले में फरार चल रहे चार वारंटीओ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटियों में चेगौना गांव निवासी शेषनाथ साह जो कि 1984 में हुए दंगा का अभियुक्त है। वही गिरफ्तार वारंटीओ में डोमहा टोला निवासी अनिल साह, बिनवलिया गाव निवासी मथुरा चौधरी एवं प्रकाश नगर निवासी ललन प्रसाद शामिल है। थानाध्यक्ष ज्वला कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय द्वारा सभी के ऊपर वारंट निर्गत था। जिसके आलोक में छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चारो वारंटीओ को जेल भेज दिया गया हैं।

### डीजल चोरी मामले में तीन सदस्यीय टीम गठित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निगम बेतिया में कथित डीजल चोरी समेत अन्य मामलो की जांच के लिए जिलास्तरीय तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिलाधिकारी धमेंद्र कुमार ने बताया कि नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर विभिन्न आरोपो कीजांच के लिए उप विकास आयुक्त सुमीत कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। इस टीम में डीडीसी सुमीत कुमार के अलावे राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम के निदेशक पुरुषोतम त्रिवेदी एवं चनपटिया नगर पंचायत के नवागत कार्यपालक पदाधिकारी को शामिल किया गया है। डीएम ने बताया कि गठित टीम को यथाशीघ्र जांच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया है।

### विभिन्न मामलों के 45 आरोपित गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न थाने की पुलिस मंगलवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 45 आरोपितों को गिरफ्तार की है। पुलिस इंस्पेक्टर विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में 26 वारंटी समेत 45 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से नौ की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतीय 43 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 663 लीटर 520 मिलीलीटर शराब, चार मोबाइल फोन व एक बाइक जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से तीन लाख एक हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया है।

### गौनाहा के नए बीडीओ ने लिया प्रभार

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गौनाहा प्रखंड के नए बीडीओ ऋषभ देव ने मंगलवार की देर शाम प्रभार ले लिया । उन्होंने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता सही ढंग से प्रखंड के सभी पंचायतों में हो। किसी प्रकार की शिकायत, काम में अनियमितता को लेकर आएगी तो संवेदक पर कार्रवाई की जाएगी । साथ ही साथ बिहार विधानसभा चुनाव जो की 11 नवंबर को द्वितीय चरण में रामनगर विधानसभा की है,शांति पूर्ण संपन्न करवाना।

### पुलिया ध्वस्त होने से माधोपुर पंचायत में संकट गहराया

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** माधोपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार शर्मा ने बुधवार को पंचायत से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि पंचायत के वार्ड संख्या 5, 6 और 9 में बने पुलिया भारी बारिश के बाद ध्वस्त हो गए हैं, जिससे पूरे इलाके में जलजमाव और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है।शर्मा ने बताया कि इन वार्डों में रहने वाले ग्रामीणों को बाजार, स्कूल और अस्पताल तक पहुंचने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, खेतों में लगी धान की फसल पूरी तरह पानी में डूबकर नष्ट हो चुकी है, जिससे किसानों को गहरा आर्थिक नुकसान हुआ है।

### शराब तस्कर गिरफ्तार, 48 पैक शराब बरामद

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भोपतपुर थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त वाहन जांच के दौरान शराब तस्करी का मामला उजागर हुआ है। जांच के क्रम में मधुबन थाना क्षेत्र के सावंगिया गांव निवासी छोटू कुमार, पिता रामजिनीश प्रसाद, को एक मोटरसाइकिल की डिक्की में छुपाकर ऑफिसर चॉइस फ्रूटी के 48 पीस (प्रत्येक 180 एमएल) कुल 8.640 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से शराब जब्त करते हुए तस्कर को हिरासत में ले लिया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर क्षेत्र में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जांच के दौरान पकड़ा गया आरोपी शराब की तस्करी कर अवैध मुनाफा कमाने की कोशिश में था।



# मतदान को निष्पक्ष, स्वतंत्र संपन्न कराना सबकी जिम्मेवारी : डीएम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिले में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्य तेजी से जारी है। इसी क्रम में बुधवार को शहर के चार स्थानों संत जोसेफ स्कूल, विपिन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामलखन सिंह यादव कालेज एवं राज इंटर कालेज में मतदान कार्य को संपन्न कराने के लिए मतदानकर्मियों को अलग अलग प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया, आवश्यक प्रपत्रों की पूर्ति, डिस्पैच और रिसीविंग सेंटर से संबंधित आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इवीएम संचालन की प्रक्रियाओं की भी जानकारी दी गयी। इवीएम सीलिंग और अनसीलिंग, सावधिक व आवधिक पैकेटों और खुला जमा किए जाने वाले लिफाफों की भी विधिवत जानकारी दी गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर कर्मियों को संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में जो भी जानकारी दी जा रही है, उसे पूरी गंभीरता से समझें। जो शंका हो, उसका समाधान यहीं कर लें, ताकि मतदान के दिन कोई परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तिकाओं का अध्ययन अवश्य करें। मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना मतदान कार्मिकों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार रविंद्रने कहा कि मतदान दल निर्वाचन आयोग के अधीन कार्य करता है और इस अवधि में सभी कर्मियों को निर्धारित स्थल पर ही रुकना है, किसी प्रकार का आतिथ्य स्वीकार करना वर्जित रहेगा। सभी कर्मी आपसी समन्वय और आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करेंगे।

## डुबहा गांव में तालाब में डूबने से एक की मौत दुसरे की चिंता जनक स्थिति

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के डुबहा गांव में मंगलवार के शाम पांच बजे के करीब पोखर में डुबने से एक बच्ची की मौत हो गई वहीं बचाने के लिए पहुंची दुसरी बच्ची भी चपेट में आ गई जिनकी स्थिति भी चिंता जनक बतायी जा रही है, गंभीर स्थिति को देखते हुए उनके परिजनों ने आदापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराया लेकिन स्थिति सामान्य नहीं होने के कारण उसे मोतिहारी रेफर कर दिया , मिली सूचना के अनुसार डुबहा गांव निवासी पन्ना लाल पासवान की बारह वर्षीय पुत्री लालसा कुमारी और मुकेश पासवान के तेरह वर्षीय पल्लवी कुमारी अन्य बच्चों के साथ बाढ़ की पानी में खेल रही थी खेलते खेलते पोखर में अन्दर चली गई जहां लालसा कुमारी डुबने लगी उसे देख बचाने की कोशिश की लेकिन बचा नहीं सकी,और पल्लवी ने भी पानी पीकर छटपटाने लगी , बच्चों के द्वारा हो हल्ला करने के बाद परिजनों ने दोनों बच्चियों को पानी से निकाल कर अपने अपने घर लाया,घर पर पहुंचते ही उसके माता-पिता का रो रो कर बुरा हाल हो गया, घटना के बाद दरपा थाना प्रभारी अनीस कुमार ने बताया कि आदापुर अंचल कार्यालय को सूचना देकर पुरी जानकारी दे दी गई है।



## नदी में डूबे किशोर के शव को 20 घंटे बाद एनडीआरएफ की टीम ने किया बरामद

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव स्थित सिजुआ नदी की उपधारा में स्नान करने के दौरान डूबे एक किशोर के शव को एनडीआरएफ की टीम ने 20 घंटे बाद बुधवार को बरामद कर लिया है। शव मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। शिकारगंज थाना की पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया है। मृतक आरिफ आलम (15) सेमरा सगरदिना गांव निवासी शेख वोजैर का पुत्र है। वह अपने दोस्तो के साथ मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे स्नान करने उक्त नदी में गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। यह देख साथियों ने बचाने की बहुत कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जिसके बाद इनलोगों ने शोर मचाया। सूचना पर पहुंचे गांव के गोताखोरों ने किशोर की तलाश की लेकिन असफल रहे। जिसके बाद सीओ आराधना कुमारी की मांग पर देर शाम को पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने मोटरबोट की मदद से नदी में तलाश की। लेकिन पूरी रात तक कुछ पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह आठ बजे लगभग 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद टीम को डूबे हुए स्थान से कुछ ही दूरी पर किशोर आरिफ का शव मिला।



## जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम/ विविपैट वेयर हाउस का किया निरिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह - जिला पदाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल के द्वारा राजनैतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय मोतिहारी स्थित ईवीएम/ वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वेयर हाउस के सुरक्षा प्रभारी पदाधिकारी से विभिन्न रजिस्टर संधारण की जानकारी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि ईवीएम वेयर हाउस में आने के पहले मेंन गेट पर सही से फ्रिस्किंग हो, कोई भी कर्मिगण या राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को मोबाइल के साथ अंदर प्रवेश वर्जित है,इसे सुनिश्चित करना होगा। ईवीएम वेयर हाउस में आने वाले सभी कर्मी का नाम, मोबाइल नंबर, आने का उद्देश्य, आने जाने वक़्त दोनों का समय इत्यादि की जानकारी संधारित करवाये। डीएम के द्वारा सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया एवं निर्देश दिया कि कोई भी डार्क स्पॉट नही छुटे,सभी एरिया सीसीटीवी से कवर रहे। वेयरहाउस के सुरक्षा में प्रतिनियुक्त सुरक्षाकर्मियों की उपस्थिति देखी गई एवं उनसे पूरी चौकस रहकर ड्यूटी करने का निर्देश दिया गया । इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मोतिहारी सरफराज नवाज की उपस्थित थे।



## दिल का दौड़ा पड़ने से मजदूर की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपने घर से मजदूरी करने जा रहे एक मजदूर को रास्ते मे दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई। घटना चीनी मिल के समीप की है। मृतक की पहचान माधोपुर बैरीया गाव निवासी शमीम आलम के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार सुबह वह अपने घर से मजदूरी करने के लिए सुबह अपने मोटरसाइकिल से निकला हुआ था। चीनी मिल के समीप पहुचते ही अचानक उसकी तबियत बिगड़ने लगी। स्थानीय लोगो के मुताबिक तबियत बिगड़ते देख वह मोटरसाइकिल रोककर सड़क किनारे बैठने का प्रयास करने लगे। लेकिन बैठने के कुछ देर बाद वह जमीन पर गिर गया और बेहोश हो गया। आसपास के लोगो ने बेहोसी की हालत में देख पुलिस को सूचित किया और उसे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने जांच के बाद शमीम आलम को मृत घोषित कर दिया। चिकिसक ने बताया कि उनकी मौत संभवतः हृदय गति रुकने से हुई है। परिजनों ने बताया कि शमीम आलम मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। आज भी वह मजदूरी करने के लिए ही घर से निकले थे। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि चीनीमिल गेट के समीप एक वृद्ध व्यक्ति गिरे हुए मिलने की सूचना मिली थी।

## एमएस कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मोतिहारी के सुप्रसिद्ध एम.एस कॉलेज में छात्रों के बीच जागरूकता कार्यक्रम की गई जिसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त मोतिहारी ने की जिसमें जिला स्वीप आईकॉन,जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, सहायक कोषागार पदाधिकारी,सहायक प्रबंधक डीआरसीसी सहित अन्य पदाधिकारी, बड़ी संख्या में छात्र एवं कालेज के प्राचार्य सहित अन्य प्रोफेसर गण उपस्थित थे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व को बताते हुए सभी लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही। उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा वर्ग से अपील की कि सभी युवा पहले तो मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करा ले एवं उसके पश्चात अपने अभिभावक सहित मताधिकार प्राप्त सभी लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सलाह दें और सभी युवा एक आइकॉन के रूप में काम करें। इस अवसर पर जिला की स्वाइप आईकॉन सुश्री अनुप्रिया ने लोकतंत्र आधारित गीतों से उपस्थित बच्चों को प्रभावित किया एवं उनसे अपील की शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाएं। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने भी संबोधित किया। सभी पदाधिकारी ने बताया कि 11 नवंबर को जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान की तिथि निर्धारित है। उसे सभी लोग याद रखेंगे और अचूक रूप से 11 नवंबर को अपना मतदान करेंगे।







## सेक्टर पदाधिकारिओं के साथ आरओ ने की बैठक



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभागार भवन में बुधवार को 03 नरकटियागंज विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक के दौरान आरओ श्री गुप्ता ने सभी सेक्टर पदाधिकारीओ को विशेष रूप से निर्देशित किया कि सभी जगहों पर आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही सभी बूथों पर बिजली, पानी, रैम्प आदि मूलभूत सुविधाओ को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। आरओ ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर दो बिजली सॉकेट रखना है। ताकि वेबकास्टिंग किया जा सके। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता चलाने का निर्देश दिया। आरओ ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर चुनाव से संबंधित आवश्यक निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सेक्टर पदाधिकारियो को वनरेबल बूथ और क्रिटिकल बूथ को चिन्हित कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता पेपर बैलेट से घर बैठे मतदान करेंगे। इसके लिए टीम गठित की जाएगी। और 80 प्लस व दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित किया जाएगा। बैठक में एआरओ सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह, सीओ सुधांशु शेखर, एसडब्ल्यूओ ओम प्रकाश नारायण सिंह, सुमंत राज के अलावे सभी सेक्टर पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## सौरभ तिवारी हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त सुधीर पांडेय गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के हरदिया गाव निवासी सौरभ तिवारी हत्याकांड कांड के मुख्य अभियुक्त सुधीर पांडेय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी बेतिया बस स्टैंड से हुई है। वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष ज्वला कुमार सिंह ने बताया कि सौरव तिवारी हत्या कांड में दो अभ्युक्त क्रमशः अमन कुमार सोनी, व भरत राम की गिरफ्तारी पहले हो चुकी है। वही पुलिस की दबिश के कारण छोटू दुबे ने न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया। न्यायालय से रिमांड पर लेकर छोटू दुबे से पूछताछ के दौरान उसने सुधीर पांडेय को घटना में मुख्य रूप से शामिल होने और एक दूसरे के पत्नी पर गलत टिप्पणी करने को लेकर घटना को अंजाम देने की बात बताई थी। उसके बाद से पुलिस लगातार सुधीर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सुधीर पांडेय को जेल भेज दिया गया है। इससे पहले भी कई मामले में जेल जा चुका है।

## वरीय रंगकर्मी प्रसाद रत्नेश्वर का जिला के रंगकर्मियों, कलाकारों, साहित्यकारों द्वारा किया गया अभिनन्दन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एल एन डी कॉलेज के सभागार में वरीय रंगकर्मी प्रसाद रत्नेश्वर का अभिनंदन रोशनाई फाउण्डेशन के तत्वावधान में जिला के रंगकर्मियों, कलाकारों और साहित्यकारों द्वारा किया गया। रोशनाई फाउंडेशन के सचिव गुलरेज शहजाद ने प्रसाद रत्नेश्वर का परिचय देते हुए कहा कि चंपारण के 150 वर्ष के प्रदर्श कला के इतिहास में किसी भी रंगकर्मी को यह सम्मान प्राप्त नहीं हुआ है। बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा प्रदर्श कला के लिए राष्ट्रीय स्तर मिला यह राष्ट्रीय सम्मान हमारे लिए गर्व और गौरव का है। कार्यक्रम के प्रारंभ में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मास मीडिया के छात्र आकाश कुमार ने संक्षिप्त एकल नाटक प्रस्तुत किया। श्री रतनेश्वर ने अपने उद्बोधन में अपने जीवन संघर्षों की चर्चा करते हुए कहा कि आज जो सम्मान मुझे मिला है,यह आप सबका सम्मान है। उन्होंने चंपारण में रंगमंच के वर्तमान स्थित पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मेरा यह सम्मान बंद हो चुकी दुकान की मिठाई का सम्मान है। उन्होंने कहा कि चंपारण का रंगमंच फिर से शुरू हो, मैं सक्रिय भूमिका अदा करूँगा। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अतुल कुमार एवं रोशनाई फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल वर्मा ने कहा कि प्रसाद रत्नेश्वर का सम्मान चंपारण का सम्मान है। भविष्य में इनके साथ यहाँ के और भी कलाकारों को ऐसा सम्मान प्राप्त होगा। यहां के रंगमंच के उत्थान के लिए सदैव उपस्थित रहूँगा। कार्यक्रम में वरीय रंगकर्मी एवं फिल्मकार मुकेश वर्मा, डॉ. राजेश अस्थाना, डी.के. आजाद, डॉ. सुनील चम्परारनी, डॉ. सबा अख्तर ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए।



## जगिरहां पैक्स अध्यक्ष व प्रबंधक पर 30 लाख से अधिक की सरकारी राशि गबन का आरोप

**बीसीओ ने थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी, चावल नहीं आपूर्ति करने पर कार्रवाई**

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के जागिराहाँ पैक्स के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह एवं प्रबंधक राहुल कुमार सिंह पर खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के दौरान सरकारी राशि गबन करने का गंभीर आरोप लगा है । इस संबंध में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है । जिसमें पैक्स अध्यक्ष एवं प्रबंधक पर कुल 30 लाख 79 हजार 700 रुपए की सरकारी राशि गबन करने का आरोप है। प्राथमिकी में बताया गया है कि जगिरहां पैक्स द्वारा इस विपणन सत्र में कुल 46 किसानों से 4717 क्विंटल धान की खरीद की गई थी। नियमानुसार इस धान के बदले में बिहार राज्य खाद्य निगम को चावल की आपूर्ति की जानी थी। पैक्स अध्यक्ष द्वारा केवल 3378 क्विंटल धान के समतुल्य चावल की ही आपूर्ति की गई। जबकि शेष 1339 क्विंटल धान का चावल न तो निगम को सुपुर्द किया गया और न ही इसकी राशि सरकार को लौटाई गई। बीसीओ के अनुसार पैक्स को धान के समतुल्य राशि संबंधित बैंक के कैश क्रेडिट ऋण खाते में जमा करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था। लेकिन इसके बावजूद न तो चावल की आपूर्ति हुई और न ही राशि जमा कराई गई।

## उप विकास आयुक्त ने अपने कार्यालय कक्ष में की निर्वाचन की तैयारी की समीक्षा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त सह निवार्ची पदाधिकारी 15-केसरिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र डॉ. प्रदीप कुमार ने आज समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में केसरिया विधानसभा में निर्वाचन कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न कराने को लेकर गठित सभी कोषांगों के पदाधिकारी एवं कर्मियों के बैठक कर अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में केसरिया, संग्रामपुर, कोटवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी एवं कर्मिगण उपस्थित थे।केसरिया विधानसभा के लिए गठित कौशल को का बारी - बारी से विकास में समीक्षा एवं उपस्थित प्रश्नो के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी कार्य समय से हर हाल में पूर्ण करना होगा निर्वाचन में सर्वाधिक महत्व टाइम फ्रेम का होता है जिसका सभी कर्मियों पदाधिकारी ख्याल रखेंगे। उनके द्वारा नामांकन की प्रक्रिया से संबंधित सभी प्रपत्रों को पहले से ही तैयार कर लेने का निर्देश दिया गया। नामांकन अवधि के लिए प्रत्याशियों के सहूलियत के लिए हेल्प डेस्क बनाने का निर्देश दिया गया। सी-विजिल सेल के पदाधिकारी एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि सी विजिल पर जो भी शिकायत प्राप्त होगी उसका निदान 90 मिनट के अंदर किया जाना है जिसकी पूरी तैयारी कर ली जाए और इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उप विकास आयुक्त ने डिस्पैच सेंटर की तैयारी एवं मतदान के दिन रिसीविंग सेंटर/ स्ट्रांग रूम की तैयारी की भी समीक्षा की एवं सभी जरूरी कार्य को समय रहते पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। प्रखंड स्तर पर गठित मतदाता जागरूकता सेल को उन्होंने एक्टिवेट करने का निर्देश दिया एवं कहा कि जीविका, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, विकास मित्र एवं अन्य संबंधित कर्मियों को इस कार्य में लगाया जाए तथा महादलित टोले में विशेष रूप से जागरूकता कार्यक्रम कराया जाए ताकि निर्भीक होकर लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें।



# मतदाता जागरुता को लेकर विद्यालयों व महाविद्यालयों में शपथ कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के क्रम में जिले में मतदान की तिथि 11 नवंबर को निर्धारित की गई है। शत-प्रतिशत मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों के संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्वीप कैलेंडर जारी किया गया है। अनुमोदित कैलेंडर में वर्णित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत जिले के सभी प्रखंडों के अंतर्गत सभी कोटि के महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में मतदान में भाग लेने हेतु शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वीप कोषांग की पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों, अनुमंडलों एवं जिला मुख्यालय में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों, महाविद्यालयों के प्राचार्यों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के सहयोग से शपथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# जिलाधिकारी ने नामांकन केंद्र तथा सिंगल विंडो का किया निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे द्वारा जहानाबाद जिला अंतर्गत तीनो विधानसभा क्षेत्र 216-जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र, 217- घोसी विधानसभा क्षेत्र एवं 218-मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के नामांकन केन्द्र तथा सिंगल विंडो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा तीनो विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची निबंधक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि नामांकन हेतु आने वाले अभ्यर्थियों को बैठने के लिए समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी निर्वाची निबंधक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि नामांकन हेतु आने वाले अभ्यर्थियों का रास्ता विधानसभा बैरिकेडिंग कर चिन्हित कर दिया जाए, ताकि किसी प्रकार का कोई भी परेशानी ना हो। नामांकन स्थल एवं सिंगल विंडो केंद्र का समुचित साफ सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नामांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने के लिए वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सिंगल विंडो पर जो भी आवेदन प्राप्त होता है उसे ससमय निष्पादन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही अभ्यर्थियों को नामांकन के समय देने वाले प्रपत्रो को समुचित रूप से तैयार करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ साथ उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति, निर्वाची निबंधक पदाधिकारी, 218-मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र सह अपर समाहर्ता, जहानाबाद अनिल कुमार सिन्हा, निर्वाची निबंधक पदाधिकारी, 216-जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, निर्वाची निबंधक पदाधिकारी, 217-घोसी विधानसभा क्षेत्र सह भूमि सुधार उप समाहर्ता अमू अमला, निदेशक,

# चार दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता आज से शुरू

## 102 विद्यालयों के 2250 प्रतिभावान खिलाड़ी होंगे शामिल




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार राज्य के खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण तथा जिला प्रशासन, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता, 2025 का आयोजन 9 से 12 अक्टूबर तक कराया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी 7 प्रखण्डों से, 102 विद्यालयों के, 2250 प्रतिभावान खिलाड़ी शामिल होंगे एवं आयोजन में 45 तकनीकी विशेषज्ञ, शारीरिक शिक्षक अपनी सेवा देंगे। इस दौरान एथलेटिक्स, वॉलीबॉल(बालक), रग्बी, क्रिकेट (चयन ट्रायल), भारोत्तोलन, बैडमिंटन, शतरंज, कुश्ती (बालक), योग, कबड्डी, फुटबॉल, हैण्डबॉल, ताईक्वांडो खेल विधाओं में स्कुली छात्र-छात्राएँ, अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह आयोजन गांधी मैदान, खेल भवन, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, मलहचक एवं गांधी स्मारक इन्टर विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाले खिलाड़ी प्रमण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिये क्वालीफाई करेंगे एवं सतत प्रक्रिया के तहत सफल खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले विद्यालय खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# कार से 10 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब बरामद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनज़र पुलिस और मद्य निषेध विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत नकटपुरा ग्राम के पास बिहारशरीफ-बरबीघा बाईपास पर बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मद्य निषेध इकाई, पटना से मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। सूचना थी कि एक सफेद रंग की कार में अंग्रेजी शराब रखकर बिहारशरीफ से बरबीघा की ओर ले जाई जा रही है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस ने नकटपुरा ग्राम के पास वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। कार्रवाई में बताई गई कार को रोककर जांच की गई, जिसमें से 10 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की कुल मात्रा 85.125 लीटर बताई गई है, जिसमें 375 एमएल की 113 बोतल और 750 एमएल की 57 बोतल शामिल हैं। शराब के साथ वाहन और चालक को भी जब्त कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के आधार पर अन्य संभावित ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है, ताकि शराब तस्करी के नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। छापेमारी टीम में पुअनि रौशन कुमार, रवि कुमार, खुर्शीद अंसारी, पुअनि पवन कुमार और सअनि राकेश कुमार शामिल थे। जिला पुलिस प्रशासन ने इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताया और कहा कि मद्य निषेध कानून के तहत कड़ाई से कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी बताया कि बरामद शराब किसी बाहरी राज्य से लाई गई थी और आगामी चुनाव के दौरान खपत की योजना थी।

# फास्ट फूड विक्रेता पर जानलेवा हमला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के बिंद थाना क्षेत्र के जखौर गांव में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक फास्ट फूड विक्रेता पर जानलेवा हमला किया गया। अज्ञात हमलावरों ने उसका गला रेतकर सोने की चेन और लगभग 20 से 25 हजार रुपये नकद लूट लिए। यह सनसनीखेज वारदात देर रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है। घायल युवक की पहचान जखौर गांव निवासी छोटू केवट के रूप में हुई है। उन्हें गंभीर रूप से घायल अवस्था में बिंद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया गया है। परिजनों के मुताबिक, छोटू मंगलवार रात गांव में लगे मेले से अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे दो अज्ञात युवकों ने उनका मुंह दबाकर गला रेत दिया और लूटपाट को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना की पुष्टि करते हुए बिंद थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए स्थानीय स्तर पर गहन छानबीन की जा रही है, साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# कट्टा लहराते वीडियो वायरल, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज, औरंगाबाद।** सोशल मीडिया पर देशी कट्टा (अवैध पिस्तौल) लहराते हुए एक युवक का फोटो वायरल होने के मामले में रफीगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा फरार होने में सफल रहा। पुलिस को जानकारी मिली थी कि बदोपुर गांव निवासी एक व्यक्ति हाथ में देशी कट्टा लहरा रहा है, जिसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सत्यापन के बाद, पुलिस ने बदोपुर गांव निवासी अमरेश कुमार की पहचान की और उसे घर से हिरासत में ले लिया।

पुलिस हिरासत में अमरेश ने स्वेच्छापूर्वक स्वीकार किया कि वायरल फोटो में दिख रहा व्यक्ति वही है। उसने बताया कि वह इलाके में अपना प्रभाव (रौब) जमाने के लिए देशी कट्टे के साथ फोटो खिंचवा रहा था। पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली, लेकिन कट्टा बरामद नहीं हो सका। पूछताछ में अमरेश ने खुलासा किया कि उसने यह कट्टा अपने दोस्त सुमित कुमार से लिया था और फोटो खिंचवाने के बाद सुमित कट्टा लेकर अपने घर चला गया। दूसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागा इसके बाद पुलिस ने दूसरे आरोपी सुमित कुमार के घर पर छापेमारी की। पुलिस ने मकान की घेराबंदी करते हुए गेट खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन सुमित कुमार छत के रास्ते दूसरे की छत पर कूदकर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि देसी कट्टा रखना, सोशल मीडिया पर उसका प्रदर्शन करना और समाज में भय उत्पन्न करना एक दंडनीय अपराध है। इस मामले में एसआई निरंजन सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपी अमरेश कुमार को जेल भेज दिया गया है, और फरार चल रहे सुमित कुमार की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसे गैरकानूनी कृत्यों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# एक नजर

## नई कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा ने संभाला पदभार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज नगर पंचायत के नए कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) के रूप में मैमून निशा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के बाद, नगर पंचायत की उपाध्यक्ष आरती देवी ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और सम्मानित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष आरती देवी ने नए कार्यपालक पदाधिकारी को शहर की प्रमुख समस्याओं और वर्तमान विकास कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें सभी वार्ड पार्षदों का अच्छा सहयोग मिलता है। उपाध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि मैमून निशा के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र में विकास कार्यों में और तेज़ी आएगी। पदभार ग्रहण करने के बाद, मैमून निशा ने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के हर कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सभी सदस्यों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने सभी के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद और वार्ड पार्षद जयहिंद सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## बाइक अनियंत्रित होने से युवक घायल

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के पाईबिगहा- मखदुमपुर पथ पर आकोपुर गांव के समीप बाइक अनियंत्रित होने से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया । घायल युवक सोलहंडा गांव निवासी सुधीर मांझी बताया जाता है। जानकारी के अनुसार सोलहंडा गांव निवासी बाइक पर सवार होकर पाई विगहा जा रहा था। तभी आकोपुर गांव के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया,जिससे बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुची पुलिस सहायता वाहन 112 नम्बर ने इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया। जहाँ चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया है।घटना में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया है।

## छठ मेला आयोजन को लेकर भूमि पूजन, भव्य तैयारी शुरू

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के डाक बंगला छठ घाट के समीप आयोजित होने वाले पांच दिवसीय छठ मेला के सफल आयोजन के लिए मंगलवार की सुबह 7:30 बजे भूमि पूजन किया गया। कौशल कुमार मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यह अनुष्ठान संपन्न कराया। कमेटी के अध्यक्ष मंटू कुमार और उपाध्यक्ष अंकु कुमार ने बताया कि छठ पर्व के अवसर पर यह पारंपरिक मेला इस वर्ष 27 अक्टूबर से आयोजित किया जा रहा है। इसी के विधिवत आरंभ के लिए यह भूमि पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि मेले के मुख्य आकर्षण के तौर पर, सासाराम से आए मूर्ति कलाकारों द्वारा भगवान सूर्य की भव्य प्रतिमा का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू, कमेटी के अध्यक्ष मंटू, उपाध्यक्ष अंकु कुमार, सचिव सुनील कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रजापति, संकेत, ओम प्रकाश, कृष्णा, सुशील, धनराज, नीरज, अमरेंद्र खत्री, सुनील मिस्त्री, अशोक प्रसाद, पन्ना लाल, अनिल कुमार गौतम, रंजीत विश्वकर्मा, राकेश शर्मा, पप्पू यादव बाबा, आलोक चौरसिया, आलोक चौधरी, नंदन कुमार, सिंगर अंकित सिंह, अनिल गुप्ता, मनोज लाल खरी, रमेश मिस्त्री और सनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

## शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, जेल

**हसपुरा, औरंगाबाद।** हसपुरा थाना पुलिस ने जलपुरा गांव में छापेमारी कर एक शराब धंधेबाज को 11 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को बिहार उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जलपुरा गांव में अवैध रूप से शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद, पुलिस दल-बल के साथ गांव पहुंची। पुलिस को देखते ही शराब धंधेबाज गया पासवान ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद जवानों ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। इसके बाद, जब पुलिस ने उसके ठिकाने की तलाशी ली, तो वहां से 11 लीटर देशी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है।

## पत्नी की हत्या के आरोप में पति ने किया आत्मसमर्पण

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के विशुनगंज थाना क्षेत्र के अल्लाहगंज गांव में कुछ दिन पूर्व विवाहिता प्रतिमा देवी की हत्या गोली मारकर करने की बात सामने आई थी। जिसमें मृतका प्रतिमा देवी के भाई निरंजन कुमार के फर्द ब्यान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जानकारी देते हुए विसुनगंज थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि फरार चल रहे आरोपित और मृतका के पति अनूप कुमार पुलिस दबिश के कारण न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि घटना के दिन ही उसकी मां राजो देवी की गिरफ्तारी कर ली गई थी। जिसमें पति समेत अन्य लोग फरार हो गए थे। वहीं बुधवार के दिन पति अनूप कुमार ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है।

# बेरी पंचायत मुखिया ने कराया पीसीसी निमार्ण कार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बेरी पंचायत के मुखिया रीता देवी के द्वारा पंचायत के अंतर्गत पतेया गांव स्थित शिव मंदिर के समीप पंचायती राज विभाग के तहत पीसीसी निर्माण कार्य कराया गया है। बता दें कि पतेया गांव स्थित शिव मंदिर के समीप काफी जलजमाव हुआ करता था। जब बारिश होती थी तो सड़क पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। यहां तक की जलजमाव से बारिश का पानी शिव मंदिर के अंदर प्रवेश कर जाती थी। मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व जिला परिषद प्रफुल्ल सिंह ने बताया कि जलजमाव से ग्रामीण काफी परेशान थे। ग्रामीणों ने समस्या के निदान के लिए पंचायत के मुखिया से आग्रह किया। ग्रामीणों के समस्या तो संज्ञान में लेते हुए पीसीसी निर्माण कार्य कराया गया है। बताया कि इसके अलावा पूर्व में बेरी में शव दाह गृह का निर्माण, छठ घाट का निर्माण कार्य कराया गया है। घोरहत में भी शव दाह गृह का निर्माण कराया गया है। पाठक बिगहा में आंगनबाड़ी केंद्र का सौंदर्यीकरण किया गया है। बताया कि पंचायत का चौमुखी विकास हो रहा है। इस मौके पर सोनू सिंह, सरोज सिंह, राहुल सिंह, गोलू सिंह, अमन चंद्रवंशी, शशि सिंह, छोटू सिंह, अरविंद सिंह, पंचम सिंह, विनोद सिंह, उदय सिंह चंद्रवंशी, प्रदीप सिंह, रिटू सिंह, अजीत चंद्रवंशी, अमरेंद्र चंद्रवंशी, अमरजीत पासवान सहित ग्रामीणों ने इस नेक कार्य के लिए मुखिया को धन्यवाद दिया है।

# युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र से जोड़ता है एनसीसी : कर्नल प्रदीप




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 3/13 कंपनी बिहार बटालियन एनसीसी राम लखन सिंह यादव कॉलेज में एनसीसी के नए बैच 2025 के लिए एक भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नए कैडेट्स को एनसीसी की संरचना, अनुशासन, राष्ट्र सेवा एवं नेतृत्व विकास की भावना से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल प्रदीप तक्षक, कमांडिंग ऑफिसर, 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद रहे। उनके आगमन पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया जिसके बाद मंच पर उनका भव्य स्वागत किया गया। एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट विवेक कुमार ने मुख्य अतिथि कर्नल प्रदीप तक्षक को अंगवस्त्र एवं देव सूर्य मंदिर, औरंगाबाद का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने प्रेरक संबोधन में कर्नल प्रदीप तक्षक ने कहा कि "एनसीसी युवाओं को जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र सेवा के आदर्शों से जोड़ता है। यह केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है।" उन्होंने सभी कैडेट्स को निष्ठा, परिश्रम और देशभक्ति के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सर्वोत्तम मंच है, जो उनमें अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। उन्होंने कॉलेज के एनसीसी यूनिट के सक्रिय कार्यों की सराहना की और नए कैडेट्स को शुभकामनाएं दीं। लेफ्टिनेंट विवेक कुमार ने मंच संचालन करते हुए एनसीसी की गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और आने वाले आयोजनों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स न केवल कॉलेज, बल्कि समाज में भी स्वच्छता, पर्यावरण और जनजागरण से जुड़े अभियानों में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान कैडेट दिव्यांश राज, प्रेम प्रभात, बलवीर, रितिक, अंकित, रिया गिरी, प्रियंका, काजल, सलोनी, जया, प्रिया सहित अन्य कई कैडेट्स उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव प्रशिक्षण का निरीक्षण, जिलाधिकारी ने दिया विशेष निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल आयोजन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने जिले के दोनों प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय और गौतम बुद्ध उच्च विद्यालय, जहानाबाद का दौरा किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दोनों केंद्रों के प्रधानाचार्यों को परिसर की समुचित सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही प्रशिक्षण में शामिल सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने और सभी आवश्यक प्रपत्रों को भरने की विधि पर विस्तृत जानकारी प्रदान करने का निर्देश भी दिया गया। विशेष रूप से, प्रशिक्षण में आने वाले सभी कर्मियों को सौ-सौ बार बटन दबाकर प्रशिक्षण देने की अनोखी तैयारी की जाएगी, ताकि वे मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की त्रुटि से बच सकें। इसके साथ ही, प्रशिक्षण में आने वाले कर्मियों को मतदान प्रपत्र भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## जहानाबाद में विधानसभा चुनाव के लिए प्रेक्षक व्यवस्था का निरीक्षण

**जहानाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर जहानाबाद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन कार्य के सफल संचालन और अनुश्रवण को सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने जिला अतिथि गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे जाने वाले प्रेक्षक, व्यय, सामान्य तथा पुलिस कोषांग की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों और नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक प्रतिवेदन समय पर प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिला नजारत उप समाहर्ता द्वारा प्रेक्षक महोदय के आवास और अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही निरीक्षण के दौरान परिसर की सफाई और व्यवस्थित प्रबंधन का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।

# वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाया जागरुकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान बड़े उत्साह और सक्रिय भागीदारी के साथ जिले के सीतयोग इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, औरंगाबाद, दाउदनगर कॉलेज एवं ओबरा प्रखंड के उत्क्रमित हाई स्कूल मलवा में आयोजित किए गए। इन अभियानों का उद्देश्य युवाओं, शिक्षकों और समुदाय में निर्वाचन साक्षरता और मतदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था, ताकि हर नागरिक लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदार भूमिका निभा सके और अपने मताधिकार का सही प्रयोग कर सके। सीतयोग इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में इस अभियान के दौरान छात्रों और शिक्षकों के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें पोस्टर निर्माण, नारे लेखन, मतदान प्रक्रिया की जानकारी एवं संवाद शामिल थे। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर लोकतंत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। दाउदनगर कॉलेज में आयोजित शपथ ग्रहण महाभियान में प्रोफेसर्स, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारीगण ने सहभागिता दी। इस अवसर पर मतदान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई और सभी ने मतदान केंद्रों पर जाकर अपने निर्णायक मत का प्रयोग करने का संकल्प लिया। साथ ही, ओबरा प्रखंड के उत्क्रमित हाई स्कूल मलवा में छात्रों एवं छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक कर्तव्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और शपथ ली कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। यह पहल स्पष्ट संदेश देती है कि युवा और शैक्षणिक संस्थान मिलकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने और मतदान के महत्व को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम न केवल युवाओं को जोड़ते हैं बल्कि उन्हें जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

# घाटों की तैयारी, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के लिए डीएम सख्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** लोक आस्था के महापर्व कार्तिक छठ पूजा 2025 के मद्देनज़र नालंदा जिला प्रशासन ने अपनी व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिलाधिकारी (डीएम) कुंदन कुमार ने पर्व के दौरान स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश जारी किए हैं। घाटों की सफाई और रोशनी पर विशेष ध्यान डीएम ने नगर आयुक्त, नगर निगम बिहारशरीफ, सभी अनुमंडल पदाधिकारियों और नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को तत्काल सभी छठ घाटों और मुख्य मार्गों की साफ-सफाई कराने का आदेश दिया है। इसके साथ ही, सभी हाई मास्क लाइटों और स्ट्रीट लाइटों का सर्वेक्षण कर उन्हें चालू अवस्था में रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिले के प्रसिद्ध बड़गांव और औंगारी धाम में छठ के दौरान भारी भीड़ उमड़ती है और मेले जैसा माहौल बन जाता है। इसे देखते हुए, डीएम ने विद्युत आपूर्ति अंचल बिहारशरीफ के अधीक्षण अभियंता को अबाधित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिया है कि 27 और 28 अक्टूबर को इन महत्वपूर्ण स्थलों पर सहायक अभियंता, कनीय अभियंता और बिजली मिस्त्रियों की पालीवार प्रतिनियुक्ति की जाए, ताकि किसी भी विद्युत दोष को बिना विलंब तुरंत ठीक किया जा सके। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी डीएम ने कड़े निर्देश दिए हैं। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय/विधि व्यवस्था) और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को सभी महत्वपूर्ण घाटों का संयुक्त निरीक्षण करने को कहा गया है। इस निरीक्षण में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और विशेष रूप से खतरनाक घाटों की पहचान सुनिश्चित करने पर ज़ोर दिया गया है।

# रफीगंज-मदनपुर पथ में उभरे गड्ढों से राहगीरों को झेलनी पड़ती है परेशानी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के कई सड़कें जर्जर अवस्था में है। जर्जर सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। मदनपुर-रफीगंज पथ में विभिन्न जगहों पर गड्ढे उभर आए हैं। पथ में बेरी हाई स्कूल के समीप सड़क पर गड्ढे उभर आए हैं जिससे आवागमन में काफी असुविधा हो रही है। जब वाहनों इन गड्ढों से होकर गुजरती है तो हिचकोले खाती है। पैदल चलने वालों को भी परेशानी हो रही है। बता दें वर्षो पूर्व सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत करोड़ों रुपये की लागत के साथ कराई गई थी परंतु अब इस पथ में जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। इस पथ से होकर खिरियावां, हरि बिगहा, कोल्हुआ, हरि बिगहा, कासमा, रफीगंज सहित कई जगहों के लोग आवागमन करते हैं। सड़क पर दिन रात वाहनें रेंगती रहती हैं परंतु अधिकारियों का सड़क पर उभरे गड्ढों पर नजर नहीं आ रही है। सड़क पर उभरे गड्ढे सड़कों की सच्चाई को बयां कर रही हैं। संबंधित विभाग के अनुसार सड़कों की मरम्मत को लेकर प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। फिर भी हालात बदतर हैं। पथ निर्माण विभाग के नियमानुसार सड़कों को प्रति वर्ष मरम्मत किया जाना चाहिए, ताकि सड़कें ठीक रहें और आने-जाने में कोई परेशानी नहीं हो। कासमा के सुदर्शन सिह, निरंजन सिह, मदनपुर के संजय सिह, रंधीर कुमार, मंटू कुमार ने सड़क पर उभरे गड्ढे से वाहन चालकों को भी काफी परेशानी होती है। सड़क पर बने गड्ढों में वर्षा का पानी जमा हो गया है। ऐसे में इन सड़कों से सफर करने वाले लोगों को गड्ढों का पता चल नहीं पाता और गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं। गिरने वालों में सबसे ज्यादा बाइक और साइकिल सवार लोग शामिल होते हैं। पथ से होकर स्कूली बच्चे भी विद्यालय पढ़ने जाते हैं। इतना होने के बावजूद भी अधिकारी सड़क की मरम्मति के प्रति गंभीर नहीं हो रहे हैं।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की विधानसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम की समीक्षा

# छूटे मतदाताओं का नाम प्रपत्र-6 भर जांच कर जुड़वाना सुनिश्चित करें पदाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, रोहतास के अध्यक्षता में बुधवार को बिहार विधान सभा चुनाव-2025 के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम हेतु समीक्षात्मक बैठक की गयी। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, रोहतास, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, रोहतास जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला विकास पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका, स्वीप कोषांग के प्रखंड स्तरीय नोडल पदाधिकारी एवं डीपीएम जीविका के द्वारा भाग लिया गया। समीक्षोपरांत निम्नांकित दिशा निर्देश दिया गया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जिन महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में अभी तक नहीं जुड़ा हुआ है वैसे मतदाताओं का नाम प्रपत्र-6 में भरते हुए अगले 10.10.2025 तक जांच कर जुड़वाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त जितने जीविका दीदी समूह से जुड़ी हैं उनमें से जितने जीविका दीदियों का नाम अभी तक मतदाता सूची नहीं जुड़ा है उन्हें भी अभियान चला कर उक्त निर्धारित तिथि तक जुड़वाना सुनिश्चित करें। स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि उक्त महिला मतदाताओं/जीविका दीदियों के मतदाता सूची में नाम जुड़वाने आदि के कार्यों की सतत निगरानी करते हुए शत-प्रतिशत महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सभी महिला का नाम मतदाता सूची में है या नहीं अगर है तो ठीक है और यदि नहीं है तो अविलंब अगले दो दिनों के अंदर फार्म/प्रपत्र-06 भरवाकर नाम जुड़वाना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर स्वीप के माध्यम से अभियान चलाकर महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नाम जुड़वाते हुए संबंधित बीएलओ से इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि फार्म- 6 से संबंधित कार्य संबंधित बी.एल.ओ द्वारा ही कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रार्तगत सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के सेविका / सहायिकाओं को मतदाता सूची की एक प्रति उपलब्ध कराते हुए यह सुनिश्चित कराए कि संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी हुई सभी महिलाओं का नाम मतदाता सूची शामिल करना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि संबंधित वी.ओ. (ग्राम संगठन) अपने स्तर से महिला वोटर का नाम जोड़ना सुनिश्चित करेंगे ज्ञात हो कि जिले में कुल वी.ओ. की संख्या 1757 है।

# मोहनियां से टोल प्लाजा तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण जाम

### टैक्स चुकाने के बाद भी लोगों को झेलनी पड़ रही परेशानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले में एक बार फिर जाम नासूर बन गया है। बुधवार की सुबह से ही राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर मोहनियां शहर से लेकर टोल प्लाजा मोहनियां तक वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। सुबह से लेकर दोपहर तक जाम की स्थिति जस की तस बनी रही। घंटों तक वाहन चालक जाम में फंसे रहे जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालकों ने बताया कि सुबह से अब तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं। सड़क पर ट्रक, बस, कार और ऑटो की कतारें कई किलोमीटर तक फैली हुई हैं। इससे जहां ईंधन की बर्बादी हो रही है, वहीं यात्रियों को गर्मी और भूख-प्यास से जूझना पड़ रहा है। चालक अरविन्द ने बताया कि वे खाली गाड़ी लेकर लखनऊ जा रहे थे, लेकिन सुबह 10 बजे से ही जाम में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि गाड़ी रेंग-रेंग कर चल रही है, किसी को समझ नहीं आ रहा कि आखिर जाम खुल क्यों नहीं रहा। वहीं चालक मुन्ना कुमार ने बताया कि वे नासरीगंज से बालू लोड कर इलाहाबाद जा रहे हैं। सुबह 5 बजे से जाम में फंसे हैं और अब तक सिर्फ मोहनियां तक पहुंच पाए हैं। उन्होंने कहा कि आठ घंटे से ज्यादा हो गए, लेकिन जाम का अंत नहीं दिख रहा। एक अन्य चालक रहीम ने बताया कि वे फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर बेंगलुरु जा रहे हैं। सासाराम से मोहनियां तक पहुंचने में ही सात घंटे लग गए। हम रोड टैक्स और टोल टैक्स देते हैं, लेकिन फिर भी इस तरह की परेशानियों से जूझना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहनियां में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर अव्यवस्थित ट्रैफिक नियंत्रण के कारण जाम की स्थिति बार-बार बनती है। बावजूद इसके प्रशासन की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। यात्रियों ने मांग की है कि ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन तत्काल मोर्चा संभाले ताकि राहत मिल सके।

## विधानसभा चुनाव को लेकर डीपीआरओ ने की मीडिया के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के अवसर पर आज मीडिया कोषांग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष रंजन ने की। बैठक के दौरान मीडिया/सोशल मीडिया से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कर्मियों को सोशल मीडिया से संबंधित ट्रेनिंग दी गई। चुनाव से जुड़ी निर्वाचन विभाग की हर गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाना है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से वोटिंग को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कर्मियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सोशल मीडिया से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि का रिकॉर्ड डिजिटल एवं भौतिक दोनों माध्यमों में संधारित किया जाए। ताकि पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाए।

## चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू, आयोजन के लिए लेनी होगी अनुमति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन की घोषणा की तिथि से निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लगा रहेगा।

एसडीएम व निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार के अनुसार चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक बीएनएसएस की धारा 163 के तहत अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं निरोधात्मक कार्रवाई हेतु स्थायी आदेश निर्गत है। ऐसा देखा जाता है कि चुनाव की प्रक्रिया के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा भय एवं आतंक का वातावरण उत्पन्न कर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव में बाधा उत्पन्न किया जाता है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों के बीच आपसी विद्वेष की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। साथ ही यह भी संभव है कि मतदान के दौरान अस्त्र-शस्त्र का भय दिखाकर एवं नाजायज मजमा बनाकर हरवे हथियार से लैस होकर मतदाताओं को भयभीत कर गंभीर विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न की जा सकती है। इस दौरान विधि-व्यवस्था एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने के लिए तत्काल कार्रवाई आवश्यक हो गया है। ताकि निर्वाचन के दौरान मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग भयमुक्त वातावरण में कर सकें। चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने अथवा अधिकतम 60 दिनों तक जो भी पहले हो सम्पूर्ण अनुमंडल में निषेधाज्ञा जारी रहेगा।

उन्होने बताया कि इस दौरान किसी भी व्यक्ति, दल या संगठन के द्वारा राजनीतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार के सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग बिना सक्षम पदाधिकारी की पूर्वानुमति के आयोजित नहीं किया जायेगा। साथ ही अनुमति के शर्तों के प्रतिकूल कोई भी कार्य नहीं किया जायेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10 से प्रातः 6 बजे तक वर्जित रहेगा। कोई भी व्यक्ति अथवा दल या संगठन किसी प्रकार का पोस्टर, पर्चा, आलेख, फोटो आदि अथवा किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक पर्चा आलेख फोटो आदि का प्रकाशन नहीं करेंगे।

## जिले के विभिन्न प्रखंडों की आंगनबाड़ी सेविकाओं ने निकाला मतदाता जागरूकता अभियान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर स्वीप गतिविधि के तहत रविवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों की आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा पोषण अभियान के साथ-साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सेविकाएं अपने-अपने पोषक क्षेत्र के ग्रामीण और महादलित टोलों में, मतदाता जागरूकता रैलियों को निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। सेविकाओं ने रैलियों में वे पोस्टर, बैनर और नारों का उपयोग करते हुए देखी गयी जिसमें पहले करो मतदान, फिर जलपान, जन-जन का ये नारा है, मतदान अधिकार हमारा है' बूढ़े हों या जवान, सभी करें मतदान आदि नारे लगाती दिखी। इधर जिला स्तरीय स्वीप कोषांग के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान में तेजी लाते हुए होर्डिंग-फ्लैक्स, बैनर-पोस्टर, सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से मतदाताओं में जागरूकता लाने हेतु तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है।

## पंचायती में चली गोली, एक घायल, स्थिति चिंताजनक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय मुख्य बाजार के संस्कृत विद्यालय के समीप एक घर में पंचायती के दौरान एक युवक को गोली मार दिया। घायल युवक दीपक यादव उर्फ दीप यादव बताया जाता है। घायल को इलाज के लिए परिजनों ने डिहरी के निजी क्लीनिक में ले गए जहां चिकित्सकों ने घायल की चिंताजनक स्थिति देख वाराणसी रेफर कर दिया। मौके पर एएसपी सहित पुलिस मौजूद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महुअरी गांव निवासी भोला यादव का पुत्र दीपक यादव संस्कृत विद्यालय के समीप यदवां गांव निवासी सत्यम कुमार के घर में पार्टी रखा हुआ था जहां पर कुछ विवाद को लेकर पंचायती हो रही थी। पंचायती के दौरान युवक आपस में बात कर रहे थे कि तभी दीपक यादव के साथ में रहे युवक सरोज कुमार और धीरज यादव ने गोली मार दिया। गोली लगते ही युवक वहीं पर गिर गया। गोली मारने के बाद मौके पर मौजूद युवक फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर मुहल्ला में अफरा-तफरी मच गई। इस सम्बन्ध में एएसपी अतुलेश झा ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम पहुंच कर घटना स्थल से नमूना एकत्र कर रही है।

### 17 लीटर देशी शराब के साथ किया गया निरुद्ध



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन- सोन के निरीक्षक रामविलास राम के निर्देशन में ड्यूटी में तैनात सहायक उप निरीक्षक शोभनाथ राम, प्रधान आरक्षी रामचंद्र यादव, आरक्षी सर्वोदय पासवान एवं आरक्षी अभिमन्यु सिंह के द्वारा डिहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर गश्त एवं चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 17 लीटर अवैध देशी शराब के साथ निरुद्ध किया गया एवं राजकीय रेल थाना डिहरी को जब्त अवैध देशी शराब के साथ अग्रिम कार्यवाही के लिए सुपुर्द किया गया।

## स्वच्छ पटरी दिवस पर स्टेशनों पर रेलवे ट्रैक की हुई सफाई

### विशेष अभियान 5.0 : रेल सेवा व सुविधा पर यात्रियों से निरंतर अमृत संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वच्छ पटरी दिवस संबंधी गतिविधियां आयोजित की गई। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पटरियों के किनारे और स्टेशन परिधि में गहन सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ट्रैक के दोनों ओर जमा कचरे, झाड़ियों और अवांछित घास की सफाई की गई। साथ ही जल निकासी मार्गों को अवरोध मुक्त किया गया। स्वच्छता के प्रति निरंतर जागरूक करने के साथ इन प्रयासों का उद्देश्य स्टेशन से सटे क्षेत्रों में स्वच्छता सुनिश्चित करना और खुले में मलत्याग जैसी अस्वच्छ प्रवृत्तियों को रोकना है। स्वच्छ पटरी दिवस की गतिविधियों के साथ-साथ मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नियमित सफाई और जागरूकता कार्यक्रम भी जारी रहे। प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, कोच शौचालय और डस्टबिन की सफाई के साथ-साथ यात्रियों को बायोटॉयलेट के समुचित उपयोग, गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण और डस्टबिन के सही प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। घोषणाओं, पोस्टरों और संवाद सत्रों के माध्यम से स्वच्छता संदेश प्रसारित किया गया। आज भी मंडल में विभिन्न स्टेशनों पर अमृत संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस संवाद का उद्देश्य यात्रियों से प्रत्यक्ष बातचीत के माध्यम से उनके अनुभवों, सुझावों और अपेक्षाओं को समझना है। ताकि यात्री अनुभव को उनकी भागीदारी के साथ और बेहतर बनाया जा सके। यात्रियों ने स्टेशन परिसर, कोच स्वच्छता, शौचालयों की स्थिति और अन्य सुविधाओं पर अपने विचार साझा किए।

मंडल द्वारा आज की गतिविधियां स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, जन सहभागिता और सेवा गुणवत्ता को दर्शाती हैं। मंडल आगामी दिनों में भी स्वच्छता पखवाड़ा के निर्धारित कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से जारी रखेगा।

**शपथ पत्र**

मैं, मोनालिसा उम्र करीब 39 वर्ष पति रंजीत कुमार ठाकुर निवासी राजपुतान मुहल्ला पो. व थाना-डिहरी, जिला-रोहतास, बिहार का निवासी हूं। शपथपूर्वक बयान करती हूं कि आकांक्षा शर्मा **Aankanksha Sharma** मेरी पुत्री है।
मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम अंग्रेजी में Aakanksha Sharma दर्ज है जिसका जन्म प्रमाण पत्र सं.- B-2017:10-90122-000014 है।
मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम अंग्रेजी में Aakanksha Sharma दर्ज है जिसका आधार सं.- 8971 3807 4107 है।
मेरी पुत्री आकांक्षा शर्मा डी०ए०भी० विद्यालय में कक्षा 9 की छात्रा है जो स्कूल नामांकन पंजी में उसका नाम अंग्रेजी में Akanksha Sharma दर्ज है।
मैं अपनी पुत्री के नवम वर्ग के सी०बी०एस०ई० रजिस्ट्रेशन कराने हेतु उसका नाम **Akanksha Sharma** के स्थान पर जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के अनुसार Aakanksha Sharma कराना चाहती हूं जिसके लिये मैं यह शपथ पत्र कर रही हूं।
शपथपूर्वक बयान करता हूं कि सभी बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।
इस संबंध में नोटरी के समक्ष शपथ पत्र सं. 18405 दिनांक -6.10. 25 को दाखिल किया जा चुका है।

**शपथकर्ता**
**मोनालिसा**

**शपथ पत्र**

मैं मो. रफीक आलम (MD RAFIK ALAM). जन्मतिथि-06.05.1992, पिता- मो. सफीक (MD SAFIK), ग्राम बहुआरा, थाना-औरंगाबाद मुफसिल, पो०- रजोई, जिला-औरंगाबाद (बिहार) का निवासी हूं। शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार नं.- 3332 0053 9692 है।
मेरा पासपोर्ट नं.-N6675819 है जिस पर मेरा नाम MD RAFIQE ALAM और पिता का नाम MD SAFIQE ALAM और माता का नाम JULEKHA KHATOON अंकित है। मेरा नाम सभी प्रमाण पत्रों में MD RAFIK ALAM पिता का नाम MD SAFIK है जो सही है और इस नाम से अन्य कोई व्यक्ति नहीं मेरे गांव बहुआरा, थाना- औरंगाबाद मुफसिल, पो.- रजोई, जिला- औरंगाबाद (बिहार) में नहीं है।
यह शपथ पत्र भारत गणराज्य द्वारा निर्गत पोसपोर्ट में मेरा नाम एवं पिता का नाम सुधार करने एवं नवीकरण हेतु बनवा रहा हूं।
शपथपूर्वक बयान करता हूं कि सभी बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।
इस संबंध में नोटरी के समक्ष शपथ पत्र सं. 2693 दिनांक -7.10.2025 को दाखिल किया जा चुका है।

**शपथकर्ता**
**मो. रफीक आलम**

### बसपा प्रत्याशी विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल को जनसंपर्क अभियान में मिल रहा अपार समर्थन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** बसपा प्रत्याशी भभुआ विधान सभा 205 विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल द्वारा भभुआ प्रखंड के सिवो पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया जहां सिलौटा, हसनपुरा, कुकुराड़, सिकरा, जादूपुर, सैथा, सिवो इत्यादि गांवों में भ्रमण किया जहां सभी जगह जनता का अपार प्यार, समर्थन मिला रहा है। मौके पर उन्होंने कहां की जनता बदलाव चाहती है जनता का अपार समर्थन मिल रहा है मेरी पहली प्राथमिकता होगी क्षेत्र की जनता की बुनियादी समस्याओं का समाधान करना एवं पंचायत में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता होगी। अभी भी बुनियादी सुविधाओं जनता कोसों दूर है। मौके पर बृजेश कुमार पीतांबर कुमार, मुकेश कुमार इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन में गड़बड़ी को लेकर बीआरसी कार्यालय में लगाई गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय सबार से है जहां इंटरमीडिएट छात्राओं के रजिस्ट्रेशन में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। बुधवार को दर्जनों छात्र-छात्राएं रामपुर बीआरसी कार्यालय पहुंचे और इसकी शिकायत दर्ज कराई। छात्रों ने आरोप लगाया कि वे नियमित रूप से विद्यालय में पढ़ाई करते हैं, लेकिन उनके रजिस्ट्रेशन फॉर्म में 'रेगुलर' की जगह 'प्राइवेट' कोटि भर दी गई है। कई छात्रों के नाम, फोटो, जन्मतिथि, विषय और विद्यालय का नाम भी गलत दर्ज किया गया है।

आर्ट्स की छात्राओं प्रीति कुमारी, रहीमा, रजवंती, काजल, कशिश और सिंधु सहित अन्य छात्रों ने बताया कि आर्ट्स संकाय में 80 छात्रों का नामांकन हुआ था जिनमें से केवल 68 का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इसी तरह साइंस संकाय में 40 में से मात्र चार छात्रों का ही पंजीकरण किया गया है। कुल 48 छात्रों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है। छात्रों का कहना है कि उन्होंने रजिस्ट्रेशन शुल्क विद्यालय के प्रधानाध्यापक ददन राम को जमा किया था, इसके बावजूद कई छात्रों का पंजीकरण नहीं हो सका जब इस संबंध में प्रधानाध्यापक से पूछा गया तो उन्होंने कथित तौर पर कहा कि 'प्राइवेट कोटि में परीक्षा दे देना, कोई दिक्कत नहीं होगी।'

छात्रों ने चिंता व्यक्त की है कि यदि यह गड़बड़ी दूर नहीं हुई तो वे परीक्षा से वंचित रह सकते हैं और उनका एक शैक्षणिक वर्ष बर्बाद हो जाएगा। प्रधानाध्यापक ददन राम ने फोन पर बताया कि वह इस समय पटना में बिहार बोर्ड कार्यालय में है और रजिस्ट्रेशन में हुई त्रुटियों को सुधारने का प्रयास कर रहे हैं।

### विधानसभा निर्वाचन कार्य में संबंधित पदाधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत 10 अक्तूबर से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के अवसर पर रोहतास जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर नियुक्त होने वाले पीठासीन पदाधिकारी / प्रथम मतदान पदाधिकारी/ द्वितीय मतदान पदाधिकारी/ तृतीय मतदान पदाधिकारी / मतदान माईक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण 10.10.2025 से प्रारम्भ है। मतदान कार्य में संलग्न होने वाले विभिन्न पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा बीमारी एवं अन्य कारणों का उल्लेख करते हुए बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के कार्य से मुक्त करने हेतु अनुरोध किया जा रहा है। वैसे मतदान पदाधिकारियों का चिकित्सीय जांच हेतु 18/10/25 से 19/10/25 तक 11 बजे पूर्वाह्न से समाहरणालय रोहतास के डीआरडीए सभागार में समिति के रूप में मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है जिसमें अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास को अध्यक्ष, सिविल सर्जन रोहतास को सदस्य, स्थापना उप समाहर्ता, रोहतास को सदस्य, जिला विकास पदाधिकारी, रोहतास को सदस्य के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। जिला निर्चाचन पदाधिकारी, रोहतास ने जिला कार्मिक प्रबंधन कोषांग रोहतास में प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों को निर्देश दिया है कि निर्धारित तिथि को मेडिकल बोर्ड के सदस्यों / चिकित्सकों को आवश्यक सहयोग करेंगे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०– 35 ऑफ 2025–26/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं०–22–डीडीयू–व०मं०इंजी०– I–25–26, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** बिक्रमगंज में आरपीएफ एस्कॉर्ट पार्टी के लिए 15 बिस्तरों वाले आरपीएफ बैरक का निर्माण और भभुआ स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट का नवीनीकरण। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** ₹10337163.74, **(iii) धरोहर राशि :** ₹201700.00, **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 29.10.2025 को 12:00 बजे तक, **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**

**नोट–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक**
**पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/1113/डीडीयू/इंजी०/टी/25–26/32**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.–36 ऑफ 2025–26/खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम एवं लोकेशनःनिविदा सं.–14–डीडीयू–व.मं.इंजी.– I I–25–26, एडीईएन/जपला के अंतर्गत जपला में आरपीएफ के लिए 30 बिस्तरों वाले बैरक का निर्माण। कार्य का अनुमानित लागतः ₹1,95,61,759.32, धरोहर राशिः 2,47,800/–,

कार्य का नाम एवं लोकेशनःनिविदा सं.–15 –डीडीयू–व.मं.इंजी.– I I–25–26, बीडी सेक्शन में सीआरओ के रोकथाम हेतु सोन नगर से अंकोरहा तक चारदीवारी का प्रावधान। कार्य का अनुमानित लागतः ₹3,65,98,201.95 धरोहर राशिः 3,33,000/–,

ई– निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 31.10.2025, Up-to 12:00 hrs. बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारीः www.ireps.gov.in

नोटः विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1101/डीडीयू/अभि./टी/25–26/36

# बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बड़हरा कोठी में प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** बिहार विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद मंगलवार को बड़हरा कोठी में प्रशासन ने सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च क्षेत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का हिस्सा था।



फ्लैग मार्च का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी कैलाशपति मिश्र एवं थानाध्यक्ष संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मार्च बड़हरा कोठी थाना परिसर से शुरू होकर बाजार क्षेत्र, कबूतरा स्थान चौक और प्रखंड मुख्यालय होते हुए पुनः थाना परिसर में समाप्त हुआ।

इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने नागरिकों से शांति बनाए रखने और आचार संहिता का पालन करने की अपील की। प्रखंड विकास पदाधिकारी कैलाशपति मिश्र ने कहा, 'आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। सभी राजनीतिक दलों और आम नागरिकों से अपेक्षा है कि वे निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करें और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करें।'

थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि चुनावी माहौल को तनावमुक्त बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था भंग करने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।फ्लैग मार्च में पुलिस बल के जवानों के साथ प्रशासनिक पदाधिकारी और स्थानीय थानाकर्मी भी शामिल रहे, जिन्होंने लोगों को मतदान के दौरान सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए जागरूक किया। यह अभियान दशार्ता है कि चुनाव केवल मतदान तक सीमित नहीं है, बल्कि सुरक्षा, अनुशासन और लोकतांत्रिक जागरूकता के माध्यम से ही इसे सफल बनाया जा सकता है।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए एमसीसी एवं व्यय कार्यशाला

**पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।**बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को महानंदा सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सभी प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता (MCC) और निर्वाचन व्यय से संबंधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि अभ्यर्थियों को दैनिक व्यय रजिस्टर, नकद और बैंक रजिस्टर में खर्च का लेखा-जोखा दर्ज करना अनिवार्य है और इसे कम से कम तीन बार पर्यवेक्षक के समक्ष जाँच कराना होगा। सत्र में RPA Act 1951, निर्वाचन नियमावली 1961 और BNS 2023 के प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रत्येक उम्मीदवार को चुनाव से संबंधित खर्च के लिए नया बैंक खाता खोलना आवश्यक है, और अधिकतम व्यय सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि अभ्यर्थी अपने खर्चों का लेखा-जोखा पूरी पारदर्शिता और नियमों के अनुसार रखें।

## सांसद पप्पू यादव का चुनौतीपूर्ण संदेश

# राजद दिखाए बड़ा दिल, सीटें बांटे गठबंधन में

■ 'कांग्रेस के बिना इंडिया गठबंधन का कोई अस्तित्व नहीं'- सांसद पप्पू यादव ने सभी दलों को समझौते का किया आग्रह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** महागठबंधन में सीट बंटवारे और नेतृत्व को लेकर सांसद पप्पू यादव ने स्पष्ट और चुनौतीपूर्ण संदेश दिया है। पूर्णिया में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि अगर राजद नेतृत्व की बात कर रही है, तो उसे सिर्फ अपने हित नहीं बल्कि गठबंधन की सफलता को प्राथमिकता देनी होगी।

सांसद श्री यादव ने सुझाव दिया कि राजद को 100 से कम सीटें लेकर बाकी सीटें कांग्रेस, माले और वीआईपी में साझा करनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस के बिना इंडिया गठबंधन अधूरा है और इसकी मजबूती के लिए सभी दलों को समझौता और सहयोग करना अनिवार्य है।सांसद ने यह भी चेतावनी दी कि यदि दल व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं में उलझे रहेंगे तो गठबंधन में तनाव बढ़ सकता है और चुनावी समर कमजोर पड़ सकता है। उन्होंने कहा, 'राजद अगर बड़ी सोच के साथ अन्य दलों के हितों का सम्मान करेगी, तभी महागठबंधन जनता में विश्वास बनाए रख सकेगा।'



पप्पू यादव का यह बयान गठबंधन के अंदर सीट बंटवारे को लेकर चल रही अटकलों पर सीधे प्रतिक्रिया के रूप में आया है। उनका स्पष्ट संदेश यह है कि महागठबंधन केवल एकजुटता और समझौते के दम पर ही आगामी चुनाव में सफलता पा सकता है।

## जन वितरण प्रणाली के विक्रेता की आकस्मिक मौत से समाज में शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**केनगर/पूर्णिया।** प्रखंड के परोरा पंचायत अंतर्गत मिल्की टोल में जन वितरण प्रणाली के 50 वर्षीय विक्रेता का मंगलवार की रात हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। समाज में हमेशा मिलनसार और सहयोगी छवि वाले इस व्यक्ति को लोग एक उज्जवल, भरोसेमंद नागरिक के रूप में देखते थे। उनका व्यवहार ऐसा था जैसे कोई दरिया—शांत, स्थिर और जीवन देने वाला।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात ताश खेलते समय उनकी तबियत अचानक बिगड़ी। परिजन उन्हें इलाज के लिए जीएमसीएच, पूर्णिया ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनका निधन हो गया। केनगर डीलर संघ के सचिव रमेश पोद्दार, अध्यक्ष अमरेंद्र महतो, अजय भगत सहित प्रखंड क्षेत्र के कई डीलरों ने घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं निर्वाचन क्षेत्र संख्या 18 के जिला परिषद सदस्य देशबंधु उर्फ बुलबुल पासवान ने भी उनके आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। मृत्यु की इस अचानक खबर से मिल्की टोल और आसपास के ग्रामीणों में शोक की लहर फैल गई है। सभी लोग इस विश्वासपात्र और मिलनसार व्यक्ति के अचानक चले जाने से सदमे में हैं। समाज के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है।

## पूर्णिया सदर : भाजपा के संभावित चेहरे को लेकर सियासी हलचल तेज

**पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियाँ जोरों पर हैं और भाजपा के संभावित उम्मीदवारों को लेकर सियासी हलचल लगातार बढ़ रही है। पिछले दो टर्म से विधायक रहे विजय खेमका की स्थिति को लेकर पार्टी के अंदर चर्चा और अटकलें तेज हैं। सर्वे रिपोर्टों में उनके खिलाफ नकारात्मक संकेत मिलने से टिकट को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं और इसी बीच नया चेहरा सामने आने की संभावना ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। ऐसे समय में वर्तमान मुखिया अंगद मंडल का नाम सबसे अधिक चर्चा में है और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की नजरों में यह नाम सबसे भरोसेमंद विकल्प माना जा रहा है।

# मुख्यालय से बीएलओ को सौंपी गई वोटर लिस्ट की फाइनल प्रति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** विधानसभा चुनाव की तैयारी के तहत बुधवार को मुख्यालय स्थित विधानसभा चुनाव कार्यालय परिसर में बनमनखी एवं रूपौली विधानसभा क्षेत्र के कुल 164 बीएलओ को वोटर लिस्ट 2025 की फाइनल प्रति सौंपी गई।

इस अवसर पर प्रतिनियुक्त चुनाव कर्मी प्रशांत कुमार, राजकुमार सिंह एवं नितीश कुमार सिन्हा द्वारा मो. गुफरान, सुधाकर नारायण सिंह, गौतम गोविन्दा, सुमित कुमार समेत सभी बीएलओ को क्रमवार फाइनल वोटर लिस्ट प्रदान की गई।सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) कैलाशपति मिश्र ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को अद्यतन कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव से 10 दिन पहले तक नए मतदाता अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वा सकते हैं, बशर्ते कि आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष पूरी हो चुकी हो। बीडीओ ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रह सके। उन्होंने कहा कि बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए समय पर और पारदर्शिता के साथ सभी कार्य सुनिश्चित किए जाएं।

**मतदाता सूची अद्यतन, अब भी नाम जुड़वाने का मौका : बीडीओ**



## पूर्णिया पुलिस की बड़ी सफलता : स्मैक के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** जिले में अपराध पर कड़ी नजर रखने वाले पूर्णिया पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। के0 हाट थाना की टीम ने गस्त के दौरान कुल 3.60 ग्राम स्मैक के साथ तीन अभियुक्तों को धर दबोचा।



गिरफ्तार अभियुक्तों में संजय कुमार साह (सा0 गर्ल्स स्कूल चौक), मो0 फजल और शशि कुमार (दोनों सा0 महबूब खां टोला) शामिल हैं। सभी अभियुक्त जिला पूर्णिया के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में एक और बड़ी सफलता है। थाना के0 हाट पुलिस की सतत निगरानी और मुस्तैदी ने अपराधियों को पकड़ने में मदद की।अधिकारियों ने कहा कि पुलिस की लगातार सफलताएँ कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में प्रशासन की प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं। जांच जारी है और आगे की कार्रवाई के तहत सभी पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की जा रही है।

## विभाग स्तरीय स्वावलंबी पूर्व छात्र सम्मेलन संपन्न

■ पुरातन छात्रों ने साझा किया अनुभव, समाज निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** सरस्वती विद्या मंदिर +2, श्रीनगर रोड, बाघमारा, पूर्णिया में विभाग स्तरीय स्वावलंबी पूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष सम्मेलन में सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर के वे भैया-बहन, जिन्होंने अपने अध्ययन पूर्ण कर आज विभिन्न क्षेत्रों में स्वावलंबन की राह पकड़ी है, अपनी व्यस्तताओं के बावजूद समय निकालकर अपने पूर्व विद्यालय पहुंचे।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन का कार्य विद्या भारती बिहार के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम जी, उत्तर बिहार के प्रदेश सचिव रामलाल सिंह, विद्यालय सचिव अजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह, संकुल प्रमुख बिंदेश्वरी महतो, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. दीपक एवं विभाग के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव, लोक शिक्षा समिति, बिहार रामलाल सिंह ने सम्मेलन की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कहा कि 'समाज जागरण की दिशा में हमारे पूर्व छात्र अग्रणी भूमिका निभाएं, यही अपेक्षा है। हमारे पुरातन भैया-बहन वर्तमान छात्रों के मार्गदर्शक बनें और उन्हें जीवन मूल्यों से जोड़े रखें।' क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'हमारे पुरातन छात्रों के बल पर ही भारत पुनः विश्वगुरु बनने की राह पर अग्रसर होगा। समाज के प्रत्येक क्षेत्र में विद्यालय के पूर्व छात्र अपनी छाप छोड़ रहे हैं, यह विद्या भारती की दीर्घकालिक साधना का परिणाम है।' सम्मेलन के दौरान पूर्व छात्रों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय में प्राप्त संस्कारों को जीवन में मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, पत्रकार, व्यवसायी एवं समाजसेवा से जुड़े अनेक भैया-बहनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। धन्यवाद ज्ञापन स्थानीय विद्यालय के सचिव अजय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी आचार्य, दीदीजी एवं कर्मीगण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन का आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में किया गया।

# विधानसभा चुनाव से पहले फ्लैग मार्च पुलिस ने दिया शांति व सुरक्षा का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**केनगर/पूर्णिया।** विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से केनगर पुलिस ने बुधवार की शाम थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च नागरिकों के बीच अमन-चैन और निर्भयता का संदेश पहुंचाने के लिए आयोजित किया गया।

एसडीपीओ सदर-2 राजेश कुमार की अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्र के मुख्य चौक और गलियों का भ्रमण किया। राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस की सक्रियता पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। कुछ लोगों ने कहा, 'पुलिस का यह कदम हमारे लिए सुरक्षा की भावना बढ़ाने वाला है। चुनाव के समय ऐसा सतर्क माहौल बहुत जरूरी है।' थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने कहा कि पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है और किसी भी असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। थाना अधिकारी ने यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र में नियमित गश्त और फ्लैग मार्च जारी रहेगा, ताकि हर नागरिक सुरक्षित महसूस कर सके।



# निष्पक्ष चुनाव को लेकर एसडीएम ने की सेक्टर अधिकारियों के साथ बैठक

■ बूथों का पुनः सत्यापन और मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बनमनखी /पूर्णिया।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को अनुमंडल कार्यालय के बैठक कक्ष में निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने सभी सेक्टर अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में एसडीएम ने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी सेक्टर अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के सभी बूथों का सघन निरीक्षण करें और जहां कहीं भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है, उसकी तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने यह भी निर्देश दिया कि सभी बूथों का पुनः सत्यापन कर यह सुनिश्चित किया जाए कि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें। बैठक में सभी सेक्टर अधिकारी मौजूद रहे।



## रूपौली-बनमनखी विधानसभा सीट पर जीत सुनिश्चित करने का लिया संकल्प

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन ने अपनी रणनीति को तेज कर दिया है। इसी क्रम में मंगलवार अपराह्न तीन बजे बड़हरा कोठी धर्मशाला प्रांगण में गठबंधन के घटक दल राजद, कांग्रेस, वीआईपी, माले एवं सांसद पप्पू यादव के समर्थकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सह सांसद निगरानी समिति अध्यक्ष नरेश मोहन मंडल ने की। बैठक में रूपौली एवं बनमनखी विधानसभा क्षेत्र की जीत सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर जनता को दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना ही इस चुनाव का मुख्य लक्ष्य होगा।

# लालटोली पुल का एप्रोच दोबारा ध्वस्त, आवागमन ठप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अमौर/पूर्णिया।** कनकई नदी में जलस्तर घटने के साथ ही कटाव की रफ्तार तेज हो गई है। इसी क्रम में रंगरैया लालटोली पंचायत स्थित लालटोली पुल का एप्रोच दूसरी बार ध्वस्त हो गया, जिससे ग्रामीणों की परेशानी दोगुनी हो गई है। पुल का एप्रोच टूट जाने के कारण आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है और कई गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से पूरी तरह कट गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2017 में यह पुल बनकर तैयार हुआ था। उस वक्त ही ग्रामीणों ने इंजीनियरों और अधिकारियों को चेताया था कि कनकई और दास नदी की धाराएं पुल से कुछ दूरी पर जाकर मिलती हैं, जिससे कटाव की संभावना बनी रहती है। उन्होंने पुल की लंबाई बढ़ाने और पाया को सुदृढ़ करने की मांग की थी। मगर अधिकारियों ने उस चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया, जिसका नतीजा हर साल सामने आ रहा है। हर वर्ष बाढ़ का पानी घटते ही पुल का एप्रोच कटाव की भेंट चढ़ जाता है और हजारों लोगों की आवाजाही प्रभावित होती है। पिछले वर्ष की बाढ़ में पुल का पूर्वी हिस्सा और उससे सटी सड़क का एक भाग पूरी तरह ध्वस्त हो गया था, जिसे ग्रामीणों और प्रशासन के प्रयास से काफी मशक्कत के बाद चालू किया जा सका था। इस वर्ष भी बाढ़ का पानी उतरते ही कटाव फिर से सक्रिय हो गया और पुल का पूर्वी भाग दोबारा नदी में विलीन हो गया।आवागमन ठप हो जाने से लालटोली, रंगरैया, दास टोली, और आसपास के गांवों के लोग प्रशासन से त्वरित मरम्मत और स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अबकी बार यदि स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो यह पुल किसी भी समय पूरी तरह नदी में समा सकता है। मांग करने वालों में रफीक, सलाम, मुजफ्फर, नौशाद, नूर सलाम, ऐयाज, नॉरेज, गुलरेज, अब्दुल वाहिद, मोहम्मद सलीम, दिलबर, मोहम्मद नौशाद आलम, हजलुर रहमान, हरमुज, जाहिद, मोहम्मद अब्दुल कलाम सहित अनेक ग्रामीण शामिल हैं।



## बचपन खतरे में : जहरीले कफ सिरप पर पूर्णिया के डॉ. एके गुप्ता का अलर्ट

■ पूर्णिया में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बच्चों की सुरक्षा और जागरूकता को लेकर गंभीर चेतावनी दी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** देश के कई राज्यों में जहरीले कफ सिरप के सेवन से मासूम बच्चों की मौत की खबरों ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में सामने आए ये दुखद मामले बच्चों की सुरक्षा, दवा वितरण और स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

पूर्णिया के वरिष्ठ सर्जन और समाजसेवी डॉ. एके गुप्ता ने इस घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 'अन्य राज्यों में हुई यह भयावह त्रासदी हमें याद दिलाती है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि राज्यभर में बिकने वाली कफ सिरप और अन्य बच्चों की दवाओं की सघन जांच कराए और संदिग्ध बैच तुरंत बाजार से वापस बुलाए जाएं।' डॉ. गुप्ता ने माता-पिता से भी सतर्क रहने की अपील की और कहा कि 'दवा खरीदते समय केवल प्रमाणित कंपनियों के उत्पाद ही लें और उनकी पैकेजिंग पर बैच नंबर और एक्सपायरी डेट की जांच करना न भूलें। बिना डॉक्टर की सलाह बच्चों को कोई सिरप या दवा न दें, और किसी भी असामान्य प्रतिक्रिया की स्थिति में तुरंत नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें। माता-पिता, परिवार और समाज के सभी लोग बच्चों की सुरक्षा और दवा के इस्तेमाल को लेकर सजग और जागरूक रहें।' उन्होंने बताया कि जहरीले तत्व जैसे



'डायथिलीन ग्लाइकॉल' या 'एथिलीन ग्लाइकॉल' बच्चों के गुर्दे और तंत्रिका तंत्र पर गंभीर असर डाल सकते हैं और समय रहते इलाज न मिलने पर यह स्थिति मृत्यु का कारण भी बन सकती है। डॉ. गुप्ता ने आगे कहा कि 'यह केवल स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि समाज की संवेदनशीलता की परीक्षा भी है। प्रशासन को चाहिए कि दवा वितरण प्रणाली की निगरानी कड़ी करे और संभावित खतरे को समय रहते दूर करे। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को केवल लाइसेंसधारी दुकानों से प्रमाणित दवा ही दें और किसी भी असामान्य लक्षण पर तुरंत अस्पताल पहुंचें। सतर्कता ही सुरक्षा की पहली शर्त है।' पूर्णिया में फिलहाल इस तरह की घटनाओं की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि जागरूकता और समय पर चेतावनी ही भविष्य में ऐसी त्रासदी से बचने का सबसे बड़ा हथियार है। डॉ. गुप्ता का यह बयान न केवल बच्चों की सुरक्षा पर चिंता को उजागर करता है, बल्कि पूरे समाज को सतर्क रहने और समय पर कदम उठाने की चुनौती भी देता है।

# पोषण माह के तहत बच्चों का वजन व ऊंचाई मापने हेतु विशेष अभियान शुरू

**स्थानीय पौष्टिक आहार अपनाकर करें कुपोषण पर वार : सीडीपीओ**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर जिले में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की ऊंचाई और वजन मापने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान गर्भवती एवं धात्री माताओं को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भोजन पकाने की विधि सहित स्थानीय व्यंजनों के उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है।



इसी क्रम में कसबा प्रखंड के मलहरिया पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 180 पर गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आईसीडीएस सीडीपीओ कुमारी बसंती पासवान एवं महिला पर्यवेक्षिका मनीषा कुमारी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करते हुए मां एवं शिशु के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु आवश्यक पोषण संबंधी जानकारी दी।

**कुपोषण छोड़ें, पोषण की ओर- थामें क्षेत्रीय भोजन की डोर : सीडीपीओ**

सीडीपीओ कुमारी बसंती पासवान ने कहा कि 'स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन ही कुपोषण से लड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम है।' उन्होंने बताया कि पोषण माह के तहत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सेविका, आशा व एएनएम के संयुक्त समन्वय से अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन, ऊंचाई और लंबाई की माप ली जाएगी ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि कौन-से बच्चे सामान्य, कुपोषित या अतिकुपोषित श्रेणी में आते हैं।

**गुणात्मक सुधार के साथ सेवाओं में पारदर्शिता जरूरी : सीडीपीओ**

कुमारी बसंती पासवान ने आगे कहा कि 'पोषण अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामुदायिक जनांदोलन है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा दी जा रही सेवाओं में गुणात्मक सुधार करते हुए स्थानीय आहार और पारंपरिक भोजन पद्धतियों को बढ़ावा देना जरूरी है। यही प्रयास मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करेगा।

**गोद भराई कार्यक्रम में पोषण संबंधी परामर्श**

इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका मनीषा कुमारी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण काल में अपने क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं महिला चिकित्सक के संपर्क में रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि 'गर्भावस्था के दौरान शरीर में कई परिवर्तन होते हैं, ऐसे में संतुलित व पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक है।' उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाईड्रेट एवं वसा युक्त पदार्थों को शामिल करना चाहिए ताकि मां और शिशु दोनों का स्वास्थ्य सुदृढ़ रह सके।

# मतदाताओं को प्रलोभन देने वालों पर करें सख्त कार्रवाई : श्रीकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिले के सभी प्रवर्तन अभिकरण के पदाधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपादन को लेकर चर्चा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी एजेंसियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, नगद लेन-देन, शराब, मादक पदार्थ, उपहार, अथवा मतदाताओं को प्रलोभन देने के प्रयासों पर तुरंत और प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चेकपोस्ट, थाना क्षेत्र एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सघन निगरानी रखी जाए तथा जिले की सभी सीमाओं पर 24 घंटे नाका चेकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। इसके अतिरिक्त फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफएसटी), स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी), वीडियो सर्विलांस टीम (वीएसटी) एवं वीडियो व्यूइंग टीम (वीवीटी) को निरंतर सक्रिय रखते हुए प्रत्येक शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि व्यय निगरानी दल सभी प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों के व्यय लेखे की गहन समीक्षा करें एवं किसी प्रकार की अपारदर्शिता या अनियमितता पाए जाने पर उसकी रिपोर्ट तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजें। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक समाचार, अफवाह एवं पैड न्यूज पर भी सतर्क निगरानी रखने हेतु एमसीएमसी को सक्रिय रहने का निर्देश दिया। अंत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी एजेंसियों को निर्देशित किया कि पारस्परिक समन्वय एवं सतत संवाद बनाए रखते हुए निर्वाचन कार्यों को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ संपादित करें ताकि औरंगाबाद जिला निष्पक्ष एवं आदर्श निर्वाचन के संचालन में राज्य स्तर पर एक उदाहरण प्रस्तुत कर सके। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह, उत्पाद अधीक्षक, वाणिज्यकर सहित अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एनटीपीसी ने ग्रामीण बालिकाओं को किया जागरूक





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के बारून एवं नवीनगर प्रखंड की सीमा पर अवस्थित नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की ओर से ग्रामीण बालिकाओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया। नबीनगर के शिवनपुर उच्च विद्यालय में एनटीपीसी नबीनगर के स्वास्थ्य विभाग एवं स्वरा महिला संघ द्वारा इस जागरूकता सत्र का संचालन किया गया। महिला स्वास्थ्य, माहवारी एवं व्यक्तिगत स्वच्छता पर केंद्रित इस जागरूकता अभियान में विद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस सत्र के दौरान एनटीपीसी नबीनगर अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी संगीता शर्मा द्वारा व्याख्यान दिया गया। साथ ही बालिकाओं के सवालों को सुनकर उनके संदेहों का समाधान किया गया। इस मौके पर स्वरा महिला संघ द्वारा बालिकाओं को माहवारी एवं व्यक्तिगत स्वच्छता सामग्री भी प्रदान की गई। यह विशेष जागरूकता सत्र एनटीपीसी द्वारा 'आवाहन नीति' एवं 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में स्वरा महिला संघ की अध्यक्षा आरती बेहेरा समेत संघ की अन्य वरिष्ठ सदस्याएँ भी उपस्थित रहीं। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी नबीनगर अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम एवं नैगम सामाजिक दायित्व के तहत परियोजना से सटे क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मारपीट के दौरान एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज़ के दौरान पटना के एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के अरंडा की है। मृतक की पहचान मुन्ना साव के रूप में की गई है। घटना को लेकर दाउदनगर एसडीपीओ अशोक दास ने बताया कि पड़ोसियों से मारपीट में मुन्ना जख्मी हो गया था। परिजनों द्वारा आनन-फानन में मुन्ना को अनुमंडल अस्पताल दाउदनगर में भर्ती करवाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजनों द्वारा मुन्ना को पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां इलाज़ के दौरान मुन्ना की मौत हो गई। परिजन शव लेकर सदर अस्पताल औरंगाबाद पहुंचे। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया के उपरांत शव का पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ से यह भी पता चला कि परिजनों ने चिकित्सक को मारपीट के घटना की जानकारी नहीं दी थी। बल्कि उन्होंने मुन्ना के आंत में इंफ़ेक्शन होने की बात बताया। स्थिति की गंभीरता के आधार पर चिकित्सकों ने पटना रेफर किया जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मतदान कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण आज से

## औरंगाबाद में 11 नवंबर को होगा मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव की तिथि निर्धारित कर दी गई है। औरंगाबाद जिला में चुनाव आयोग के द्वारा मतदान की तिथि 11 नवंबर निर्धारित की गई है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा चुनाव आयोग के कॉम्पीडियम में वर्णित मार्ग निर्देशिका तथा मानक के अनुसार चुनाव के सफल आयोजन एवं चुनाव से जुड़े हुए सभी को प्रशिक्षण देने के क्रम में प्रशिक्षण का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। प्रशिक्षण शेड्यूल की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी रितेश कुमार ने बताया कि मतदान कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण का कार्यक्रम 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन पदाधिकारी सभी मतदान पदाधिकारी एवं चुनाव हेतु प्रतिनियुक्ति सभी पदाधिकारी एवं कर्मी भाग लेंगे। पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए सभी मतदान कर्मी भी इस प्रशिक्षण में भाग लेंगे। नोडल पदाधिकारी रितेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का आयोजन अंबिका पब्लिक स्कूल, करमा रोड, अनुग्रह इंटर विद्यालय (गेट स्कूल), डी ए वी पब्लिक स्कूल जूनियर ब्रांच दानी बिगहा, संत इग्नियस स्कूल (मिशन स्कूल), सरस्वती शिशु विद्या मंदिर एवं राजर्षि विद्या मंदिर में मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। नोडल पदाधिकारी रितेश कुमार ने बताया कि मतदान कर्मियों की ट्रेनिंग उक्त तिथि को प्रथम पाली में पूर्वाह्न 10 बजे से 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2 से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। बीएल इंडो पब्लिक स्कूल एवं राम लखन सिंह यादव कॉलेज में आहूत प्रशिक्षण को डी ए वी पब्लिक स्कूल जूनियर ब्रांच दानी बीघा में स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रशिक्षण से संबंधित पत्रों को सभी कर्मियों और उनके कार्यालय प्रधान को प्रेषित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा चुकी है।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 20 गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 20 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 15 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 1, शराब के शीर्ष कांडों में 7 एवं अन्य शीर्ष कांड में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1080 वाहनों की जांच की गई जिसमें 43500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 49.7 लीटर देसी शराब एवं एक बाइक जब्त किया गया है। वहीं वारंट निष्पादन की संख्या 16 है।

# ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार के नरसन रोड में बुधवार की दोपहर बाइक दुर्घटना में महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान जखौरा गांव निवासी रमेश यादव की पत्नी गायत्री देवी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार महिला बाइक द्वारा अपने भतीजा मनोज कुमार के साथ हसपुरा बैंक में किसी काम को लेकर आई हुई थी। साथ में रहे भतीजा मनोज कुमार के फर्द बयान के अनुसार वे दोनों वापस अपने गांव जा रहे थे। इसी क्रम में नरसन रोड कुटिया के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला उछलकर सड़क पर गिर गई। महिला के गिरते ही ट्रैक्टर का पिछला चक्का उसके शरीर के ऊपर से गुजर गया। आनन फानन में आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से महिला को हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना बहुत भयावह थी। बाईक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। सूचना मिलते ही हसपुरा थाना के एसआई बच्चू खलीफा दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त बाईक व ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# नदी में डूबने से बच्चे की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नदी में डूबने से 6 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है। घटना रिसियप थाना क्षेत्र के बभंडीह गांव की हैं। मृतक यहां अपने बुआ ललिता देवी के घर पर रहता था। वैसे मृतक कुटुंबा थाना क्षेत्र के दुधमी गांव निवासी उदय राम के पुत्र रौकित कुमार है। मंगलवार को पड़ोस के रहने वाले अन्य बच्चों के साथ नदी के किनारे खेल रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गया। गहराई अधिक होने के कारण डूब कर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद उसके साथ खेल रहे अन्य बच्चे अपने-अपने घर चले गए। जब काफी देर के बाद भी वह घर नहीं पहुंचा तो उसकी बुआ उसे ढूंढते हुए नदी की ओर गई। जब वह नहीं मिला तो उसके साथ खेल रहे बच्चों से पूछताछ की गई। पड़ोस की रहने वाली एक बच्ची ने बताया कि वह खेलते-खेलते नदी में गिर गया था। इसके बाद हम लोग भाग गए थे। परिजन ने नदी में ढूंढना शुरू किया। शाम हो गई। अंधेरा होने के कारण उसका शव नहीं मिल सका। दूसरे दिन बुधवार को काफी संख्या में लोग नदी में शव को ढूंढने निकले। इस क्रम में घटनास्थल से लगभग 8 किलोमीटर दूर मटिहानी बांध के पास से मासूम का शव बरामद किया गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजीत राम दलबल के साथ वहां पहुंचे और शव को अपने कब्जे में ले लिया। रौकित की बुआ ललिता देवी ने बताया कि रौकित की मां अक्सर बीमार रहती थी जिसके कारण वह रौकित को अपने पास रख कर लालन-पालन करती थी। एक वर्ष पूर्व ही उसकी मां की मौत हो चुकी है। जबकि पिता किसी दूसरे प्रदेश में मजदूरी का काम करते हैं। रौकित की लगभग 18 महीने की एक छोटी बहन है। वह भी अपने बुआ के घर ही रहती है। स्थानीय लोगों ने सरकारी प्रावधान के अनुरूप मिलने वाली मुआवजा की राशि दिलाए जाने की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा जाएगा।

# सड़क का निर्माण कार्य अधूरा रहने से ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** प्रखंड के बनियां पंचायत के बनियां, मोती बिगहा और महादलित अंबेडकर नगर के बीच 500 मीटर रोड का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से आवागमन प्रभावित हो रहा हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। सड़क का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के तहत गकिया गया जिसमें संबंधित विभाग द्वारा बसावट के नाम पर करीब 500 मीटर रोड अधूरा छोड़ दिया गया। आधे अधूरे निर्माण कार्य से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रहा है। बनिया पंचायत समिति सदस्य बविता देवी एवं प्रतिनिधि संजीव कुमार सिंह ने जिलाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारी से इसकी शिकायत की है। अधूरे



कार्य को पूरा कराने की मांग की पर आज तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि यह रोड तीन पंचायतों बनिया, महुआवां, पिरथु को जोड़ता है। हजारों लोगों का इस रोड से सरोकार है। दो तरफ से रोड का पक्कीकरण कर दिया गया है पर बीच में ही कच्ची छोड़ दिया गया है।

# एसपी ने किया सूर्यकुंड तालाब का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए एसपी अम्बरीष राहुल ने देव थाना क्षेत्र में सुरक्षा और व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। एसपी ने देव में पार्किंग स्थल, अवासान स्थल और छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इन निर्देशों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से पर्व संपन्न हो सके। बताया कि छठ घाटों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती, विशेषकर जल-क्षेत्रों में निगरानी होगी। वहीं पार्किंग स्थलों से छठ घाटों तक सुगम आवागमन



सुनिश्चित करने के लिए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करना और वाहनों के लिए स्पष्ट मार्ग निर्धारित करना है। वहीं दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए अस्थायी ठहरने के स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा की गारंटी देना होगा। बताया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने को निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि छठ पूजा लाखों लोगों की आस्था का प्रतीक है और जिला पुलिस इसके सफल एवं सुरक्षित आयोजन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाने और श्रद्धालुओं के प्रति सहयोगपूर्ण रवैया रखने का निर्देश दिया। यह समीक्षा छठ महापर्व से पहले पुलिस प्रशासन की तैयारियों को दर्शाती है, जिसका लक्ष्य देव में उमड़ने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

# सोन नदी में डूबने से ट्रैक्टर चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र में भैंस चराने निकले ट्रैक्टर चालक की सोन नदी में डूब कर मौत हो गई। मृतक की पहचान वार्ड संख्या-8 नालबंद टोली निवासी जनार्दन यादव के बेटे 45 वर्षीय सुरेंद्र यादव के रूप में की गई। मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे वे अपनी भैंसों को चराने सोन नदी की ओर गए थे जहां उनका पैर फिसल गया और वह नदी में जा गिरे। गहराई अधिक होने के कारण डूबकर उनकी मौत हो गई। जब काफी देर तक वे घर नहीं लौटे तो परिजनों और आसपास के लोगों को चिंता हुई। उनके भतीजों समेत कई लोग रात में ही उनकी खोजबीन में जुट गए लेकिन कोई पता नहीं चला। बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे स्थानीय लोगों ने नदी के पानी में एक शव को उपलाते देखा। इसके बाद घटना की सूचना दाउदनगर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवा कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सच्चिदानंद सिन्हा कालेज में वोटर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं महाविद्यालय समुदाय को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में लोकतंत्र में मतदान की भूमिका को रेखांकित किया और छात्रों को भविष्य में जागरूक मतदाता बनने की प्रेरणा दी एवं लोकतंत्र, मतदान का महत्व और निष्पक्ष चुनाव जैसे विषयों पर चर्चा की। अंत में प्राचार्य ने 'मतदाता बनने की प्रक्रिया' पर जानकारी साझा की और युवाओं से अपील की कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने



पर वे अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और सभी के मतदान की शपथ के साथ हुआ। प्राचार्य ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। मौके पर एनसीसी के छात्र-छात्राएं, डॉ श्रुति, नीतू सिंह, सुशोभन आनंद, अवधेश कुमार, डॉली कुमारी, अनिल कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, अमित रंजन, नेहा कुमारी, बहादुर भीम कुमार सिंह, शशिकांत कुमार, मनजीत कुमार, एनसीसी सिटीओ, प्रवीण दुबे, निशा शर्मा, पप्पू सिंह, राहुल कुमार सिंह, नंदलाल एवं शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद रहे।

# बैंककर्मियों की दो दिवसीय हड़ताल आज से

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स फ़ेडरेशन और अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ के आह्वान पर बैंककर्मी 9और 10 अक्तूबर को दो दिन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। यह जानकारी औरंगाबाद अंचल सचिव अखिलेश कुमार ने दी है। पहले दिन बैंककर्मी भारत सरकार से बैंकिंग उद्योग के लिए सभी शनिवार को अवकाश घोषित करने की मांग करेंगे। संघों का कहना है कि इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बीच आठ मार्च 2024 को हुए नौवें संयुक्त समझौते में यह तय किया गया था कि सभी शनिवार को छुट्टी घोषित की जायेगी। बावजूद सरकार की ओर से अभी तक अनुमति नहीं दी गयी है।

# दुर्घटना में जख्मी युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सड़क दुर्घटना में जख्मी राजमिस्त्री की बुधवार को इलाज़ के दौरान मौत हो गई। घटना 5 दिन पहले कुटुंबा थाना क्षेत्र के लभरी खुर्द गांव के समीप एनएच-139 पर हुई थी। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के नेउरा गांव निवासी कलेक्टर पासवान के बेटे 45 वर्षीय रामप्रवेश पासवान के रूप में की गई। ग्रामीण मुन्ना पासवान ने बताया कि दशहरा का मेला घूम कर घर लौटने के दौरान तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने से रामप्रवेश जख्मी हो गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां दो दिनों तक उसका इलाज चला। इसके बाद उसे घर लाया गया। मंगलवार की रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद परिजन इलाज के लिए जमुहार ले जा रहे थे इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093

# हाइटेंशन तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह।** गोह प्रखंड के नीमा गांव के बधार में गिरे हाइटेंशन तार की चपेट में आने से 50 वर्षीय मजदूर की मौत हो गयी। मृतक की पहचान नीमा गांव निवासी दीपा यादव के पुत्र छोटन यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार छोटन यादव बुधवार की दोपहर घास लाने के लिए बधार गया था। बधार में पहले से टूटकर तार गिरा था, जिसे देख नहीं सका और उसका पैर तार पर पड़ गया। क्षण भर में उसके शरीर में करेंट का प्रवाह हो गया। इसके बाद झुलस कर अचेत हो गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण गजेंद्र यादव, शिव मोहन यादव, दरुल यादव, सुभाष यादव, बिनोद कुमार, राजा कुमार और चितरंजन कुमार मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह पहुंचाया। हालांकि वहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से जरूरी पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की और पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बधार में बिजली का तार कुछ घंटे पहले ही गिरा था, जिसकी सूचना बिजली विभाग को दी गयी थी। समय रहते उसे ठीक नहीं कराया गया। विभाग की इसी लापरवाही के कारण घटना हुई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। मुखिया प्रतिनिधि ईश्वर दयाल यादव अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। उन्होंने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है।